मंगलवार, 21 जुलाई 2026

मौसम

| | |
|---|---|
| तापमान | 26 – 29 |
| आर्द्रता | 86% |
| सूर्योदय: 05:03 | सूर्यास्त: 18:22 |

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, आषाढ़ शुक्लपक्ष अष्टमी, वि.स. 2083, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : मजे के लिए पैसा चाहिए और आनन्द के लिए परिवार चाहिए।



नीट मुद्दे पर लोकसभा में विपक्ष का हंगामा, पहले दिन नहीं चल सका प्रश्नकाल पृष्ठ 6




RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# टीएमसी ने सियासी लाभ के लिए 1993 की पुलिस गोलीबारी का इस्तेमाल किया : शुभेंदु अधिकारी

## मुख्यमंत्री ने ममता पर लगाया जांच रिपोर्ट छिपाने का आरोप

### शहीद दिवस की रैली से पहले मुख्यमंत्री ने विधानसभा में जांच आयोग की रिपोर्ट की पेश

### मुख्यमंत्री का ऐलान, शहीदों के परिजनों को 25 लाख एवं घायलों को पांच लाख मुआवजा देगी सरकार



**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने 1993 में हुई पुलिस गोलीबारी की जांच के लिये गठित जांच आयोग की रिपोर्ट सोमवार को विधानसभा में पेश की, इस गोलीबारी में युवा कांग्रेस के 13 कार्यकर्ताओं की मौत हो गई थी। मुख्यमंत्री ने पूर्ववर्ती तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार पर इस घटना का राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल करने और जांच आयोग के निष्कर्षों को दो साल तक दबाए रखने का आरोप लगाया। शुभेंदु अधिकारी ने तृणमूल द्वारा 21 जुलाई को हर साल आयोजित की जाने वाली रैली से एक दिन पहले न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) सुशांत चटर्जी आयोग की रिपोर्ट विधानसभा की पटल पर रखते हुए कहा कि ममता बनर्जी सरकार ने 2024 में रिपोर्ट मिलने के बावजूद न तो आयोग की कई अहम सिफारिशों को लागू किया और न ही रिपोर्ट को सार्वजनिक किया। शुभेंदु ने कहा कि आयोग ने मारे गए हर व्यक्ति के परिवार को 25 लाख रुपये और घायलों को पांच-पांच लाख रुपये मुआवजे की सिफारिश की थी। लेकिन, पूर्ववर्ती तृणमूल सरकार ने न तो इन सिफारिशों को लागू किया और न ही मुआवज़ा दिया। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि मारे गए लोगों के परिवारों को महज दो-दो लाख रुपये और घायलों को 15-15 हजार रुपये का मुआवजा मिला। उन्होंने घोषणा की कि पीड़ित परिवार नयी प्राथमिकी दर्ज करा सकते हैं और कहा कि मौजूदा भाजपा सरकार उनकी हर तरह की कानूनी मदद करेगी। शुभेंदु ने कहा कि उनकी सरकार मुख्यमंत्री राहत कोष से आयोग द्वारा अनुशंसित शेष मुआवजे की राशि का भुगतान करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि 21 जुलाई 1993 की घटना का राजनीतिक इस्तेमाल किया गया। कई लोगों ने इसके जरिए अपना राजनीतिक और निजी फायदा उठाया है। उन्होंने कहा कि जहां कुछ लोगों ने इस घटना का इस्तेमाल करके राजनीतिक पद हासिल किए और सत्ता का आनंद लिया, वहीं राज्य के लोगों को कभी यह नहीं बताया गया कि उस दिन असल में क्या हुआ था। शुभेंदु ने किसी का नाम लिए बिना आरोप लगाया कि कुछ नेताओं ने इस मुद्दे का इस्तेमाल अपनी निजी संपत्ति बनाने, विशेष विमानों में विदेश यात्रा करने और संपत्ति खरीदने के लिए किया, जबकि पीड़ितों के परिवारों को नजरअंदाज किया गया। शुभेंदु ने आयोग की रिपोर्ट के कुछ अंश पढ़कर सुनाते हुए कहा कि रिपोर्ट में यह निष्कर्ष निकाला गया है कि युवा कांग्रेस की रैली पर पुलिस की गोलीबारी की कोई जरूरत नहीं थी और बल प्रयोग को 'गैर-जरूरी, अनुचित और बिना उकसावे की' कार्रवाई करार दिया गया है। मुख्यमंत्री के मुताबिक, आयोग ने पाया कि प्रदर्शनकारियों के 'राइटर्स बिल्डिंग' (जो उस समय राज्य का सचिवालय था) में जबरन दाखिल होने की आशंका 'काल्पनिक' थी और मेयो रोड, डोरिना चौराहा और एस्प्लेनेड पर पुलिस की गोलीबारी पूरी तरह से गैर-जरूरी थी। शुभेंदु ने दावा किया कि आयोग ने पाया है कि घटना से जुड़े कई जरूरी दस्तावेज 'राइटर्स बिल्डिंग' से गायब हो गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्ववर्ती सरकार ने जांच के लिए दस्तावेज उपलब्ध कराने में 'नकारात्मक और उदासीन' रवैया अपनाया था। उन्होंने आयोग की कार्यवाही का जिक्र करते हुए सवाल किया कि ममता को बयान देने के लिए कभी क्यों नहीं बुलाया गया, जबकि आयोग ने 300 से अधिक लोगों से पूछताछ की थी। मुख्यमंत्री ने ममता बनर्जी को इस घटना का 'सबसे बड़ा गवाह' बताया। शुभेंदु ने आयोग के समक्ष रखे गए साक्ष्यों का संदर्भ देते हुए दावा किया कि पूर्व नेता प्रतिपक्ष पंकज बनर्जी को गवाह के तौर पर बुलाया गया था और उन्होंने गोलीबारी के लिए तत्कालीन गृह सचिव मनीष गुप्ता को जिम्मेदार ठहराया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाद में, वह (गुप्ता) तृणमूल सरकार में बिजली मंत्री बने। और ममता, जो इस घटना की सबसे बड़ी गवाह होने का दावा करती हैं, उन्हें आयोग ने कभी नहीं बुलाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आयोग ने 44 अहम गवाहों की एक सूची तैयार की थी, जिसमें गुप्ता, पूर्व मुख्यमंत्री बुद्धदेव भट्टाचार्य, कोलकाता पुलिस के पूर्व आयुक्त तुषार तालुकदार, वरिष्ठ वामपंथी नेता बिमान बोस और कांग्रेस के पूर्व नेता सोमेन मित्रा शामिल थे। उन्होंने सवाल किया लेकिन ममता बनर्जी से पूछताछ क्यों नहीं की गई। उल्लेखनीय है कि ममता सरकार ने 21 जुलाई, 1993 को राइटर्स बिल्डिंग्स की ओर मार्च कर रहे युवा कांग्रेस समर्थकों पर पुलिस की गोलीबारी की जांच के लिए 2011 में न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) सुशांत चटर्जी आयोग का गठन किया था। आयोग ने अपनी रिपोर्ट में आईपीएस के कई उन अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की सिफारिश की थी, जिन्होंने तत्कालीन वाम मोर्चा सरकार के दौरान अपनी राज्य में सेवा दी थी। हालांकि, यह रिपोर्ट कभी विधानसभा में पेश नहीं की गई और तत्कालीन तृणमूल सरकार ने इसकी सिफारिशों के क्रियान्वयन को लेकर भी कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी।

# राज्य में एक सितंबर से बंगाली भाषा में होगा सारा सरकारी कामकाज : शुभेंदु अधिकारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य सरकार एक सितंबर से सभी आधिकारिक पत्राचार बांग्ला भाषा में करेगी। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने सोमवार को राज्य विधानसभा में यह घोषणा की और सदन में अमित शाह का पत्र पढ़कर सुनाया, जिसमें भारतीय भाषाओं के अधिक से अधिक इस्तेमाल और उनके विकास के लिए कदम उठाने का सुझाव दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उन्हें लिखे एक पत्र में राज्य प्रशासन के हर स्तर पर बांग्ला भाषा के व्यापक उपयोग के लिए आवश्यक कदम उठाने का आग्रह किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक सितंबर से राज्य सरकार के हर स्तर पर बांग्ला भाषा का उपयोग अनिवार्य होगा। उन्होंने कहा कि हम केंद्र सरकार और अन्य राज्यों के साथ होने वाले सभी आधिकारिक पत्राचार में बांग्ला भाषा का इस्तेमाल करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र सरकार के साथ पत्राचार बांग्ला के साथ-साथ हिंदी में भी किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने यह भी घोषणा की कि राज्य सरकार बांग्ला भाषा के अधिक व्यापक इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए कदम उठाएगी। उन्होंने कहा कि सभी प्रकार के आधिकारिक पत्राचार में बांग्ला भाषा को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि राज्य के अपने तीन दिवसीय दौरे पर केंद्रीय गृह मंत्री ने उन्हें बांग्ला भाषा में एक पत्र लिखा था, जिसमें उन्होंने भाषा की विविधता पर भारतीय जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचारों पर प्रकाश डाला था। मुख्यमंत्री ने कहा कि शाह ने इस बात पर जोर दिया कि प्रशासन में लोगों का भरोसा और उनकी भागीदारी बढ़ाने के लिए प्राथमिकी, शिकायतें दर्ज करने, नागरिकों को जानकारी देने और जन-जागरूकता संदेशों में बांग्ला भाषा का व्यापक पैमाने पर इस्तेमाल किया जाना चाहिए। शुभेंदु अधिकारी ने घोषणा की कि राज्य में सभी आंतरिक सरकारी कार्यों में बांग्ला भाषा को प्राथमिकता दी जाएगी। इसमें आधिकारिक पत्राचार, अधिसूचनाएं, कार्यालय आदेश और अन्य प्रशासनिक संवाद भी शामिल होंगे। इस घोषणा के बाद विधानसभा अध्यक्ष रतींद्र बोस ने कहा कि पद संभालने के बाद से ही वह सदन की सभी कार्यवाही बांग्ला भाषा में संचालित करने की वकालत करते रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के समर्थन से विधानसभा की कार्यवाही में पहले ही बांग्ला भाषा का इस्तेमाल शुरू हो चुका है।

### विधानसभा में विधायकों के उठाए मुद्दों पर मंत्रियों को अब सात दिन के भीतर जवाब देना होगा

मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने सोमवार को कहा कि विधानसभा में विधायकों की ओर से किए गए अनुरोध और शिकायतों का निपटारा तय समयसीमा के भीतर किया जाना चाहिए। उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिया कि वे ऐसे मामलों पर सात दिन के भीतर जवाब दें। शुभेंदु ने कहा कि पूरी प्रक्रिया को मुख्यमंत्री कार्यालय की सीधी निगरानी में रखा जाएगा। राज्य विधानसभा के विस्तारित बजट सत्र के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि 'विशेष उल्लेख के समय' विधायकों द्वारा उठाए गए मुद्दे अब अनिश्चितकाल तक लंबित नहीं रहेंगे और हर प्रतिवेदन पर एक तय समयसीमा के भीतर कार्रवाई करनी होगी। नयी व्यवस्था के तहत, संबंधित विभाग को एक हफ़्ते के भीतर विधायक को लिखित जवाब भेजना होगा, जिसमें उठाए गए मामले पर राज्य सरकार का रुख़ बताया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि विभागों को सिर्फ यह कहने के बजाय कि कार्रवाई की जा रही है, यह भी बताना होगा कि काम किस समयसीमा के भीतर पूरा किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अगर किसी अनुरोध को स्वीकार नहीं किया जा सकता, तो विभाग को लिखित रूप में कारण बताने होंगे। शुभेंदु ने कहा कि नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए, हर विभाग के जवाब की एक प्रति मुख्यमंत्री कार्यालय में जमा करनी होगी। मैं खुद हर मामले की प्रगति पर नजर रखूंगा और यह पक्का करूंगा कि विधायक के अनुरोध पर सरकार का अंतिम फैसला तीन महीने के अंदर बता दिया जाए।

# पेट्रोल में एथनॉल मिश्रण को मौजूदा 20 प्रतिशत से बढ़ाने का नहीं लिया गया है निर्णय : गोपी

**नयी दिल्ली :** पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री सुरेश गोपी ने सोमवार को राज्यसभा में बताया कि सरकार ने पेट्रोल में एथनॉल मिश्रण को मौजूदा 20 प्रतिशत से बढ़ाने का अभी तक कोई फैसला नहीं किया है और भविष्य में इस संबंध में कोई भी निर्णय वैज्ञानिक अध्ययन और उद्योगों के साथ परामर्श के बाद लिया जाएगा। गोपी ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में उच्च सदन को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, ''अभी तक, पेट्रोल में एथनॉल मिश्रण को 20 प्रतिशत से अधिक बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा कोई निर्णय नहीं लिया गया है। विस्तृत वैज्ञानिक और तकनीकी अध्ययन और वाहन निर्माताओं, तेल विपणन कंपनियों एवं अनुसंधान संस्थानों सहित सभी हितधारकों के साथ परामर्श के बाद ही कोई भी कदम उठाया जाएगा।''

### टोल प्लाजा के 20 किमी. दायरे में रहने वाले लोग अब 'राजमार्गयात्रा' ऐप से खरीद सकेंगे स्थानीय पास (पृष्ठ 7)

### यूक्रेन बंदरगाह पर हमले में चार भारतीयों की मौत

**नयी दिल्ली :** यूक्रेन के ओडेसा बंदरगाह से रवाना हो रहे एक माल-वाहक जहाज पर हुए हमले में उस पर सवार चार भारतीय नागरिकों की मौत हो गई। विदेश मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। एम.वी. गोल्डन लियो नामक इस व्यापारिक जहाज पर चालक दल के 17 सदस्य सवार थे, जिनमें पांच भारतीय नागरिक शामिल थे। भारत ने इस हमले की निंदा करते हुए कहा कि वाणिज्यिक जहाजों को निशाना बनाना और निर्दोष नागरिक चालक दल के सदस्यों की जान खतरे में डालना ''निंदनीय है और इससे बचा जाना चाहिए।'' हालांकि, नयी दिल्ली ने यह स्पष्ट नहीं किया कि हमला किसने किया। विदेश मंत्रालय ने कहा कि यूक्रेन स्थित भारतीय दूतावास स्थिति पर लगातार नजर रखे हुए है और प्रभावित लोगों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने के प्रयास कर रहा है। मंत्रालय ने कहा, ''हम मृत भारतीय नागरिकों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं और घायल भारतीय नागरिक के शीघ्र एवं पूर्ण स्वस्थ होने की कामना करते हैं।''

# सरकार ने वृद्ध, विधवा एवं दिव्यांग भत्ते में 500 रुपये की बढ़ोतरी, अगस्त से होगा लागू

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य की नई सरकार ने राज्य बजट में किए गए अपने महत्वपूर्ण वादे पर मुहर लगाते हुए सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं में बढ़ोतरी का आधिकारिक आदेश जारी कर दिया है। राज्य के गरीब, निराश्रित और जरूरतमंद नागरिकों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के उद्देश्य से सामाजिक कल्याण पेंशन की मासिक राशि 1,000 से बढ़ाकर 1,500 कर दी गई है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा सोमवार को जारी अधिसूचना के अनुसार, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम और राज्य सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के लाभार्थियों को इस फैसले का सीधा फायदा मिलेगा। सरकार के इस बड़े फैसले के तहत निम्नलिखित तीन प्रमुख श्रेणियों के लाभार्थियों की मासिक राशि में 500 की वृद्धि की गई है, इनमें वृद्धावस्था भत्ता, विधवा भत्ता और दिव्यांग/प्रतिबंधी भत्ता शामिल है। सरकार ने अपनी अधिसूचना में समयसीमा को पूरी तरह से स्पष्ट कर दिया है। नई संशोधित दरें 1 अगस्त से पूरे राज्य में लागू कर दी जाएंगी। यह बढ़ा हुआ पैसा पूरी पारदर्शिता के साथ डाइरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के जरिए सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में भेजा जाएगा। अगस्त महीने की यह बढ़ी हुई मासिक पेंशन 1 सितंबर से सीधे लाभार्थियों के खाते में जमा होनी शुरू हो जाएगी।

# राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार डोभाल को एक अगस्त को मिलेगा लोकमान्य तिलक पुरस्कार



**पुणे :** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल को राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रतिष्ठित लोकमान्य तिलक पुरस्कार के लिए चुना गया है। तिलक स्मारक ट्रस्ट ने सोमवार को यह घोषणा की। ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. रोहित तिलक ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह एक अगस्त को पुणे में आयोजित समारोह में डोभाल को यह पुरस्कार प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस तथा उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और सुनेत्रा पवार के भी समारोह में शामिल होने की संभावना है। पुरस्कार समारोह पुणे के गुलटेकड़ी क्षेत्र स्थित महाराष्ट्रीय मंडल मैदान में आयोजित किया जाएगा। डोभाल (81) ने मिजोरम, सिक्किम, पंजाब और जम्मू कश्मीर जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाई हैं। उन्होंने इस्लामाबाद और लंदन स्थित भारतीय मिशन में राजनयिक दायित्व भी निभाए हैं। वह भारत के सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार हैं। डोभाल भारत-चीन सीमा वार्ता के लिए भारत के विशेष प्रतिनिधि भी रह चुके हैं। इसके अलावा, डोकलाम गतिरोध को समाप्त कराने में कूटनीतिक प्रयासों में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका मानी जाती है। लोकमान्य तिलक पुरस्कार की शुरुआत वर्ष 1983 में की गई थी। यह पुरस्कार सबसे पहले समाजवादी नेता एस. एम. जोशी को प्रदान किया गया था। यह पुरस्कार हर साल एक अगस्त को स्वतंत्रता सेनानी बाल गंगाधर तिलक की पुण्यतिथि पर उन व्यक्तियों को प्रदान किया जाता है, जिन्होंने राष्ट्र की प्रगति और विकास में उल्लेखनीय योगदान दिया है।




### त्रिपुरा के डीजीपी अनुराग धनकर ने कार्यालय में की आत्महत्या



**अगरतला :** त्रिपुरा के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अनुराग धनकर ने सोमवार को यहां पुलिस मुख्यालय स्थित अपने कार्यालय में कथित रूप से आत्महत्या कर ली। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 1994 बैच के भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी धनकर को तुरंत जी.बी. पंत अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अधिकारी ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने के बाद मुख्यमंत्री माणिक साहा और मुख्य सचिव जे. के. सिन्हा समेत राज्य सरकार के कई वरिष्ठ अधिकारी अस्पताल पहुंचे।

# क्या राम मंदिर चढ़ावा 'चोरी' की जांच के लिए एसआईटी बनाई जा सकती है: न्यायालय ने यूपी सरकार से पूछा



**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने अयोध्या के राम मंदिर के लिए मिले चढ़ावे में कथित हेराफेरी के मामले में सोमवार को उत्तर प्रदेश सरकार से पूछा कि क्या जांच स्थानीय पुलिस के बजाय विशेष जांच दल (एसआईटी) को सौंपी जा सकती है। अदालत ने याचिकाकर्ताओं को इस मामले का राजनीतिकरण नहीं करने की भी नसीहत दी। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से इस संबंध में सरकार का पक्ष रखने को कहा। पीठ ने स्पष्ट किया कि अदालत का उद्देश्य केवल निष्पक्ष और पारदर्शी जांच सुनिश्चित करना है। सीजेआई ने कहा, यह एक आपराधिक मामला है। कृपया इसे राजनीतिक रंग न दें। तुषार मेहता ने अदालत को बताया कि राज्य सरकार ने स्थिति रिपोर्ट दाखिल कर दी है और मामले की जांच जारी है। अब तक आठ लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जांच एसआईटी ने की थी, जिसने संज्ञेय अपराध पाए जाने के बाद आगे की जांच पुलिस को सौंप दी। पीठ ने यह भी पूछा कि क्या प्रारंभिक जांच करने वाली एसआईटी, जिसमें दो वरिष्ठ आईएएस अधिकारी और लखनऊ के पुलिस महानिरीक्षक शामिल थे, निष्पक्षता बनाए रखने के लिए आगे भी जांच कर सकती है। याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता देवदत्त कामत ने अदालत से मंदिर निर्माण के दौरान प्राप्त चंदे की सभी रसीदों को सुरक्षित रखने और उन्हें सार्वजनिक करने का आग्रह किया। सुप्रीम कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई अगले सोमवार को तय करते हुए कहा कि तब जांच की प्रक्रिया को लेकर आवश्यक निर्देश जारी किए जाएंगे।

### राम मंदिर में दान राशि की गिनती के लिए एसबीआई की देखरेख में नयी टीम तैनात

**अयोध्या :** उत्तर प्रदेश के अयोध्या स्थित राम मंदिर के दान पात्रों में जमा नकद चढ़ावे की गिनती के लिए श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने नई टीम तैनात करते हुए भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की निगरानी में दो पालियों वाली व्यवस्था शुरू की है। सूत्रों ने बताया कि एक सप्ताह के परीक्षण के बाद रविवार से यह प्रक्रिया शुरू हुई, जिसके बाद ट्रस्ट ने औपचारिक रूप से दानराशि की गिनती की जिम्मेदारी एसबीआई को सौंप दी। सूत्रों के मुताबिक, प्रत्येक पाली में 10 से 12 लोगों की टीम तैनात की गई है। पहली पाली सुबह आठ बजे से दोपहर दो बजे तक और दूसरी पाली दोपहर दो बजे से रात आठ बजे तक काम करती है।

# पुराने वाहनों के निस्तारण हेतु भरोसा ज़रूरी

हरियाणा में पुराने वाहनों को चलन से बाहर करने के लिये सरकार ने जिन प्रोत्साहन स्कीमों की घोषणआ की है, वह समय की जरूरत है। हरियाणा सरकार ने वैज्ञानिक तरीके से गाड़ियों को स्क्रैप करने के लिये पांच प्रोत्साहन योजनाएं शुरू करने का फैसला किया है। जो पुरानी गाड़ियों को देखने के नजरिये में महत्वपूर्ण बदलाव ला सकती हैं। दरअसल, पुरानी हो चुकी गाड़ियों को सिर्फ कबाड़ नहीं माना जाना चाहिए, यदि उनका कायदे से निस्तारण हो तो आर्थिक लाभ के साथ पर्यावरण की रक्षा भी की जा सकती है। कुछ लोग अपने वाहन की देखभाल इतने कायदे से करते हैं कि उसे कबाड़ कहना, उनकी भावना को ठेस पहुंचाने जैसा है। दरअसल, अब राज्य सरकार की नई पॉलिसी इन वाहनों को कबाड़ मानने के बजाय, उन्हें रीसाइकिल होने वाले मेटीरियल, ग्रीन जॉब्स प्रदाता और साफ हवा के स्रोत के रूप में दर्शाती है। निस्संदेह,यह कदम अर्थव्यवस्था में योगदान की दिशा में एक स्वागत योग्य कदम है। दरअसल, केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के अनुसार, भारत में 3.4 करोड़ से अधिक पुराने वाहन हैं। जिनमें दो करोड़ दो पहिया और 1.2 करोड़ चार-पहिया वाहन शामिल हैं। इनमें बड़ी संख्या में वाहन अभी सड़कों में चलाए जा रहे हैं। दरअसल, पुरानी गाड़ियां नये मॉडल की तुलना में काफी अधिक मात्रा में पार्टिकुलेट मैटर, नाइट्रोजन ऑक्साइड और कार्बन मोनोऑक्साइड छोड़ती हैं। जिससे एक ओर वायु प्रदूषण बढ़ता है, वहीं लोगों के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल असर पड़ता है।

दरअसल, वैज्ञानिक स्क्रैपिंग से कीमती स्टील, एल्युमीनियम, तांबा और प्लास्टिक को दोबारा से हासिल किया जा सकता है। जिससे नये कच्चे माल पर निर्भरता कम हो सकती है। साथ ही उत्पादन में ऊर्जा की खपत भी घटती है। दरअसल, हरियाणा सरकार की प्रोत्साहन योजनाएं - कैपिटल सब्सिडी, स्टांप ड्यूटी की वापसी,एसजीएसटी रिफंड, ब्याज में मदद और स्किल डेवलपमेंट-अधिकृत स्क्रैपिंग और रीसाइक्लिंग सुविधाओं में निवेश को आकर्षित करने के लिये बनायी गई है। लेकिन इस पॉलिसी की सफलता सिर्फ इंडस्ट्री की भागीदारी पर ही निर्भर नहीं करेगी। गाड़ी मालिकों को भी स्वेच्छा से इसमें शामिल करने के लिये प्रोत्साहित करना होगा। तमाम परिवारों के लिये, पुरानी गाड़ी सिर्फ घटती कीमत वाली संपत्ति नहीं है, बल्कि रोजी-रोटी का जरिया भी होती है। जब तक उन्हें उचित मुआवजा,आसान प्रक्रियाएं और अधिकृत स्क्रैपिंग सेंटर्स तक सुविधाजनक पहुंच नहीं मिलेगी, तब तक कई लोग अनौपचारिक सेक्टर पर ही निर्भर रहेंगे। ऐसे में गैर-कानूनी तौर पर गाड़ियों को तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो। वहीं लोगों को जागरूक बनाने और स्वेच्छा से स्क्रैपिंग के लिये प्रोत्साहित करने की जरूरत है। निस्संदेह, सिर्फ नियम बनाने से हवा को साफ नहीं किया जा सकता। इसके लिये ऐसी नीतियां बनें, जो आर्थिक रूप से व्यावहारिक,पर्यावरण के अनुकूल और सामाजिक रूप से निष्पक्ष हों। यदि हरियाणा सरकार की पहल लक्ष्यों के बीच संतुलन बना पाती है तो यह टिकाऊ गतिशीलता के लिये एक राष्ट्रीय मॉडल बन सकता है। फिर बीते कल की गाड़ियां आने वाले कल के लिये संसाधन बन सकती हैं।

# मेहनत से खेलिए, पदक जीतिए और सरकारी नौकरी में प्राथमिकता लीजिए: योगी आदित्यनाथ



**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'जनता दर्शन' में आए खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए सोमवार को कहा कि मेहनत से खेलिए, पदक जीतिए और सरकारी नौकरी में प्राथमिकता हासिल कर लीजिए। यहां आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने सभी फरियादियों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना, उनकी समस्याएं सुनीं, प्रार्थना-पत्र प्राप्त किए और उनके उचित एवं समयबद्ध निस्तारण का आश्वासन दिया। इस दौरान उन्होंने राजस्व और पुलिस से जुड़े मामलों में लापरवाही की शिकायतों पर सख्त रुख भी अपनाया। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, जनता दर्शन में कई खिलाड़ी भी मुख्यमंत्री से मिलने पहुंचे। मुख्यमंत्री ने उनसे खेलों की तैयारी और अब तक जीते गए पदकों के बारे में जानकारी ली। अपेक्षित जवाब नहीं मिलने पर उन्होंने कहा, 'आप सभी पूरी मेहनत कीजिए। उत्तर प्रदेश सरकार खिलाड़ियों की लगातार सीधी भर्ती कर रही है। कई खिलाड़ियों को पुलिस उपाधीक्षक, तहसीलदार सहित विभिन्न पदों पर नियुक्ति दी गई है।' उन्होंने कहा, 'आप भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतकर आइए। सरकार आपको पुरस्कार राशि के साथ नौकरी भी देगी, लेकिन इसके लिए कड़ी मेहनत और पसीना बहाना होगा।' मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं भी दीं। जनता दर्शन में पारिवारिक विवादों से जुड़े मामले भी सामने आए जिस पर मुख्यमंत्री ने संबंधित पक्षों से विस्तृत जानकारी ली और उन्हें परामर्श दिया। उन्होंने ऐसे विवादों के दुष्परिणामों से आगाह करते हुए कहा कि इनका सबसे अधिक असर बच्चों पर पड़ता है। उन्होंने सलाह दी कि परिवार के बड़े-बुजुर्गों की मौजूदगी में आपसी बातचीत से विवाद सुलझाए जाएं और निजी मामलों में बाहरी लोगों को शामिल न किया जाए।

## अगर सनातन पर खतरा आएगा तो कोई बच नहीं पाएगा: योगी आदित्यनाथ

**बाराबंकी:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस की आलोचना करते हुए कहा कि अगर सनातन पर खतरा आएगा तो कोई बच नहीं पाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बाराबंकी जिले में दरियाबाद और रामनगर विधानसभा क्षेत्रों की 542 करोड़ रुपये से अधिक की 82 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास करने के बाद आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, 'हमारा उज्ज्वल भविष्य सनानत की सुदृढ़ नींव पर निर्भर करेगा। सनातन सुरक्षित है तो हम सब सुरक्षित है।'' उन्होंने आगाह किया, 'अगर सनातन पर कोई खतरा आएगा तो कोई बच नहीं पाएगा। ये जो बांटने वाले लोग हैं, सपा और कांग्रेस के नाम पर जितने भी नमूने हैं, याद करना जब आप पर संकट आता है तो इन सबकी बोलती बंद हो जाती है।' योगी ने आरोप लगाया, 'ये लोग भले कुछ भी बोलें, लेकिन इनका वास्तविक चरित्र सनातन विरोधी है, इनके कार्य जनता के हक और विकास की परियोजनाओं पर डाका डालने जैसे हैं।' उन्होंने पूर्ववर्ती सरकारों पर जनता के पैसों के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए कहा, 'याद करना पैसा आपका था, लेकिन वह पैसा कब्रिस्तान की चहारदीवारी पर खर्च होता था तथा महादेवा और अयोध्या समेत विरासत एवं आस्था के स्थानों के लिए पैसा नहीं मिलता था। उसको वे सांप्रदायिक कहते थे।' उन्होंने सीधे सीधे आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस और सपा विरासत विरोधी और विकास की धुर विरोधी हैं। इनसे सतर्क रहेंगे तो हमेशा सुरक्षित रहेंगे।

## राजस्थान: कैंसर मरीजों को जिले में ही टेलीमेडिसिन से मिलेगा विशेषज्ञ उपचार, नहीं आना होगा जयपुर



**जयपुर:** राजस्थान में कैंसर मरीजों को विशेषज्ञ परामर्श के लिए हर बार जयपुर नहीं आना पड़ेगा क्योंकि जिला मेडिकल कॉलेजों एवं अस्पतालों में 'टेलीमेडिसिन' के माध्यम से सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज के मेडिकल ऑन्कोलॉजी विशेषज्ञों की सलाह उपलब्ध कराई जाएगी। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने सोमवार को सचिवालय में राजस्थान सरकार स्वास्थ्य योजना (आरजीए-चएस) की समीक्षा बैठक में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैंसर उपचार के नये दिशा-निर्देश भी लागू कर दिये गये हैं, जिससे इलाज की प्रक्रिया अधिक सरल होगी। खींवसर ने कहा कि प्रदेश के कैंसर मरीजों को अगस्त से इस नई व्यवस्था का लाभ मिलने लगेगा। उन्होंने योजना में अनियमितताओं पर रोक लगाने के लिए कृत्रिम मेधा (एआई) आधारित निगरानी प्रणाली विकसित करने के निर्देश दिए और योजना का दुरुपयोग करने वाली फार्मेसियों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई करने की चेतावनी दी। मंत्री ने महंगी दवाओं की खरीद के लिए पारदर्शी नीति तैयार करने और राजस्थान चिकित्सा सेवा निगम लिमिटेड (आरएमएससीएल) और अधिक छूट देने वाली 'ग्रीन फ्लैग' फार्मेसियों के विकल्पों का ऑडिट आधारित मूल्यांकन कराने के भी निर्देश दिए। 'स्टेट हेल्थ एश्योरेंस एजेंसी' की अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी निधि पटेल ने बताया कि 2,000 रुपये से अधिक की जांच के लिए पोर्टल पर आने वाले आवेदनों का निस्तारण अब 30 से 35 मिनट में किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पहले प्रतिदिन 1,700 से 1,800 आवेदन प्राप्त होते थे, जो व्यवस्था में सुधार के बाद घटकर 300 से 400 रह गए हैं।

## झारखंड देवघर में श्रावणी मेले के लिए 228 चिकित्सक, 400 पैरामेडिक्स तैनात करेगा

**रांची:** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने सोमवार को कहा कि राज्य सरकार एक महीने तक चलने वाले श्रावणी मेले के दौरान श्रद्धालुओं को चौबीसों घंटे स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए देवघर में 228 से अधिक चिकित्सकों और 400 पैरामेडिकल कर्मियों की तैनाती करेगी। अंसारी ने वार्षिक मेले की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि 30 जुलाई से शुरू होने वाले इस आयोजन के दौरान देवघर सदर अस्पताल, रेफरल अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और उप-स्वास्थ्य केंद्रों समेत 41 स्वास्थ्य संस्थान 24 घंटे कार्यरत रहेंगे। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं के लिए देवघर सदर अस्पताल में 100 बिस्तर और एम्स, देवघर में 50 बिस्तर आरक्षित रखे गए हैं। मंत्री ने एक बयान में कहा, सभी अस्पतालों को आपातकालीन सेवा, ट्रॉमा, गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू), ब्लड बैंक, सीटी स्कैन, अल्ट्रासाउंड, पैथोलॉजी और रेफरल सेवाओं को पूरी क्षमता के साथ संचालित करने का निर्देश दिया गया है।

## उप्र: नौकरी का झांसा देकर 100 करोड़ की ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़, छह लोग गिरफ्तार

**कानपुर:** उत्तर प्रदेश के कानपुर में पुलिस ने सोमवार को नौकरी का झांसा देकर और बिना पंजीकरण के आयुर्वेदिक उत्पाद बेचकर 60 हजार से अधिक लोगों से करीब 100 करोड़ रुपये की ठगी करने वाले एक अंतर-राज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए छह लोगों को गिरफ्तार कर लिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस आयुक्त रघुबीर लाल ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि 'विन मेकर आयुर्वेद' और 'विन मेकर वेलनेस प्राइवेट लिमिटेड' के नाम से संचालित कंपनी बेरोजगार युवाओं को 25 हजार से 50 हजार रुपये मासिक वेतन वाली नौकरी का झांसा देकर सेमिनार में बुलाती थी। उन्होंने बताया कि वहां उन्हें 12 हजार से 30 हजार रुपये देकर अपंजीकृत आयुर्वेदिक दवा किट खरीदने और एमएलएम नेटवर्क से जुड़ने के लिए प्रेरित किया जाता था तथा इसके बाद उनसे नए लोगों को जोड़ने के लिए कहा जाता था।

## बिहार के नेताओं ने निशांत कुमार को उनके 45वें जन्मदिन पर शुभकामनाएं दीं



**पटना:** बिहार के नेताओं ने सोमवार को राज्य के स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार को उनके 45वें जन्मदिन पर शुभकामनाएं दीं। संयोग से सोमवार को ही उन्होंने पहली बार विधान परिषद की कार्यवाही में हिस्सा लिया। पिछले माह हुए द्विवार्षिक चुनाव में निर्वाचित होने के बाद निशांत कुमार ने अन्य नवनिर्वाचित सदस्यों के साथ विधान परिषद की सदस्यता की शपथ ली थी। सदन में निशांत कुमार ने कहा, ''आज मेरे जन्मदिन के अवसर पर यहां मुझे शुभकामनाएं देने वाले सभी सदस्यों का मैं हृदय से आभार व्यक्त करता हूं।'' इससे पहले दिन में वह अपने पिता एवं पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ पटना स्थित प्रसिद्ध महावीर मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने पूजा-अर्चना की। विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह, बिहार सरकार के मंत्री अशोक चौधरी, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के वरिष्ठ नेता अब्दुल बारी सिद्दीकी तथा विभिन्न दलों के कई नेताओं ने निशांत कुमार को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं और उनके सरल स्वभाव की सराहना की। निशांत कुमार ने भी पहली बार निर्वाचित होकर सदन में पहुंचे सभी सदस्यों का स्वागत किया और उनसे बिहार की गौरवशाली परंपरा को समृद्ध करने तथा सदन की गरिमा व प्रतिष्ठा बनाए रखने का आह्वान किया।

## मथुरा के मंदिर में दान पात्र का ताला तोडकर नकदी की चोरी

**मथुरा:** उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में एक चोर ने यमुना किनारे राजाधिराज बाजार स्थित ठाकुर द्वारिकाधीश मंदिर के मुख्य द्वार पर लगे दान पात्र का ताला तोड़कर उसमें रखी नकदी चोरी कर ली। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। मंदिर के विधिक सलाहकार एवं मीडिया प्रभारी एडवोकेट राकेश तिवारी ने बताया कि चोरी की पूरी घटना आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। उन्होंने बताया कि सोमवार सुबह करीब सवा पांच बजे जब मंदिर के कर्मचारी वहां पहुंचे तो उन्होंने दान पात्र का ताला टूटा हुआ पाया, जिसके बाद महाप्रबंधक अशोक शर्मा ने शहर कोतवाली पुलिस को लिखित शिकायत दी।

## ज्ञानवापी वुजूखाना के सर्वेक्षण का अनुरोध करने वाली याचिका पर सुनवाई टली

**प्रयागराज:** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने वाराणसी स्थित ज्ञानवापी मस्जिद के वुजूखाना के भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) से सर्वेक्षण कराने का अनुरोध करने वाली याचिका पर सुनवाई सोमवार को टाल दी। मामले की अगली सुनवाई 24 अगस्त को होगी। न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल राखी सिंह नाम की याचिकाकर्ता की पुनरीक्षण याचिका पर सुनवाई कर रहे हैं। सोमवार को जब इस मामले में सुनवाई शुरू हुई तो अदालत को बताया गया कि यह मामला उच्चतम न्यायालय के समक्ष लंबित है। अदालत ने इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कहा कि अधिवक्ताओं ने सूचित किया है कि उच्चतम न्यायालय में मामले की सुनवाई लंबित है और अगली सुनवाई 10 अगस्त को होनी है। इसके बाद अदालत ने सुनवाई टाल दी और अगली तिथि 24 अगस्त निर्धारित की।

## श्री कृष्ण जन्मस्थान पर दान की गिनती के समय दुकानदारों को भी शामिल किया जायेगा: अधिकारी

**मथुरा (उप्र:)** मथुरा में श्री कृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान के सचिव कपिल शर्मा ने सोमवार को बताया कि अब श्री कृष्ण जन्मस्थान पर दान-पात्रों को खोलने और उनमें जमा दान की गिनती के समय दुकानदारों को भी पर्यवेक्षक के तौर पर शामिल किया जायेगा। कपिल शर्मा ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''हम गिनती की प्रक्रिया को और पारदर्शी बनाने के लिए स्वतंत्र पर्यवेक्षक को शामिल करना चाहते हैं और मंदिर के अंदर दुकान चलाने वाले दुकानदारों को शामिल करने से बेहतर कोई इंतजाम नहीं हो सकता।'' दान की गिनती मंदिर के 'रेड जोन' में होती है, जो एक उच्च सुरक्षा वाला क्षेत्र है। उन्होंने कहा, ''मंदिर परिसर के अंदर लगभग 30 दुकानें हैं और सभी दुकानदारों का पुलिस द्वारा सत्यापन किया गया है। इससे निगरानी करना अधिक सुविधाजनक होगा, क्योंकि हमें 'रेड जोन' में उनके प्रवेश को सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त उपाय नहीं करने पड़ेंगे।'' उन्होंने कहा कि अगर बाहर के लोगों को शामिल किया जाता, तो नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए बहुत सारे कागजी काम करने पड़ते। उन्होंने बताया कि इस नयी व्यवस्था के तहत, महीने में एक बार गिनती की प्रक्रिया के दौरान एक या दो दुकानदार मौजूद रहेंगे।

## 'ऑपरेशन सफेद सागर' का ट्रेलर जारी, 7 अगस्त से नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी

**कोलकाता, समाज्ञा :** नेटफ्लिक्स ने अपनी नई सैन्य ड्रामा सीरीज 'ऑपरेशन सफेद सागर' का ट्रेलर जारी कर दिया है। यह सीरीज 1999 के कारगिल युद्ध के दौरान भारतीय वायु सेना की बहादुरी और रणनीतिक भूमिका पर आधारित सच्ची घटनाओं को पर्दे पर लाएगी।कारगिल युद्ध के दौरान पाकिस्तान की सेना ने कई ऊंची चोटियों पर कब्जा कर लिया था। हालात गंभीर होने पर भारतीय सेना के समर्थन में वायु सेना ने 'ऑपरेशन सफेद सागर' शुरू किया। सीरीज में भारतीय वायु सेना के गोल्डन एरोज स्क्वॉड्रन की अब तक अनकही कहानी दिखाई गई है, जिसने थल सेना और नौसेना के साथ मिलकर मिशन को सफल बनाया।सीरीज का निर्देशन ओनी सेन ने किया है। इसे अभिजीत सिंह परमार और कुशल श्रीवास्तव ने विकसित किया है। निर्माण मैचबॉक्स शॉट्स एलएलपी के संजय रौत्रे, सरिता पाटिल और फील गुड फिल्म्स के मेहबूब पाल सिंह बराड़ ने किया है।मुख्य कलाकारों में सिद्धार्थ, जिमी शेरगिल, अभय वर्मा, दिया मिर्जा, प्राजक्ता कोली, आदिल हुसैन, मिहिर आहूजा, तारुक रैना, अर्नव भसीन और अमृता बागची शामिल हैं। ट्रेलर में युद्ध के रोमांच, सैनिकों के साहस और देशभक्ति की भावनाओं को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया है।

## झारखंड के खूंटी में रथ के बिजली के तार के संपर्क में आने से दो छात्रों की मौत, पांच घायल

**खूंटी (झारखंड):** झारखंड के खूंटी जिले में सोमवार को रथ यात्रा में इस्तेमाल किए जा रहे एक रथ के 11,000 वोल्ट के ऊपर से गुजर रहे बिजली के तार के संपर्क में आने से दो छात्रों की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। यह घटना टोरपा थाना क्षेत्र के एक गांव में हुई जहां करीब 10 लड़के रथ के साथ खेल रहे थे और उनमें से कुछ उस पर चढ़ गए थे। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया, रथ के 11,000 वोल्ट के चालू बिजली तार के संपर्क में आने से कम से कम सात लड़के घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल तीन लड़कों को खूंटी सदर अस्पताल रेफर किया गया, जहां दो को मृत घोषित कर दिया गया जबकि अन्य घायलों का टोरपा के एक अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। खूंटी सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. आनंद किशोर ओरांव ने बताया कि करीब 15 वर्ष उम्र के तीन लड़कों को अस्पताल लाया गया था। उन्होंने कहा, इनमें से दो को मृत अवस्था में लाया गया था जबकि एक का इलाज जारी है।

# बिहार विधानसभा में 10 अहम संशोधन विधेयक पेश, भूमि दाखिल-खारिज पर 200 रुपये शुल्क का प्रस्ताव



**पटना:** बिहार विधानसभा के मानसून सत्र के पहले दिन राज्य सरकार ने शिक्षा, स्वास्थ्य, भूमि प्रशासन, कर व्यवस्था, शहरी विकास और कारोबार सुगमता से जुड़े 10 महत्वपूर्ण संशोधन विधेयक सदन के पटल पर रखे। इन विधेयकों पर चर्चा के बाद आगे की विधायी प्रक्रिया पूरी की जाएगी।सरकार द्वारा पेश प्रमुख विधेयकों में बिहार निजी विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक-2026, बिहार नर्सेज पंजीकरण (संशोधन) विधेयक-2026, बिहार चिकित्सा (संशोधन) विधेयक-2026, बिहार भूमि दाखिल-खारिज (संशोधन) विधेयक-2026, निबंधन अधिनियम, 1908 (बिहार संशोधन) विधेयक-2026, भारतीय स्टाम्प (बिहार संशोधन) विधेयक-2026, बिहार जुआ (प्रतिषेध) विधेयक-2026, बिहार माल एवं सेवा कर (संशोधन) विधेयक-2026, बिहार नगर विकास विधेयक-2026 तथा बिहार ईज ऑफ डूइंग बिजनेस विधेयक-2026 शामिल हैं।इनमें सबसे महत्वपूर्ण बिहार भूमि दाखिल-खारिज (संशोधन) विधेयक है, जिसके तहत भूमि के दाखिल-खारिज से संबंधित प्रत्येक याचिका, अपील और पुनरीक्षण आवेदन पर 200 रुपये शुल्क लगाने का प्रस्ताव किया गया है। वर्तमान में ऐसे मामलों में केवल न्यायालय शुल्क स्टाम्प का प्रावधान है, लेकिन अलग से कोई निर्धारित शुल्क नहीं लिया जाता। सरकार का कहना है कि लोककल्याणकारी योजनाओं के लिए राजस्व बढ़ाना आवश्यक है और भविष्य में राज्य सरकार आदेश के माध्यम से इस शुल्क में संशोधन भी कर सकेगी।सरकार ने बिहार कृषि भूमि (गैर-कृषि प्रयोजनों के लिए सम्परिवर्तन) अधिनियम, 2010 को निरस्त करने के लिए भी विधेयक पेश किया है। इसके साथ ही निबंधन अधिनियम, 1908 (बिहार संशोधन) विधेयक के जरिए भूमि के उपयोग, प्रकृति या श्रेणी में परिवर्तन से संबंधित रूपांतरण दस्तावेजों का पंजीकरण अनिवार्य बनाने का प्रस्ताव रखा गया है। वहीं भारतीय स्टाम्प अधिनियम, 1899 में भी आवश्यक संशोधन का प्रस्ताव किया गया है।सरकार का कहना है कि इन संशोधनों का उद्देश्य प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सरल बनाना, राजस्व व्यवस्था को मजबूत करना, निवेश को बढ़ावा देना तथा शिक्षा, स्वास्थ्य और शहरी विकास के क्षेत्र में सुधार लाना है।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 21 जुलाई, मंगलवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2083, आषाढ़ शुक्लपक्ष अष्टमी, 29:16 तक, नक्षत्र : चित्रा, 20:46 तक, योग : सिद्ध, 18:21 तक, सूर्योदय: 05:03, सूर्यास्त: 18:22, चन्द्रोदय : 12:13, चन्द्रास्त: 23:41, शक सम्वतः 1948 पराभव, सूर्य राशि : कर्क, चन्द्र राशि : कन्या, राहू काल : 15:37 से 17:16

## राशिफल

**मेष :** आज का दिन आपके मान-सम्मान और प्रतिष्ठा में वृद्धि के संकेत दे रहा है। आपकी मेहनत का असर अब लोगों के सामने दिखाई देने लगेगा और आपकी पहचान मजबूत होगी।

**वृष :** आज जिम्मेदारियों के साथ-साथ खुशियों के भी कई मौके मिलेंगे। परिवार के साथ बिताया गया समय आपको सुकून और अपनापन महसूस कराएगा। अपने कामों पर पूरा ध्यान बनाए रखें।

**मिथुन :** आज बड़ों का मार्गदर्शन आपके लिए सफलता का रास्ता खोल सकता है। किसी भी महत्वपूर्ण निर्णय से पहले धैर्य के साथ सोच-विचार करना जरूरी होगा। प्रेमपूर्वक व्यवहार करें।

**कर्क :** आज आपको आय और खर्च के बीच संतुलन बनाकर चलने की जरूरत होगी। लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे होने लगेंगे, जिससे मन को राहत मिलेगी।

**सिंह :** आज का दिन आपको सतर्क रहने का संकेत दे रहा है। अपने आसपास मौजूद लोगों को पहचानें और किसी पर आंख बंद करके भरोसा न करें। परिस्थितियां अनुकूल रहेंगी।

**कन्या :** आज मेहनत और धैर्य आपकी सबसे बड़ी ताकत साबित होंगे। काम का दबाव अधिक रहेगा, लेकिन यही मेहनत भविष्य में सफलता का रास्ता खोलेगी। बिना सोचे-समझे कोई फैसला न लें।

**तुला :** आज का दिन शांति और समझदारी से आगे बढ़ने का है। किसी भी विवाद से दूरी बनाए रखना आपके हित में रहेगा। धन कमाने के नए अवसर सामने आएंगे।

**वृश्चिक :** आज व्यापार के लिए दिन काफी अनुकूल रहेगा। पुराने निवेश से अच्छा लाभ मिलने की संभावना है, जिससे आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। धार्मिक कार्यों में मन लगेगा।

**धनु :** आज हर कदम सोच-समझकर उठाने की जरूरत होगी। कार्यक्षेत्र में कई विचार और योजनाएं मन में चलती रहेंगी, इसलिए निर्णय लेते समय जल्दबाजी न करें।

**मकर :** आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहेगा। साझेदारी में किया गया कार्य लाभदायक साबित हो सकता है। सरकारी नौकरी से जुड़े लोगों की मेहनत और ईमानदारी की सराहना होगी।

**कुम्भ :** आज स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही बिल्कुल न करें। कार्यक्षेत्र में जल्दबाजी से बचें और हर काम धैर्य के साथ पूरा करें। रहन-सहन में सुधार लाने की आपकी कोशिश सफल होगी।

**मीन :** आज आर्थिक मामलों में पूरी सावधानी बरतने की जरूरत है। किसी बड़े निवेश का फैसला फिलहाल टालना बेहतर रहेगा। हर कदम आज आपके लिए लाभदायक साबित होगा।

## वर्ग पहेली नं. 3499

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | 2 | ■ | 3 | | 4 | | ■ |
| | ■ | ■ | 5 | | | ■ | | ■ | 6 |
| 7 | 8 | | | ■ | | ■ | 9 | | |
| ■ | | ■ | | ■ | 10 | 11 | | ■ | |
| ■ | | ■ | 12 | | ■ | | ■ | 13 | ■ |
| 14 | | 15 | | ■ | ■ | 16 | | | |
| | ■ | | ■ | 17 | | | ■ | | ■ |
| 18 | | | ■ | | ■ | | ■ | 19 | 20 |
| | ■ | 21 | | | | ■ | 22 | | |

*ऊपर से नीचे:-* 1) अस्पर्शित, 2) उलटा सीधा; इधर-उधर फैला हुआ, 3) जिद करना, 4) उद्देश्य, 6) सहमत; रेडिमेड *(माल)*; तत्पर, 8) निर्दोष; निरपराध; बेजुर्म, 11) परंपरा, 13) अनासक्ति; उपेक्षा; उदासी, 14) भीषण; घनघोर, 15) रसोइया, 17) बाँस आदि की पतली छड़ी, 20) दोस्त.
*(उत्तर: अगले अंक में)*

*बायें से दायें:-* 1) इज़ाज़त, 3) मरणासन्न; अर्धमृत, 5) अल्पतम, 7) आज्ञाकारी, 9) संहार; नाश, 10) वीणापाणि कलहप्रिय देवमुनि, 12) ढंग; शैली, 14) गृहस्थी, 16) नातेदार, 17) सुबह का जलपान 18) कृतज्ञतापूर्वक, 19) आधुनिक, 21) धज्जी धज्जी, 22) पंक्ति.

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ब | ■ | आ | र्थि | क | ■ | ■ | ज | ल्ला | द |
| द | रा | र | ■ | मा | ला | मा | ल | ■ | ति |
| हा | ■ | पा | ग | ल | ■ | लू | ■ | ■ | द्द |
| ल | च | र | ■ | ■ | स | म | झ | दा | र |
| ■ | ट | ■ | बं | धु | त्व | ■ | ल्ला | ■ | ■ |
| ना | प | सं | द | ■ | र | त | ना | र | ■ |
| प | टा | ■ | र | वि | ■ | ल | ■ | स | दी |
| तै | ■ | क | ■ | हं | ■ | ब | द | ना | म |
| ल | ड़ा | ई | झ | ग | ड़ा | ■ | म | ■ | क |

## सुडोकू-पहेली-3465

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | 1 | 4 | 8 | 6 | | 3 | |
| 5 | | 4 | | | | | 6 | 2 |
| 7 | 3 | | 5 | | | | | |
| | | | | | 3 | 8 | 9 | |
| | 4 | | | | 1 | | | |
| 3 | 7 | 9 | | | 4 | | | |
| 9 | | 3 | 1 | 6 | | | | |
| 6 | | 7 | | 4 | | | | 8 |
| | | 8 | 3 | | | 9 | 5 | |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 3464 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 1 | 5 | 7 | 3 | 9 | 4 | 2 | 8 |
| 2 | 4 | 8 | 5 | 6 | 1 | 7 | 3 | 9 |
| 3 | 7 | 9 | 4 | 2 | 8 | 1 | 5 | 6 |
| 5 | 6 | 1 | 9 | 7 | 3 | 2 | 8 | 4 |
| 4 | 3 | 2 | 1 | 8 | 6 | 5 | 9 | 7 |
| 8 | 9 | 7 | 2 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 |
| 9 | 2 | 6 | 3 | 1 | 7 | 8 | 4 | 5 |
| 1 | 8 | 3 | 6 | 5 | 4 | 9 | 7 | 2 |
| 7 | 5 | 4 | 8 | 9 | 2 | 3 | 6 | 1 |

# एम्बुलेंस बुकिंग के लिए बनेगा ऐप, बुकिंग से पहले ही दिखेगा किराया

❑ मरीजों के हित में राज्य सरकार की नई पहल



**कोलकाता :** मरीजों को पारदर्शी और सुविधाजनक एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध कराने के लिए पश्चिम बंगाल सरकार जल्द ही एक विशेष मोबाइल ऐप शुरू करेगी। इस ऐप के माध्यम से लोग एम्बुलेंस बुक करने से पहले उपलब्ध एम्बुलेंसों की संख्या, गंतव्य अस्पताल तक का किराया तथा अन्य आवश्यक जानकारी देख सकेंगे। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री शारद्वत मुखोपाध्याय ने सोमवार को विधानसभा के मानसून सत्र के पहले दिन यह घोषणा की।

स्वास्थ्य मंत्री ने विधानसभा में राज्य की स्वास्थ्य सेवाओं और चिकित्सा अधोसंरचना को आधुनिक बनाने के लिए कई नई योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार राज्य को विश्वस्तरीय मेडिकल टूरिज्म हब के रूप में विकसित करने की दिशा में भी काम कर रही है। इसी क्रम में एम्बुलेंस सेवा को तकनीक से जोड़ने के लिए ऐप आधारित प्रणाली शुरू करने की योजना बनाई गई है।

प्रस्तावित ऐप कैब और बाइक बुकिंग प्लेटफॉर्म की तर्ज पर कार्य करेगा। इसके जरिए मरीज या उनके परिजन यह देख सकेंगे कि आसपास कितनी एम्बुलेंस उपलब्ध हैं, किस अस्पताल तक जाने में कितना किराया लगेगा तथा अन्य आवश्यक जानकारी क्या है। सरकार का मानना है कि इससे एम्बुलेंस सेवाओं में पारदर्शिता आएगी और बिचौलियों की भूमिका समाप्त होगी।

स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि राज्य में तीन स्तर की एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध कराई जाएगी। इनमें सामान्य एम्बुलेंस, मध्यम श्रेणी की एम्बुलेंस तथा आईसीयू सुविधा से लैस एम्बुलेंस शामिल होंगी। सभी एम्बुलेंसों में जीपीएस ट्रैकर लगाया जाएगा, जिससे उनकी वास्तविक समय में निगरानी की जा सकेगी। इससे मरीज सीधे एम्बुलेंस से संपर्क कर सकेंगे और पूरी व्यवस्था पर सरकार की निगरानी रहेगी।

उन्होंने कहा कि सुंदरबन जैसे नदी बहुल क्षेत्रों के लिए विशेष व्यवस्था भी की जा रही है। वहां छह वॉटर एम्बुलेंस और दो फ्लोटिंग मोबाइल मेडिकल यूनिट तैनात किए जाएंगे, ताकि दूरदराज के द्वीपीय क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को समय पर चिकित्सा सुविधा मिल सके।

शारद्वत मुखोपाध्याय ने कहा कि तकनीक के प्रभावी उपयोग से स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सरल और पारदर्शी बनाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि सरकार का लक्ष्य अगले छह महीनों के भीतर इस एम्बुलेंस ऐप को शुरू करना है, जिससे मरीजों को त्वरित, सुरक्षित और पारदर्शी एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध हो सके।

## पंचायतों में पीएससी के माध्यम से होगी 11 हजार नियुक्तियां : दिलीप घोष



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में पंचायतों में कर्मचारियों की कमी दूर करने के लिए राज्य सरकार ने 11 हजार पदों पर नियुक्ति की तैयारी शुरू कर दी है। पंचायत मंत्री दिलीप घोष ने सोमवार को कहा कि अब पंचायत विभाग में नियुक्तियां लोक सेवा आयोग (पीएससी) के माध्यम से केंद्रीय स्तर पर की जाएंगी। विधानसभा में पत्रकारों से बातचीत करते हुए मंत्री ने कहा कि कर्मचारियों की कमी के कारण पंचायतों का कार्य प्रभावित हो रहा है।

इसे देखते हुए राज्य सरकार ने इस वर्ष के भीतर ही नियुक्ति प्रक्रिया आरंभ करने का निर्णय लिया है। दिसंबर तक इसके लिए आवश्यक प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि अब तक पंचायत अधिनियम के तहत जिला स्तर पर नियुक्तियां होती थीं, लेकिन अब इसमें परिवर्तन किया जा रहा है। चूंकि, लोक सेवा आयोग एक स्वायत्त संस्था है, इसलिए पंचायत नियुक्तियों का दायित्व उसे सौंपने से पहले कानून में संशोधन करना आवश्यक होगा। इसके लिए आवश्यक विधायी प्रक्रिया भी दिसंबर में शुरू की जाएगी।

दिलीप घोष ने कहा कि राज्य में सत्ता परिवर्तन के बाद मुख्यमंत्री ने एक लाख रोजगार उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया था। पंचायत विभाग की यह नियुक्ति प्रक्रिया उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## विधानसभा अध्यक्ष ने शहीद दिवस कार्यक्रमों के लिए आज लंबे भोजन अवकाश की मंजूरी दी

**कोलकाता, समाज्ञा**



विधानसभा अध्यक्ष रथींद्र बोस ने मंगलवार को सदन में दो घंटे के भोजन अवकाश की घोषणा की, ताकि तृणमूल कांग्रेस के दोनों प्रतिद्वंद्वी गुट के विधायक 21 जुलाई को अपने-अपने 'शहीद दिवस' कार्यक्रमों में शामिल हो सकें। ममता बनर्जी नीत गुट के विधायक शोभन चट्टोपाध्याय और प्रतिद्वंद्वी खेमे में शामिल ऋतब्रत बनर्जी ने विधानसभा अध्यक्ष से सदन की कार्यवाही स्थगित करने का अनुरोध किया था, ताकि विधायक अपने-अपने गुट के कार्यक्रमों में शामिल हो सकें। हालांकि, शुरू में बोस सदन की कार्यवाही स्थगित करने के पक्ष में नहीं थे, लेकिन मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के अनुरोध पर वह मंगलवार को भोजन अवकाश की अवधि बढ़ाने के लिए सहमत हो गए। बोस ने कहा कि मंगलवार को दोपहर 12 बजे से दो घंटे के लिए सदन में भोजन अवकाश रहेगा।

## 'मुझे मत डराओ', मदन मित्रा का अभिषेक पर सीधा हमला

❑ विधायक ने अभिषेक बनर्जी को 'अपराधी' कहा

❑ ममता को 21 जुलाई कार्यक्रम पर सतर्क रहने की सलाह



**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस के विधायक मदन मित्रा ने पार्टी नेतृत्व के खिलाफ खुलकर मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने सीधे अभिषेक बनर्जी को चुनौती देते हुए कहा कि उन्हें डराने-धमकाने से कोई फायदा नहीं होगा। मदन ने अभिषेक को 'अपराधी' तक कह दिया और दावा किया कि उन्हें अपनी जान का कोई डर नहीं है। हाल ही में, उन्होंने पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया था और अब खुलेआम नेतृत्व पर हमला कर रहे हैं। उन्होंने ममता बनर्जी को भी 21 जुलाई के कार्यक्रम को लेकर सतर्क रहने की सलाह दी है। उनका कहना है कि जिस स्थान पर कार्यक्रम होना है, वह वर्तमान मुख्यमंत्री के विधानसभा क्षेत्र में आता है और वहां तनाव की स्थिति में हिंसा हो सकती है।

## हाई कोर्ट से ममता गुट को झटका, फ्रीज बैंक अकाउंट्स को ऑपरेट करने की अंतरिम मंजूरी से इनकार



**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने सोमवार को तृणमूल कांग्रेस के ममता बनर्जी गुट को पार्टी के उन तीन बैंक खातों के संचालन की अंतरिम इजाजत देने से इनकार कर दिया जिन्हें प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 'फ्रीज' कर दिया था। बता दें कि ईडी ने तृणमूल कांग्रेस के तीन बैंक खातों को 'फ्रीज' कर दिया था जिनमें कुल 440.42 करोड़ रुपये जमा हैं। यह कार्रवाई राज्य पुलिस द्वारा दर्ज प्राथमिकी के आधार पर की गई जांच के सिलसिले में की गई थी। प्राथमिकी में बेईमानी से किए गए वित्तीय लेन-देन, गैर-कानूनी तरीके से धन जुटाने और पार्टी के कुछ बैंक खातों के जरिए संदिग्ध कोष की हेराफेरी के आरोप लगाए गए थे। इस मामले में दोनों पक्षों की दलीलें पूरी होने के बाद न्यायमूर्ति कृष्णा राव ने 13 जुलाई को इस अर्जी पर अंतरिम आदेश सुरक्षित रख लिया था। अधिकारियों के अनुसार, ईडी की शुरुआती जांच में पता चला है कि अप्रैल 2023 और जून 2026 के बीच तृणमूल कांग्रेस के बैंक खातों से 'केयरवेल एविएशन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड' और उससे जुड़ी कंपनी को लगभग 160 करोड़ रुपये हस्तांतरित किए गए थे। आरोप है कि कंपनी ने (2023 और 2026 के बीच) 82.96 करोड़ रुपये एक और नयी बनी कंपनी को हस्तांतरित किए। जांच में पाया गया कि इस कंपनी को ''काफी बड़ी'' रकम हस्तांतरित की गई थी। अधिकारियों ने बताया कि इसमें से 112 करोड़ रुपये का इस्तेमाल एम्ब्रेयर लिगेसी 600 वाणिज्यिक विमान और अगस्तावेस्टलैंड 109एसपी हेलीकॉप्टर खरीदने के लिए किया गया था।

## कोलकाता में महिला सुरक्षा और साइबर जागरूकता अभियान शुरू



**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता पुलिस के दुर्गा सुरक्षा स्क्वाड ने सोमवार से शहरभर में एक महीने का जागरूकता अभियान शुरू किया। इसका उद्देश्य लोगों को महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों और साइबर ठगी के प्रति जागरूक करना है। यह अभियान शहर के 60 पुलिस थानों के तहत आने वाले 120 इलाकों में चलाया जाएगा। कोलकाता पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि लालबाजार स्थित पुलिस मुख्यालय ने अगले 30 दिनों तक चलने वाले इस विशेष अभियान के लिए शहर के 60 पुलिस थानों के तहत आने वाले 120 स्थानों का चयन किया है। इस अभियान का उद्देश्य रिहायशी इलाकों और भीड़भाड़ वाली सार्वजनिक जगहों पर लोगों को जागरूक करना है। इसके लिए आउटरीच कार्यक्रम चलाए जाएंगे। महिलाओं की सुरक्षा के लिए स्कूटर से गश्त करने वाली 'दुर्गा सुरक्षा स्क्वाड' को इस अभियान में अतिरिक्त जिम्मेदारियां भी सौंपी गई हैं।

इस अभियान के लिए स्थानीय पुलिस थानों, साइबर पुलिस स्टेशन, महिला पुलिस स्टेशन और महिला सेल के कर्मियों की संयुक्त टीम बनाई गई है। महिलाओं के खिलाफ अपराध और साइबर ठगी को लेकर जागरूकता अभियान सोमवार से शुरू हो गया है। इस अभियान के तहत स्क्वाड और संयुक्त गश्ती टीम के सदस्य हर दिन दो पुलिस थाना क्षेत्रों की चार जगहों पर जाएंगे। वे लोगों को पर्चे बांटेंगे और स्थानीय लोगों व राहगीरों से बातचीत करेंगे। जागरूकता बढ़ाने के लिए पुलिस टीमें लाउडस्पीकर का इस्तेमाल करेंगी और प्रमुख चौराहों पर छोटे-छोटे वीडियो भी दिखाएंगी।

इस अभियान के लिए लालबाजार स्थित पुलिस मुख्यालय ने दुर्गा सुरक्षा स्क्वाड को 10 स्कूटर और एक वाहन उपलब्ध कराया है। वहीं, स्थानीय पुलिस थानों, साइबर पुलिस यूनिट और इंटेलिजेंस विभाग की महिला टीमें भी जरूरी सहयोग देंगी। इस पूरे अभियान की निगरानी पुलिस मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारी करेंगे। वहीं, प्रेसिडेंसी रेंज के बसीरहाट, बनगांव और बारासात जैसे इलाकों में भी ऐसी ही व्यवस्था की गई है। इसके अलावा, पुलिस ने रियल-टाइम ऑडियो-वीडियो ट्रांसमिशन की सुविधा भी शुरू की है, ताकि जरूरत पड़ने पर घटनाओं की लाइव निगरानी की जा सके।

## राजारहाट विस्फोट मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार, अब तक तीसरी गिरफ्तारी

**कोलकाता, समाज्ञा**



राजारहाट में हुए विस्फोट मामले में पुलिस ने एक और आरोपित को गिरफ्तार किया है। इस मामले में अब तक तीन लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। गिरफ्तार आरोपित का नाम मोहम्मद हुसैन है और उसे मध्यग्राम इलाके से पकड़ा गया। पता चला है कि मुख्य आरोपित मोहम्मद शमीम उर्फ सलीम से पूछताछ के दौरान उसके नाम का खुलासा हुआ था। घटना शनिवार को दक्षिण नारायणपुर के एक घर में हुई थी, जहां विस्फोट में एक व्यक्ति घायल हो गया था। जांच में सामने आया कि कुछ दिन पहले आरोपित ने फर्जी पहचान के जरिए कमरा किराए पर लिया था। घटना के दिन एक नाबालिग सफेद बैग लेकर आया और कुछ ही मिनटों बाद जोरदार धमाका हुआ। सीसीटीवी फुटेज में यह पूरी घटना कैद है। पुलिस को मौके से दो बम भी मिले, जिन्हें निष्क्रिय किया गया। राष्ट्रीय जांच एजेंसी भी मामले की जांच में शामिल है। शुरुआती जांच में विस्फोटक जमा करने की साजिश की आशंका जताई जा रही है।

## 21 जुलाई पर कोलकाता में तीन मंच, चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात, ड्रोन से होगी निगरानी



**कोलकाता :** 21 जुलाई को शहीद दिवस के अवसर पर इस बार कोलकाता में राजनीतिक गतिविधियां पहले से कहीं अधिक व्यापक रहने वाली हैं। सत्ता परिवर्तन के बाद पहली बार शहीद दिवस को लेकर विभिन्न राजनीतिक दलों के बीच अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस बार महानगर में एक नहीं, बल्कि तीन अलग-अलग मंच बनाए जाएंगे। इसे देखते हुए कोलकाता पुलिस ने व्यापक सुरक्षा व्यवस्था लागू की है। शहर के संवेदनशील इलाकों में लगभग एक हजार पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाएगी, जबकि पूरे आयोजन की निगरानी ड्रोन कैमरों से की जाएगी।

जानकारी के अनुसार, एक मंच कालीघाट तृणमूल कांग्रेस, दूसरा ऋतब्रत गुट द्वारा स्वयं को असल तृणमूल बताते हुए तथा तीसरा मंच कांग्रेस की ओर से लगाया जाएगा। तीनों स्थानों पर बड़ी संख्या में समर्थकों के जुटने की संभावना को देखते हुए कानून-व्यवस्था बनाए रखना पुलिस के लिए बड़ी चुनौती माना जा रहा है।

लालबाजार सूत्रों के मुताबिक, शहीद मीनार, गांधी प्रतिमा और बिरला प्लैनेटोरियम के सामने विशेष सुरक्षा व्यवस्था की गई है। इन तीनों स्थानों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात रहेगा। सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी के लिए ड्रोन कैमरों का उपयोग किया जाएगा। इसके अलावा सेंट्रल और साउथ डिवीजन सहित कम से कम पांच पुलिस उपायुक्त (डीसी) विभिन्न सभा स्थलों पर मौजूद रहेंगे। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए हाई रेडियो फ्लाइंग स्क्वॉड (एचआरएफएस), रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) तथा केंद्रीय बलों की भी तैनाती की जा रही है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस बार किसी भी सड़क को पूरी तरह बंद नहीं किया जाएगा, लेकिन भारी भीड़ के कारण कई प्रमुख मार्गों पर यातायात प्रभावित होने की आशंका है। शहीद मीनार में आयोजित सभा के चलते मेयो रोड और रेड रोड पर समर्थकों की भारी भीड़ रहने की संभावना है, जिससे इन मार्गों पर वाहनों की गति धीमी रह सकती है। डफरिन रोड पर भी यातायात की रफ्तार प्रभावित होने की आशंका जताई गई है।

यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए कैथेड्रल रोड पर एकतरफा यातायात व्यवस्था लागू की जाएगी। दोपहर एक बजे तक हरिश मुखर्जी रोड से पार्क स्ट्रीट की ओर वाहनों की आवाजाही होगी, जबकि दोपहर एक बजे के बाद पार्क स्ट्रीट की ओर से हरिश मुखर्जी रोड की दिशा में यातायात संचालित किया जाएगा। विक्टोरिया मेमोरियल के सामने कैथेड्रल रोड क्रॉसिंग पर भी वाहनों की गति धीमी रहने की संभावना है। पुलिस ने लोगों से अनावश्यक रूप से इन मार्गों का उपयोग करने से बचने तथा ट्रैफिक पुलिस के निर्देशों का पालन करने की अपील की है।


**पूर्व रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

उप मुख्य विद्युत अभियंता/निर्माण, पूर्व रेलवे, सियालदह, तीसरी मंजिल, आरएमएस बिल्डिंग, कैजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा पूर्व प्रकाशित **संक्षिप्त निविदा सूचना सं. ईएल-एसडीएएच-सीओएन-पीएसआई-182-2026-एनआईटी, दिनांक 08.07.2026 में संशोधन।** इस निविदा के **बंद होने की तारीख** को दिनांक 07.08.2026 के स्थान पर **दिनांक 10.08.2026** होगी। निविदा सूचना वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/ www. ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है।

(CON-27/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**Name Change**

I, Satish Singh, son of Bhajan Singh and father of Avinash Kumar Singh, residing at Chak-para, Rajanagar, Liluah, Howrah-711204, do hereby solemnly affirm and declare that Satish Singh and Satish Kumar Singh is the same and one identical person via affidavit before the Ld Judicial Magistrate 1st Class at Kolkata dated 8th July 2026.

**Khandaghosh Panchayat Samity**
Sagrai, Khandaghosh, Purba Bardhaman-713424

**NOTICE INVITING e-TENDER**

E.O. Khandaghosh, Purba Bardhaman Invites e-Tender vide **NIeT No.- BWN/EO/KHANDA/ NIeT-02/2026-27, Dt. 20.07.2026** for 02 nos. works, for details visit **www.tenders.wb.gov.in** . ref :- Tender Id :- 2026_DMB _5017082_1 to 2026_DMB _5017082_2.

Sd/-
EXecutive Officer
Khandaghosh Panchayat Samity

**पूर्व रेलवे**

**विस्तृत निविदा सं. 02डब्ल्यूटीसीएओसीईआर 2026-27, दिनांक 17.07.2026;** मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, पूर्व रेलवे, कोलकाता, चौथी मंजिल, 14, स्ट्रैंड रोड, न्यू कोयलाघाट, कोलकाता-700001 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-टेंडरिंग हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नाम:** पूर्व रेलवे के निर्माण विभाग के अधिकार क्षेत्र के अधीन पाकुड़ खदान के लिए सभी प्रकार के आकस्मिक शुल्कों के साथ पाकुड़ खदान से किसी भी प्रकार के रेलवे वैगन में 50 मिमी आकार के मशीन से तोड़े गए 45,000 घन मी ट्रैक स्टोन बैलास्ट की आपूर्ति। **अनुमानित मूल्य:** रु. 8,85,60,000.00; **बयाना राशि:** रु. 17,71,200; **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य; **समापन अवधि :** 12 (बारह) महीने। **बंद होने की तारीख :** 14.08.2026 को 15.00 बजे। निविदा दस्तावेज एवं अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** से प्राप्त किए जा सकते हैं। निविदा के लिए बोलियां उपरोक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के जरिए जमा की जानी चाहिए। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है तथा अगर कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होता है, तो उसे स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। (CON-26/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**PWD (GOVT OF WB) TENDER**

**Offline Short Notice Inviting Tender No -53/City (M) of 2026-27** from bonafied and resourceful decorators having credential in similar urgent nature of works and as per Govt. rule. Last date & time of application for obtaining permission will be **on 21.07.2026 up to 10.00 hrs.** Other details may be seen from the web site: **www.pwdwb.in**

Sd/-
Executive Engineer-I,
City Division, P.W.D.

**अलीपुरद्वार मंडल के अंतर्गत इंजीनियरिंग कार्य**

**ई-निविदा सूचना सं. 35/W-2/APDJ; दिनांक: 14-07-2026।** निम्नलिखित कार्य के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा सं:** 10-AP-III-2026। **कार्य का नाम:-** ''एसएसई/वर्कस/एमबीजेड के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत ब्रीज नं. 79 किमी 37/7-9 (स्पान-5×18.3 एम), ब्रीज नं. 91 किमी 42/4-7 (स्पान-7×18. 3एम), ब्रीज नं. 132 किमी 59/8-9 (स्पान-3×45.70 एम), ब्रीज नं. 73 किमी 33/8-9 (स्पान-1×4+8×2.60), ब्रीज नं. 76 किमी 35/1-2 (स्पान-4×6.10) और ब्रीज नं. 173 किमी 79/0-1 (स्पान-2×6.10+2×12.20) के क्षतिग्रस्त सुरक्षा कार्यों की मरम्मत। निविदा मूल्य: ₹4,31,39,850.55; धरोहर राशि: ₹8,62,800.00। ई-निविदा 05-08-2026 को 15:00 बजे **बंद होंगी** और 05-08-2026 को 15:30 बजे **खुलेंगी**। उपरोक्त ई-निविदा के निविदा कागजात के साथ संपूर्ण सूचना वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध रहेंगी।

**डीआरएम ( कार्य ), अलीपुरद्वार जं.**

**पूर्वोत्तर सीमा रेलवे**
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**पूर्व रेलवे**

वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/(सामान्य), पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, रिमोट कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, कैजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए नीचे उल्लेखित ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **क्रमांक 1, निविदा सं.: ईएलईजी-ओटी-1354-2026-27, दिनांक 16.07.2026, कार्य का विवरण:** "सीपीओएच/कांचरापाड़ा - ट्रैक मशीनों के लिए मध्यवर्ती/मियादी ओवरहॉलिंग सुविधाओं की सृजन/विस्तार" के संबंध में विद्युतीय कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 56,29,116। **बयाना राशि:** रु. 1,12,600। **समापन अवधि:** 12 महीने। **क्रमांक 2, निविदा सं.: ईएलईजी-ओटी-1357-2026-27, दिनांक 16.07.2026, कार्य का विवरण:** "सियालदह-बैरकपुर अनुभाग में बेलघरिया में चार अदद अतिरिक्त एक्स ओवरों" के प्रावधान के संबंध में विद्युतीय कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 2,57,279। **बयाना राशि:** रु. 52,000। **समापन अवधि:** 12 महीने। **क्रमांक 3, निविदा सं.: ईएलईजी-ओटी-1361-2026-27, दिनांक 16.07.2026, कार्य का विवरण:** "सियालदह-1.60 एमएलडी क्षमता के वाटर ट्रीटमेंट सह रीसाइक्लिंग प्लांटों के निर्माण के साथ आवश्यक पाइपलाइन बिछाने" के संबंध में विद्युतीय कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 21,21,164। **बयाना राशि:** रु. 42,400। **समापन अवधि:** 06 महीने। **क्रमांक 4, निविदा सं.: ईएलईजी-ओटी-1364-2026-27, दिनांक 16.07.2026, कार्य का विवरण:** एसएसई/ई/जी/1सी/एसडीएएच-1 एवं एसएसई/ई/जी/1सी/सीपी के अधिकार क्षेत्र के अधीन 01 (एक) वर्ष के लिए एलईडी डॉयमण्ड साइनेज बोर्डो का चालू मरम्मत अनुबंध। **निविदा मूल्य:** रु. 6,24,640। **बयाना राशि:** रु. 12,500। **समापन अवधि:** 12 महीने। **क्रमांक 5, निविदा सं.: ईएलईजी-ओटी-1359-2026-27, दिनांक 16.07.2026, कार्य का विवरण:** "सियालदह मंडल के लक्ष्मीकांतपुर-निश्चिंदपुर अनुभाग में मानवयुक्त नॉन इंटरलॉक्ड लेवल क्रॉसिंग गेट सं. 31ई एवं बनगाँव-पेट्रापोल अनुभाग में 57ई के उन्नयन तथा इंटरलॉकिंग" के संबंध में विद्युतीय कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 17,42,712। **बयाना राशि:** रु. 34,900। **समापन अवधि:** 08 महीने। **क्रमांक 6, निविदा सं.: ईएलईजी-ओटी-1353-2026-27, दिनांक 16.07.2026, कार्य का विवरण:** एलएचबी टाइप एसी एवं नॉन एसी कोचों के लिए अंडर स्लंग में स्थापित हिचाटी हाई-रेल (एचएचपीई) निर्मित 4.5 केडब्ल्यू आरबीसी (आर0-टाइप) तथा आरबीसी सह ईबीसी (आ1-टाइप) हेतु 03 (तीन) वर्षों के लिए व्यापक रखरखाव एवं वार्षिक संरक्षात्मक एवं ब्रेकडाउन रखरखाव अनुबंध। **निविदा मूल्य:** रु. 53,04,420। **बयाना राशि:** रु. 1,06,100। **समापन अवधि:** 36 महीने। **आईआरईपीएस पर निविदा प्रकाशन तिथि:** दिनांक 16.07.2026 (प्रत्येक के लिए)। **बोली शुरू होने की तारीख:** दिनांक 23.07.2026 (प्रत्येक के लिए)। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** दिनांक 06.08.2026 को 14.00 बजे (प्रत्येक के लिए)। निविदा सूचना का विवरण एवं समय-समय पर जारी संशोधनी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

(SDAH-141/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**तीन ट्रेनों का मार्ग परिवर्तन**

दक्षिण पूर्व रेलवे के खड़गपुर मंडल पर बालीचक रोड ओवरब्रिज (समपार फाटक संख्या 52) के स्टील गार्डर की लॉन्चिंग के लिए **दिनांक 19.09.2026 (शनिवार) से 21.09.2026 (सोमवार) तक 03 दिनों के लिए ट्रैफिक-सह-पावर ब्लॉक** की आवश्यकता होगी। इसके परिणामस्वरूप, **22502 न्यू तिनसुकिया-एसएमवीटी बेंगलुरु सुपरफास्ट एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू की तारीख 18.09.2026) और **22504 डिब्रूगढ़-कन्याकुमारी विवेक सुपरफास्ट एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू की तारीख 18.09.2026) बर्द्धमान-डानकुनी-भट्ट नगर-आंदुल-हिजली के बदले **बर्द्धमान-आसनसोल-आद्रा-मिदनापुर-हिजली** होकर परिवर्तित मार्ग से चलेंगी और **15643 पुरी-कामाख्या एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू की तारीख 19.09.2026) हिजली-हावड़ा के बदले **हिजली-मिदनापुर-आद्रा-आसनसोल-हावड़ा** होकर परिवर्तित मार्ग से चलेगी। असुविधा के लिए खेद है।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी आमंत्रण सूचना**

**हावड़ा मंडल के तहत पार्किंग लॉट के संचालन हेतु संविदा प्रदान करना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, चौथी मंजिल, रेल म्यूजियम के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा **हावड़ा मंडल के तहत विभिन्न स्टेशनों में 03 वर्षों की अवधि के लिए पार्किंग लॉट के संचालन हेतु संविदा प्रदान करने के लिए** ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। अधिक विवरण एवं ई-नीलामी में भागीदारी के लिए कृपया वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के जरिए **ई-नीलामी लीजिंग** प्रारूप देखें। **सूचीपत्र सं.: पार्किंग-एचडब्ल्यूएच-17, नीलामी शुरू होने की तारीख/समय:** 31.07.2026 को 14.00 बजे। **क्रमांक एवं लॉट सं.; स्टेशन का नाम:** (1) पार्किंग-एचडब्ल्यूएच-यूपीए-टीडब्ल्यू-5-26-1 (पार्किंग-दो पहिया वाहन); उत्तरपाड़ा-I, (2) पार्किंग-एचडब्ल्यूएच-बीएमएई-टीडब्ल्यू-40-26-1 (पार्किंग-दो पहिया वाहन); बेलमुड़ी, (3) पार्किंग-एचडब्ल्यूएच-पीआरएई-टीडब्ल्यू-141-26-1 (पार्किंग-दो पहिया वाहन); पाल्ला रोड। नीलामी सूचीपत्र **www.ireps.gov.in** पर अपलोड कर दिए गए हैं।

(HWH-222/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**उत्तर मध्य रेलवे के तहत नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के लिए ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था**

कानपुर सेंट्रल-टूण्डला खंड में नई इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग और चौथी लाइन कनेक्टिविटी के संबंध में पनकी धाम स्टेशन पर यार्ड रि-मॉडलिंग कार्य के लिए, उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल में प्री-नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य (दिनांक 20.07.2026 से 29.07.2026 तक), नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य (दिनांक 30.07.2026 को) और पोस्ट नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य (दिनांक 31.07.2026 से 19.08.2026 तक) का निष्पादन किया जाएगा। फलस्वरूप, निम्नलिखित ट्रेनें निम्नानुसार नियंत्रित की जाएंगी: • **ट्रेनों का पुनर्निर्धारण: (1) 22308 बीकानेर – हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 29.07.2026) बीकानेर से 02 घंटे 30 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित की जाएगी **(2) 12324 बाड़मेर – हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 29.07.2026) बाड़मेर से 02 घंटे के लिए पुनर्निर्धारित की जाएगी • **प्रयागराज मंडल में ट्रेनों का नियंत्रण: (1) 22307 हावड़ा–बीकानेर सुपरफास्ट एक्सप्रेस** दिनांक 21.07.2026 और 24.07.2026 को 01 घंटा 40 मिनट के लिए नियंत्रित की जाएगी। **(2) 12307 हावड़ा – जोधपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस** दिनांक 22.07.2026 और 23.07.2026 को 01 घंटा 40 मिनट के लिए नियंत्रित की जाएगी। **(3) 12274 नई दिल्ली– हावड़ा दुरंतो एक्सप्रेस** दिनांक 28.07.2026 को 01 घंटे के लिए नियंत्रित की जाएगी। **(4) 13051/13052 हावड़ा–कालका–हावड़ा नेताजी एक्सप्रेस** दिनांक 30.07.2026 को दोनों दिशाओं में 02 घंटे के लिए नियंत्रित की जाएगी। **(5) 12987 सियालदह–अजमेर सुपरफास्ट एक्सप्रेस** दिनांक 30.07.2026 को 01 घंटे के लिए नियंत्रित की जाएगी। **(6) 12307 हावड़ा – जोधपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस** दिनांक 30.07.2026 को 30 मिनट के लिए नियंत्रित की जाएगी। असुविधा के लिए खेद है।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव॥

www.samagya.in

**समाज्ञा**

**NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION**

- MATRIMONIAL
- PROPERTY
- RECRUITMENT
- EDUCATION
- NAME CHANGE
- PUBLIC NOTICE
- OBITUARY
- REMEMBRANCE
- DISPLAY

**TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT**

samagyaadvt@gmail.com | www samagya.in

230, C. R. Ave, 3rd Floor, Kolkata-700 006, Contact : 7044444522, 7044444527

# 'बीपीएल सूची में शामिल अपात्र लोगों को हटाया जाएगा'

## आयकरदाताओं और पक्के मकान वालों पर होगी कार्रवाई : खाद्य मंत्री

**दुर्गापुर :** पश्चिम बंगाल सरकार गरीबी रेखा (बीपीएल) सूची का पुनरीक्षण कर उसमें शामिल अपात्र लोगों को बाहर करेगी। राज्य के खाद्य मंत्री अशोक कीर्तनिया ने सोमवार को दुर्गापुर में कहा कि जिन लोगों के पास तीन-चार मंजिला मकान हैं या जो नियमित रूप से आयकर का भुगतान करते हैं, उनका बीपीएल सूची में बने रहना किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सरकारी नियमों के अनुसार सूची का पुनर्गठन किया जाएगा, ताकि वास्तविक गरीबों को ही सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके।



दुर्गापुर के सिटी सेंटर में आयोजित मतुआ समुदाय के सम्मान समारोह में शामिल होने पहुंचे खाद्य मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार की गाइडलाइन और प्रचलित नियमों के अनुरूप बीपीएल सूची की व्यापक समीक्षा की जाएगी। उन्होंने कहा कि लंबे समय से कई अपात्र लोग बीपीएल सूची में शामिल होकर सरकारी सुविधाओं का लाभ उठा रहे हैं। ऐसे लोगों के कारण वास्तविक जरूरतमंद परिवार योजनाओं से वंचित रह जाते हैं।

मंत्री ने कहा कि सरकार के संज्ञान में ऐसे कई मामले आए हैं, जिनमें तीन-चार मंजिला मकानों के मालिक तथा नियमित आयकरदाता भी बीपीएल सूची में शामिल हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसे लोगों की पात्रता की दोबारा जांच की जाएगी और नियमों के अनुरूप उन्हें सूची से हटाया जाएगा।

अशोक कीर्तनिया ने बताया कि वर्तमान में केंद्र और राज्य स्तर पर विभिन्न अभिलेखों एवं आंकड़ों का सत्यापन किया जा रहा है। सरकारी कर्मचारियों, आयकरदाताओं तथा अन्य निर्धारित मानकों के आधार पर लाभार्थियों की पात्रता की जांच होगी। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य पूर्व की अनियमितताओं को दूर कर पारदर्शी और त्रुटिरहित वितरण व्यवस्था स्थापित करना है।

खाद्य मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार चरणबद्ध तरीके से आवश्यक निर्णय लागू किए जाएंगे। पुनरीक्षित बीपीएल सूची में केवल वही परिवार शामिल किए जाएंगे, जो निर्धारित मानकों के अनुसार वास्तव में आर्थिक रूप से कमजोर हैं और सरकारी सहायता के वास्तविक हकदार हैं।

# भाजपा राज्यभर में 9 अगस्त से 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम करेगी आयोजित

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रदेश भाजपा 9 अगस्त से राज्यभर में बड़े पैमाने पर 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बना रही है। भाजपा के एक सूत्र ने सोमवार को बताया कि राज्य में भाजपा की सरकार बनने के बाद लीडरशिप ने वहां इस प्रोग्राम को लागू करने का फैसला किया है। भाजपा राज्य के हर जिले में 'हर घर तिरंगा' प्रोग्राम को नए स्तर पर ले जाने जा रही है। यह प्रोग्राम देशव्यापी पहल 'आजादी का अमृत महोत्सव' का हिस्सा है, जो देश के हर नागरिक को अपने घरों में तिरंगा फहराने के लिए प्रोत्साहित करता है। इस स्वतंत्रता दिवस पर बंगाल में बड़ी संख्या में घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। भाजपा के अंदरूनी सूत्र के अनुसार, इस साल बंगाल में पार्टी का 'हर घर तिरंगा' प्रोग्राम 9 अगस्त से शुरू होगा और 14 अगस्त तक चलेगा। भाजपा सांसद सौमित्र खां को राज्य में पार्टी की ओर से इस प्रोग्राम का इंचार्ज बनाया गया है। पार्टी नेताओं अनिंद्य बनर्जी (राजू), सोनाली मुर्मू सोरेन, महादेव सरकार और फाल्गुनी पात्रा को सह-इंचार्ज बनाया गया है। यह प्रोग्राम राज्य के सभी जिलों में आयोजित किया जाएगा। पार्टी ने जिला कमेटियों को निर्देश भेज दिए हैं। राष्ट्रीय ध्वज के साथ जुलूस भी निकाला जाएगा। इतना ही नहीं, भाजपा ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से बंगाल आकर इस प्रोग्राम के दौरान बैठक करने का भी अनुरोध किया है। सूत्रों के अनुसार, भाजपा की शीर्ष लीडरशिप ने उनके सामने इस प्रोग्राम का मुद्दा रखा है। माना जा रहा है कि शाह उस समय फिर से बंगाल आ सकते हैं। हालांकि, अभी यह पक्का नहीं है कि केंद्रीय गृह मंत्री बंगाल में ऐसे किसी प्रोग्राम में शामिल होंगे या नहीं।

# दमदम में नाबालिग से कथित दुष्कर्म के आरोप में दो गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा**

उत्तर 24 परगना जिले के दमदम नगरपालिका क्षेत्र में एक नाबालिग से कथित यौन उत्पीड़न का मामला सामने आया है। पुलिस ने मुख्य आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, मामले को दबाने और आरोपित का साथ देने के आरोप में एक पूर्व पार्षद के पति को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार, वार्ड 2 में रहने वाले बिलाल गाजी (40) पर आरोप है कि उसने रविवार की शाम एक नाबालिग को बहाने से अपने साथ ले जाकर उसके साथ कथित यौन उत्पीड़न किया। घटना की जानकारी मिलने पर परिजनों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। परिजनों का आरोप है कि मामले की जानकारी देने के बाद क्षेत्र की पूर्व पार्षद के पति जलील मंडल ने उनका सहयोग करने के बजाय घटना को सार्वजनिक नहीं करने का दबाव बनाया।

इस आरोप के आधार पर पुलिस ने उन्हें भी हिरासत में लेकर बाद में गिरफ्तार कर लिया। सोमवार को बिधाननगर पुलिस कमिश्नरेट की ओर से बताया गया है कि दमदम थाने में दर्ज शिकायत के आधार पर पुलिस ने दोनों आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पीड़ित परिवार और स्थानीय लोगों ने आरोपितों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और शीघ्र न्याय की मांग की है।

# हेरिटेज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी और द हेरिटेज अकादमी ने नवप्रवेशी छात्रों के लिए आयोजित किया इंडक्शन कार्यक्रम

**कोलकाता, समाज्ञा :** हेरिटेज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एचआईटी) ने द हेरिटेज अकादमी (टीएचए) के सहयोग से बीबीए, बीसीए, मीडिया साइंस और साइबर सिक्योरिटी पाठ्यक्रमों में नवप्रवेशी छात्रों के लिए 15 से 18 जुलाई तक चार दिवसीय इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया। 15 जुलाई को आयोजित उद्घाटन सत्र में आईवीएल धुनसेरी पेट्रोकेम इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बिश्वनाथ चट्टोपाध्याय, कॉग्निजेंट के बिजनेस यूनिट हेड-डिलीवरी हेड (फाइनेंशियल सर्विसेज एंड फिनटेक) सूरजीत दत्ता तथा टीवी टुडे नेटवर्क (इंडिया टुडे एवं आज तक) के कोलकाता ब्यूरो प्रमुख एवं संपादक इंद्रजीत कुंडू ने छात्रों को संबोधित किया। अतिथियों ने नेतृत्व क्षमता, पेशेवर नैतिकता, चुनौतियों का सामना करने की क्षमता और आजीवन सीखने के महत्व पर अपने विचार साझा किए।



इस चार दिवसीय कार्यक्रम के दौरान कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), नवाचार एवं उद्यमिता, हार्टफुलनेस, मूल्य आधारित जीवन, शारीरिक फिटनेस, पोषण एवं स्वास्थ्य, साइबर जागरूकता तथा मीडिया एवं संचार जैसे समसामयिक विषयों पर शिक्षाविदों, उद्योग विशेषज्ञों और वेलनेस विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया। 18 जुलाई को आयोजित एलुमनाई इंटरैक्टिव सत्र में पूर्व छात्रों ने अपने अनुभव साझा करते हुए नए विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा और करियर से जुड़े व्यावहारिक सुझाव दिए।

इस अवसर पर हेरिटेज ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रदीप अग्रवाल ने कहा, शिक्षा केवल ज्ञान अर्जित करने का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण, नैतिक मूल्यों के विकास और युवाओं को जिम्मेदार वैश्विक नागरिक बनाने की प्रक्रिया है। हमारा इंडक्शन कार्यक्रम समग्र शिक्षा की इसी सोच को दर्शाता है, जहां छात्रों को शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ संवेदनशीलता, नेतृत्व क्षमता, रचनात्मकता और चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार किया जाता है।

# बेटे से मिलने कोलकाता गया था परिवार, बदमाश उड़ा ले गए 50 लाख के गहने और नकद

**दुर्गापुर :** दुर्गापुर के कांकसा शेरपुर इलाके के रहने वाले रेलवे कर्मचारी सुबीर चंद्र घोष अपनी पत्नी के साथ दो दिनों के लिए कोलकाता अपने बेटे से मिलने गए थे। जब वे घर वापस आए तो देखा कि बदमाशों ने उनका सब कुछ लूट लिया है। सुबीर चंद्र घोष ने बताया कि बदमाश 50 लाख रुपये से ज्यादा का सोना और नकद लूट ले गए हैं। इस घटना से पूरा परिवार डरा हुआ और दुखी है। उन्होंने बताया कि रविवार की शाम को जब वह घर लौटे तो मेन दरवाजे का ताला टूटा हुआ था और घर के अंदर पूरा हंगामा मचा हुआ था। सामान इधर-उधर बिखरा हुआ था। परिवार ने तुरंत इस घटना की जानकारी पुलिस को दी। घटना की खबर मिलने के बाद कांकसा थाना पुलिस तुरंत मौके



पर पहुंची और जांच शुरू कर दी गई।

पुलिस फिलहाल ये पता कर रही है कि बदमाश घर में कैसे घुसे और क्या उन्हें घर खाली होने के बारे में पहले से पता था? इसके अलावा, आस-पास के सीसीटीवी फुटेज की जांच भी की जा रही है। पुलिस का शुरुआती अंदाजा है कि यह चोरी प्लान की गई थी। पुलिस इस घटना में शामिल लोगों की पहचान करके उन्हें जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की कोशिश में लगी है।

# अग्रसेन ब्वॉयज स्कूल ने 185 मेधावी छात्रों और शिक्षकों को किया सम्मानित

**हावड़ा :** लिलुआ स्थित अग्रसेन स्ट्रीट के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान अग्रसेन ब्वॉयज स्कूल ने शनिवार को अपने सभागार में सत्र 2025-26 की आईसीएसई और आईएससी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 185 विद्यार्थियों के सम्मान में विशेष पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि द सेंट ऑगस्टीन एजुकेशन सोसाइटी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं सचिव अमिताव चौधरी तथा विशेष अतिथि एएसआईएससी पश्चिम बंगाल एवं उत्तर-पूर्वी राज्यों की कार्यकारी समिति की सदस्या एवं डग्लस मेमोरियल हायर सेकेंडरी स्कूल की प्रधानाचार्या सोनिया गिडला थीं। कार्यक्रम में विद्यालय के अध्यक्ष सत्यनारायण देवरालिया, ट्रस्ट बोर्ड



के सदस्य अनिल कुमार अग्रवाल, प्रबंधक सरोज कुमार श्रीवास्तव, प्राचार्या अबीरा दास, अग्रसेन बालिका शिक्षा सदन के वरिष्ठ शिक्षक एवं अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। समारोह का शुभारंभ भगवान श्री गणेश, माता सरस्वती तथा विद्यालय के दिवंगत अध्यक्ष बासुदेव टीकमानी के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ।

इस अवसर पर छात्रों ने ईश्वर वंदना, सांस्कृतिक कार्यक्रम और योग का प्रदर्शन किया तथा विद्यालय की उपलब्धियों को झांकी के माध्यम से प्रस्तुत किया। विद्यालय प्रबंधन ने मुख्य एवं विशिष्ट अतिथि का उत्तरीय, स्मृति चिह्न, पुष्पगुच्छ और उपहार देकर सम्मान किया। आईसीएसई में 98.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान हासिल करने वाले श्रेष्ठ श्रीवास्तव को विशेष सम्मान प्रदान किया गया। विद्यालय के छात्र अभिनीत भौमिक और आरव खेमका को राष्ट्रीय स्तर की योग प्रतियोगिता में क्रमशः स्वर्ण और कांस्य पदक जीतने पर काउंसिल द्वारा 1 लाख रुपये और 25 हजार रुपये की पुरस्कार राशि मिलने पर भी सम्मानित किया गया। शत-प्रतिशत परिणाम देने वाले विषयों के आईसीएसई और आईएससी शिक्षकों को भी स्मृति चिह्न प्रदान किए गए। कार्यक्रम के अंत में सह-पाठ्यक्रम उप-प्रधानाचार्या देविका सरकार ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।



ओडिशा के भाजपा अध्यक्ष मनमोहन सामल उड़ान संस्था के प्रदर्शनी में पहुंचे

### वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में एंजेल वन का दमदार प्रदर्शन, शुद्ध लाभ 102% उछला

**कोलकाता, समाज्ञा :** एंजेल वन लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में शानदार वित्तीय प्रदर्शन दर्ज किया है। कंपनी का कर पश्चात शुद्ध लाभ (पीएटी) सालाना आधार पर 102.2% बढ़कर 2,707 मिलियन रुपये पहुंच गया, जबकि सकल राजस्व 26.2% बढ़कर 14,135 मिलियन रुपये रहा। इस दौरान कंपनी का परिचालन लाभ (ईबीडीएटी) 87.6% बढ़कर 3,959 मिलियन रुपये हो गया तथा लाभ मार्जिन 36.6% दर्ज किया गया। कंपनी के संपत्ति प्रबंधन कारोबार (एयूएम) में 165.3% की वृद्धि के साथ यह 134.4 अरब रुपये पर पहुंच गया। कंपनी का कुल ग्राहक आधार बढ़कर 3.86 करोड़ हो गया, जबकि अभिरक्षा के तहत परिसंपत्तियां 1.7 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहीं। कंपनी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक दिनेश ठक्कर ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता, तकनीक और डेटा आधारित सेवाओं के माध्यम से ग्राहकों को बेहतर वित्तीय समाधान उपलब्ध कराने पर कंपनी का विशेष ध्यान है। वहीं, समूह मुख्य कार्यकारी अधिकारी अंबरिश केंघे ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता, संपत्ति प्रबंधन और ऋण कारोबार कंपनी की भावी विकास रणनीति के प्रमुख स्तंभ होंगे।

### पीएस एक्सीलेंस अवॉर्ड्स 2026 में केराकोल इंडिया को एडहेसिव श्रेणी में प्रथम स्थान

**कोलकाता, समाज्ञा :** सतत निर्माण समाधान उपलब्ध कराने वाली वैश्विक कंपनी केराकोल की भारतीय इकाई केराकोल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को पीएस एक्सीलेंस अवॉर्ड्स 2026 में एडहेसिव श्रेणी में प्रथम स्थान से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान पश्चिम बंगाल की अग्रणी रियल एस्टेट कंपनी पीएस ग्रुप ने उत्पाद गुणवत्ता, तकनीकी दक्षता और उत्कृष्ट सेवा के लिए प्रदान किया। कंपनी ने बताया कि यह सम्मान निर्माण क्षेत्र में उसकी विश्वसनीयता और डेवलपर्स के भरोसे को दर्शाता है। केराकोल के एडहेसिव और ग्राउट समाधान, त्वरित तकनीकी सहायता तथा मजबूत लॉजिस्टिक्स नेटवर्क ने इस उपलब्धि में अहम भूमिका निभाई। कंपनी की एच40 जेल एडहेसिव रेंज ने पीएस ग्रुप की कई आवासीय और व्यावसायिक परियोजनाओं में प्रभावी प्रदर्शन किया है। केराकोल इंडिया के सीनियर प्रोडक्ट मैनेजर अबिसंका सिन्हा ने कहा कि यह सम्मान पूरी टीम की मेहनत, गुणवत्ता के प्रति प्रतिबद्धता और ग्राहकों के साथ मजबूत साझेदारी का परिणाम है। उन्होंने कहा कि कंपनी भविष्य में भी नवीन तकनीक और भरोसेमंद समाधानों के माध्यम से निर्माण क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करती रहेगी।

### एक्सिस बैंक के वित्त वर्ष 2027 की पहली तिमाही के वित्तीय परिणाम

**कोलकाता :** एक्सिस बैंक ने वित्त वर्ष 2027 की मजबूत शुरुआत की है। बैंक ने वित्त वर्ष 2027 की पहली तिमाही में 7,114 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा दर्ज किया, जो पिछले साल की इसी तिमाही के मुकाबले 23% ज्यादा है। यह बढ़त बेहतर ऑपरेटिंग परफ़ॉर्मेंस और स्थिर एसेट क्वालिटी की वजह से हुई है। नेट इंटरेस्ट इनकम (एनआईआई) 8 प्रतिशत बढ़कर 14,646 करोड़ रुपये हो गई, जबकि कोर ऑपरेटिंग प्रॉफिट 10 फीसदी (सालाना) और 5 प्रतिशत (तिमाही-दर-तिमाही) बढ़कर 11,122 करोड़ रुपये हो गया। एक्सिस बैंक के एमडी और सीईओ अमिताभ चौधरी ने कहा, जैसे-जैसे ग्राहकों की उम्मीदें बदल रही हैं और टेक्नोलॉजी फाइनेंशियल सर्विसेज को नया रूप दे रही है, हमारा ध्यान एक ऐसी फ्रैंचाइजी बनाने पर है जो बड़े पैमाने पर भरोसे, इनोवेशन और मजबूती को एक साथ लाए।

### नेटफ्लिक्स ने 'ऑपरेशन सफेद सागर' का ट्रेलर किया जारी, 7 अगस्त से होगी स्ट्रीमिंग

**कोलकाता, समाज्ञा :** नेटफ्लिक्स ने कारगिल युद्ध के दौरान भारतीय वायु सेना के ऐतिहासिक अभियान पर आधारित सैन्य ड्रामा सीरीज 'ऑपरेशन सफेद सागर' का ट्रेलर जारी कर दिया है। गोल्डन एरोज स्क्वॉड्रन की अनकही सच्ची कहानी पर आधारित यह सीरीज 7 अगस्त से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। दुनिया के सबसे ऊंचाई वाले हवाई अभियान पर आधारित इस सीरीज का निर्देशन ओनी सेन ने किया है, जबकि अभिजीत सिंह परमार और कुशल श्रीवास्तव इसके निर्माता एवं शो रनर हैं। निर्माण मैचबॉक्स शॉट्स एलएलपी के संजय रौत्रे और सरिता पाटिल तथा फील गुड फिल्म्स के मेहबूब पाल सिंह बराड़ ने किया है। मोनिका शेरगिल, वाइस प्रेसिडेंट (कंटेंट), नेटफ्लिक्स इंडिया ने कहा कि यह भारत की सबसे महत्वाकांक्षी परियोजनाओं में से एक है, जो भारतीय वायु सेना के साहस और बलिदान को श्रद्धांजलि देती है। निर्देशक ओनी सेन ने कहा कि सीरीज को वास्तविक बनाने के लिए व्यापक शोध, पूर्व वायु सेना अधिकारियों और मिशन से जुड़े परिवारों से बातचीत तथा वास्तविक वायु सेना ठिकानों पर शूटिंग की गई।

### आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ईपीएफओ प्लेटफॉर्म से जुड़ा, अब पीएफ भुगतान की मिलेगी सुविधा

**मुंबई/कोलकाता :** आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के तहत काम करने वाले कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के साथ जुड़कर पीएफ (प्रोविडेंट फंड) भुगतान सेवा शुरू कर दी है। इस सुविधा के जरिए संस्थान अब ईपीएफओ पोर्टल से सीधे पीएफ भुगतान शुरू कर सकते हैं और आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के रिटेल और कॉर्पोरेट इंटरनेट बैंकिंग प्लेटफॉर्म के जरिए आसानी से भुगतान पूरा कर सकते हैं। इस लॉन्च के बारे में बात करते हुए, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के हेड-रिटेल लाइबिलिटीज़, आशीष सिंह ने कहा, हम समझते हैं कि हर कारोबार के लिए समय पर वैधानिक भुगतान करना बेहद जरूरी होता है और हमारा मानना है कि यह प्रक्रिया आसान और बिना किसी परेशानी के होनी चाहिए।

### श्री शांति जगेश्वर कांवरिया सेवा शिविर में कांवरियों के लिए भोजन, चिकित्सा और विश्राम की विशेष व्यवस्था



**कोलकाता, समाज्ञा :** सावन माह के अवसर पर कांवरियों की सेवा के उद्देश्य से रविवार को श्री शांति जगेश्वर कांवरिया सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन राजेंद्र प्रसाद और उदय साव ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में कांवरियों के लिए शीतल पेयजल, फल, बिस्किट, पूड़ी-सब्जी सहित भोजन की व्यवस्था की गई। इसके अलावा चिकित्सा सुविधा तथा विश्राम की भी समुचित व्यवस्था उपलब्ध कराई गई। शिविर के संस्थापक बासु परिवार ने बताया कि इस सेवा कार्य में बासु परिवार के साथ कमरहाटी-बेलघरिया साहू समाज और दुर्गापुर साहू समाज का विशेष सहयोग रहा। आयोजन में विभिन्न सामाजिक संगठनों और साहू समाज की इकाइयों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम में कलकत्ता साहू समाज, शोभाबाजार साहू समाज, बेलियाघाटा साहू समाज, दुर्गापुर साहू समाज, कमरहाटी-बेलघरिया साहू समाज, हावड़ा साहू समाज, खिदिरपुर साहू समाज, बाली साहू समाज, घोला साहू समाज, दक्षिणदारी साहू समाज, नारकेलडांगा साहू समाज, साजन बंधु एंव समस्त साहू परिवारऔर गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# श्री जैन विद्यालय, कोलकाता ने झाड़ग्राम के आदिवासी क्षेत्र में किया वृक्षारोपण

**कोलकाता, समाज्ञा :** श्री जैन विद्यालय, कोलकाता की पहल पर झाड़ग्राम जिले के गोविंदापुर (खरबंदी) स्थित आदिवासी क्षेत्र में वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। संकल्प सृष्टि विद्यामंदिर के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम के संरक्षक अविनाश गुप्ता रहे। यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी से प्रेरित अरण्य सप्ताह अभियान के अंतर्गत आयोजित किया गया। कोलकाता से लगभग 170 किलोमीटर दूर आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ नई पीढ़ी में प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना था।



विद्यालय के अध्यक्ष एवं एस.एस. जैन सभा के सचिव विनोद कांकरिया की प्रेरणा से आयोजित इस अभियान को सफल बनाने में विद्यालय के सचिव मनोज बोथरा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। अभियान के दौरान श्री जैन विद्यालय के 31 विद्यार्थियों और स्थानीय आदिवासी बच्चों ने मिलकर 150 पौधों का रोपण किया। आदिवासी बच्चों ने प्रत्येक पौधे की देखभाल का संकल्प भी लिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय कुमार पांडेय तथा शिक्षक रोशन कुमार तिवारी, संतोष कुमार शुक्ला और रोहित त्रिपाठी उपस्थित रहे। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को वृक्षों के पर्यावरणीय, सामाजिक एवं सांस्कृतिक महत्व से अवगत कराया तथा प्रकृति संरक्षण को जीवन का अनिवार्य दायित्व बताया। यह अभियान केवल वृक्षारोपण तक सीमित नहीं रहा, बल्कि विद्यार्थियों और आदिवासी बच्चों के बीच पर्यावरणीय जागरूकता, सामाजिक सहभागिता और प्रकृति संरक्षण का संदेश देने का भी प्रभावी माध्यम बना।

### शिव शक्ति समिति के श्री राम कथा का हुआ समापन

**कोलकाता, समाज्ञा :** शिव शक्ति समिति द्वारा आयोजित श्री राम कथा वैदिक मंत्र विधि द्वारा हवन कथा के साथ समापन हुआ। इसके बाद, अयोध्या धाम से पधारे कथा वाचक बलराम दास का चरण पूजन भी किया गया। महाभोग भंडारा का विशाल आयोजन किया गया। इलाहाबाद के सुप्रसिद्ध गायक विनय दुबे ने अपनी गायकी से लोगों को खूब रिझाया और भक्ति गीत पर श्रोता भक्तगण मिलकर सारा माहौल नाचते दिखे। शिव शक्ति समिति के अध्यक्ष दारा सिंह ने सभी भक्तों-दर्शकों का अभिवादन किया। संस्था के संयोजक पार्षद कामख्या नारायण सिंह, समाजसेवी भारत शाह सभी को चुनड़ी मोतियों की माला पहनाकर सभी का स्वागत किया। कन्हैया लाल शर्मा, जयप्रकाश पांडेय, नंदलाल शर्मा, अजीत साहा, प्रमोद शर्मा, अनिल शाश्वत, डबलू सिंह, डॉ उदय सिंह, मस्कारा, मकसूदन शर्मा, सत्येंद्र सिंह, गणेश शर्मा, सोनू पांडे, संतोष सिंह, शेखर शर्मा, संजय सिंह, राजकुमार, अजय सिंह, कमलेश, शशि, चंद्र प्रकाश, वीरेंद्र यादव ने सक्रिय भूमिका निभाई।



# भूमिहार एकता मंच के स्नेह मिलन समारोह में अमर शहीद मंगल पांडे की जयंती मनाई गई

**कोलकाता, समाज्ञा :** भूमिहार एकता मंच, पश्चिम बंगाल की दक्षिण कोलकाता शाखा की ओर से सोनारपुर में 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के अग्रदूत अमर शहीद मंगल पांडे की जयंती सह स्नेह भाई मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दक्षिण कोलकाता शाखा के अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने की, जबकि मंच के सभापति मुकेश ठाकुर के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित हुआ। संचालन प्रदेश संयोजक जितेंद्र नाथ राय ने किया।



कार्यक्रम में कोलकाता नगर निगम के पार्षद राजेश सिन्हा, भारतीय जनता पार्टी के नेता शैलेश पांडे, राजीव सिन्हा, मंच के प्रदेश अध्यक्ष त्रिभुवन कुमार मिश्रा, उप संयोजक संजय ठाकुर, प्रधान महासचिव रवींद्र कुमार सिंह, उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार श्रीकांत शर्मा, महासचिव गोरखनाथ सिंह, शैलेश सिंह, कोषाध्यक्ष मनोज कुमार राय, सुनील ठाकुर, सत्यनारायण सिंह, अशोक कुमार ओझा, राकेश राय, सुमंत राय, सत्येंद्र राय, राजीव सिंह अप्पू, दीपक सिंह, नीरज सिंह, उमेश सिंह भोजपुरिया, संदीप आनंद राय, मनोज सिंह, मैनेजर राय, बबलू सिंह, मनोज वर्मा, सुभाष सिंह और ललन पांडे सहित हावड़ा, हुगली, उत्तर 24 परगना, दक्षिण 24 परगना और कोलकाता की विभिन्न शाखाओं से शिवाजी सिंह, सीताराम पांडे, अवधेश राय, लालबाबू सिंह, ओंकार नाथ राय, विश्वनाथ राय, विमलेश सिंह, रवि सिंह, चंद्रमा राय, अरुण राय, राकेश दीक्षित, रविन्द्रं कुंअर, अखिलेश सिंह, संजीव सिंह, दीपक सिंह, मधुरेश सिंह, मंजय राय, अनीश पांडे, शंभू सिंह, मनीष आनंद और मनोज सिंह उपस्थित रहे।

अपने संबोधन में प्रदेश अध्यक्ष त्रिभुवन कुमार मिश्रा ने सभी अतिथियों और सदस्यों का स्वागत करते हुए समाज में एकता, प्रेम और संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया। उन्होंने अगले माह आयोजित होने वाले मंच के 13वें वार्षिकोत्सव को सफल बनाने की अपील भी की।

कार्यक्रम को सफल बनाने में संजीव ठाकुर, अभिजीत सिंह, संदीप सिंह, आस्था सिंह, अजय कुमार सिंह, सरबजीत कुमार तिवारी, श्रीकांत सिंह, संजय शाही, संजय कुमार सिंह, रत्नेश कुमार ठाकुर, संतोष सिंह और शशि रंजन सिंह ने सक्रिय भूमिका निभाई। समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ, जिसके बाद सभी उपस्थित लोगों ने सामूहिक भोज में भाग लिया।

# अभिषेक बनर्जी को इलाज के लिए विदेश जाने की अनुमति नहीं, हाई कोर्ट ने खारिज की याचिका

**❑ तृणमूल सांसद को सरकारी अस्पताल में जांच कराने की सलाह**



**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता हाई कोर्ट की सिंगल-जज बेंच ने सोमवार को तृणमूल कांग्रेस के महासचिव और लोकसभा सदस्य अभिषेक बनर्जी की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने आंखों के इलाज के लिए विदेश जाने की अनुमति मांगी थी। भड़काऊ भाषण देने के आरोप में अभिषेक बनर्जी के खिलाफ चल रहे एक मामले की सुनवाई के दौरान सांसद के वकील ने अपने क्लाइंट को आंखों के इलाज के लिए विदेश जाने की अनुमति देने की अपील की। हालांकि, मामले की सुनवाई कर रहे जस्टिस सौगत भट्टाचार्य ने विदेश यात्रा की अपील को खारिज कर दिया। इसके बजाय जस्टिस भट्टाचार्य ने अभिषेक बनर्जी को सलाह दी कि वे पहले कोलकाता के सरकारी एसएसकेएम मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के विशेषज्ञों से सलाह लें। जस्टिस भट्टाचार्य ने यह भी कहा कि अदालत इस मामले में आगे का फैसला एसएसकेएम मेडिकल कॉलेज की रिपोर्ट देखने के बाद ही लेगी। जब अभिषेक बनर्जी के वकील ने अपने क्लाइंट के आंखों के इलाज के लिए विदेश यात्रा की अनुमति की अपील की, तो जस्टिस भट्टाचार्य ने सबसे पहले यह पूछा कि क्या डायमंड हार्बर के सांसद ने किसी नेत्र रोग विशेषज्ञ से सलाह ली है। इसके जवाब में अभिषेक के वकील ने अदालत को बताया कि उनके क्लाइंट का पिछले दस सालों से अमेरिका में आंखों का इलाज चल रहा है। राज्य सरकार के वकील और राज्य के अतिरिक्त एडवोकेट जनरल राजदीप मजूमदार ने अभिषेक बनर्जी को विदेश यात्रा की अनुमति देने का जोरदार विरोध किया। मजूमदार ने तर्क दिया कि चूंकि, नफरत फैलाने वाले भाषण के मामले सहित कई अन्य महत्वपूर्ण मामले लंबित हैं, इसलिए उनकी विदेश यात्रा की अनुमति से जांच प्रक्रिया में जटिलताएं पैदा हो सकती हैं। दोनों पक्षों को सुनने के बाद जस्टिस भट्टाचार्य ने कहा कि वे एसएसकेएम कॉलेज के नेत्र रोग विभाग के प्रमुख को सांसद की जांच के लिए एक मेडिकल बोर्ड बनाने का निर्देश देंगे। जस्टिस भट्टाचार्य ने कहा कि अदालत रिपोर्ट के आधार पर मामले में फैसला करेगी। उनकी विदेश यात्रा की अनुमति के मामले में अगली सुनवाई अगस्त में होगी।

### धमकी भरे भाषण का मामला : अभिषेक बनर्जी को दंडात्मक कार्रवाई से मिला संरक्षण छह अक्टूबर तक बढ़ा

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने सोमवार को तृणमूल कांग्रेस सांसद अभिषेक बनर्जी को विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान कथित तौर पर डराने-धमकाने वाले बयान देने के मामले में दंडात्मक कार्रवाई से मिली अंतरिम राहत छह अक्टूबर तक बढ़ा दी। न्यायमूर्ति सौगत भट्टाचार्य ने राहत प्रदान करते हुए अभिषेक बनर्जी को जांच में सहयोग करने और अदालत की इजाजत के बिना विदेश यात्रा न करने का निर्देश दिया, जैसा कि पहले आदेश दिया गया था। न्यायाधीश ने अभिषेक बनर्जी को दी गई अंतरिम राहत छह अक्टूबर तक या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, बढ़ा दी और कहा कि अंतरिम राहत की शर्तों में बदलाव के लिए तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव की याचिका पर अगस्त में सुनवाई होगी, लेकिन उन्होंने कोई विशेष तारीख तय नहीं की।

### मानसिक रूप से दिव्यांग किशोर की हत्या करने के आरोप में चार गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** पुलिस ने सोमवार को बताया कि एक पुनर्वास केंद्र के चार कर्मचारियों को मानसिक रूप से दिव्यागं किशोर को पीट-पीटकर हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। यह घटना रविवार को दक्षिण कोलकाता के बंसद्रोणी थाना क्षेत्र में घटी। पता चला है कि चार कर्मचारी 17 वर्षीय किशोर को कार में धकेल कर पुनर्वास केंद्र ले जा रहे थे। रास्ते में ही किशोर की मौत हो गई। परिवार का आरोप है कि हरिदेवपुर में स्थित पुनर्वास केंद्र ले जाते समय उसकी पिटाई की गई। परिवार की शिकायत के बाद पुलिस ने चारों कर्मचारियों को गिरफ्तार कर लिया। परिवार के अनुसार, किशोर एक जटिल मानसिक बीमारी से पीड़ित था और कभी-कभी हिंसक हो जाता था। अचानक हिंसक हो जाने पर परिवार ने हरिदेवपुर थाना क्षेत्र के एक पुनर्वास केंद्र से संपर्क किया। रविवार को हरिदेवपुर पुनर्वास केंद्र के चार कर्मचारी किशोर को लेने आए। उन्होंने उसे कार में बिठाया और पुनर्वास केंद्र के लिए रवाना हो गए। किशोर के पिता पीछे एक दूसरी कार में थे। किशोर की मां ने पुलिस को बताया कि कुछ दूर जाने के बाद चारों कर्मचारियों ने उन्हें बताया कि उनका बेटा कार में बेहोश हो गया है। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिवार का आरोप है कि कर्मचारियों ने कार के अंदर किशोर को पीटा, जिसके कारण उसकी मौत हो गई। परिवार की शिकायत के बाद पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर चारों कर्मचारियों को गिरफ्तार कर लिया। उनके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। उनसे पूछताछ की जाएगी ताकि पता चल सके कि कार में क्या गड़बड़ हुई और उनकी देखरेख में मौजूद मरीज की मौत क्यों हुई। जांच जारी है।

## कोलकाता समेत राज्यभर में गरज के साथ हुई बारिश, अगले 3 दिनों तक अलर्ट जारी

**❑ जलभराव और ट्रैफिक की समस्या पर प्रशासन अलर्ट**

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता और आसपास के इलाकों में सोमवार की दोपहर से ही गरज के साथ भारी बारिश हुई। लगातार बारिश के चलते मध्य कोलकाता, खिदिरपुर, पार्क सर्कस और अन्य निचले इलाकों में अस्थायी जलभराव की समस्या उत्पन्न हुई। अलीपुर मौसम विभाग ने अगले 72 घंटों के लिए भारी बारिश की चेतावनी जारी करते हुए नागरिकों को सतर्क रहने की सलाह दी है। मौसम विभाग के अनुसार, मंगलवार से दक्षिण बंगाल के जिलों में बारिश की तीव्रता में भारी वृद्धि होगी। कोलकाता, उत्तर व दक्षिण 24 परगना, हावड़ा, और पूर्व व पश्चिम



मेदिनीपुर में भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। इस दौरान 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने और वज्रपात की भी प्रबल आशंका है। इसे देखते हुए शहर में ट्रैफिक पुलिस को विशेष निर्देश दिए गए हैं ताकि जलजमाव वाले चौराहों पर वाहनों का आवागमन सुचारू रूप से चलता रहे। ऑफिस और स्कूल से लौटने वाले लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। दक्षिण बंगाल के मुकाबले उत्तर बंगाल में स्थिति और अधिक गंभीर है। मानसूनी द्रोणिका और बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवातीय परिसंचरण के कारण दार्जिलिंग, कालिम्पोंग, जलपाईगुड़ी और अलीपुरद्वार जिलों में भारी से अति-भारी बारिश (7 से 20 सेमी) का 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया गया है। स्थानीय प्रशासन ने इन क्षेत्रों में भूस्खलन को लेकर भी एहतियात बरतने के निर्देश दिए हैं। मौसम विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि बारिश और बिजली कड़कने के दौरान खुले मैदानों, पेड़ों या बिजली के खंभों के नीचे आश्रय न लें। वज्रपात से बचने के लिए पक्के मकानों के अंदर ही रहें। तटीय इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है और मछुआरों को समुद्र की स्थिति सामान्य होने तक तट पर ही रहने की हिदायत दी गई है।

## पूर्व रेलवे का पहला मल्टी-डिसिप्लिनरी डिविजनल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट सियालदह में शुरू, सुरक्षा प्रशिक्षण को मिलेगा नया आयाम

**कोलकाता, समाज्ञा**

पूर्व रेलवे ने रेल परिचालन को अधिक सुरक्षित, आधुनिक और दक्ष बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए सियालदह के बेलियाघाटा में पूर्व रेलवे के पहले मल्टी-डिसिप्लिनरी डिविजनल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (एमडीडीटीआई) सह सीबीटी सेंटर का उद्घाटन किया। पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देवस्कर ने इस अत्याधुनिक संस्थान का उद्घाटन किया। यह भारतीय रेलवे के ऐसे केवल सात विशेष प्रशिक्षण केंद्रों में से एक है। इस संस्थान में परिचालन, इंजीनियरिंग, सिग्नल एवं दूरसंचार, विद्युत और स्टोर्स विभाग के कर्मचारियों को आधुनिक तकनीकी



प्रशिक्षण दिया जाएगा। यहां स्मार्ट क्लास, ट्रेन सूचना प्रदर्शन (टीआईबी) लैब, इलेक्ट्रिक लिफ्टिंग बैरियर और स्लाइडिंग बैरियर के व्यावहारिक प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जिससे रेल संचालन की सुरक्षा और दक्षता बढ़ेगी। महाप्रबंधक ने संस्थान में 120 कंप्यूटर टर्मिनल वाले अत्याधुनिक डिजिटल परीक्षा कक्ष के निर्माण के लिए 4.92 करोड़ रुपये की परियोजना की भी घोषणा की, जिसे दिसंबर 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य है। परिसर में 80 बिस्तरों वाला छात्रावास, कैफेटेरिया, पुस्तकालय, हाई-स्पीड वाई-फाई तथा कंप्यूटर आधारित परीक्षा केंद्र भी विकसित किया गया है। सियालदह मंडल के मंडल रेल प्रबंधक राजीव सक्सेना ने संस्थान के भविष्य की योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि यहां 12.84 करोड़ रुपये की लागत से तीन-फेज मोशन सिम्युलेटर भवन बनाया जाएगा, जिससे लोको पायलटों को अत्याधुनिक प्रशिक्षण दिया जा सकेगा। इसके अलावा 4.99 करोड़ रुपये की लागत से पुराने भवन को 'कवच' जैसी उन्नत सिग्नलिंग प्रणाली से लैस मॉडल रूम में बदला जाएगा। पूर्व रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शिबराम माझी ने कहा कि यह संस्थान कर्मचारियों के कौशल विकास के साथ रेल सुरक्षा मानकों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उद्घाटन समारोह में एजीएम एस. पी. सिंह, प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी महुआ वर्मा सहित पूर्व रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## फेडरल बैंक ने कोलकाता के सेक्टर-2 में खोली नई शाखा, ग्राहकों को मिलेगी बेहतर बैंकिंग सेवा

**कोलकाता, समाज्ञा :** फेडरल बैंक लिमिटेड ने पश्चिम बंगाल में अपने शाखा नेटवर्क का विस्तार करते हुए कोलकाता के सेक्टर-2 स्थित बीएच-16 में नई शाखा का उद्घाटन किया। इसके साथ ही राज्य में बैंक की शाखाओं की संख्या बढ़कर 38 हो गई है, जबकि कोलकाता में यह उसकी 28वीं शाखा है। बैंक का कहना है कि नई शाखा के माध्यम से ग्राहकों को आधुनिक और सुविधाजनक बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।



शाखा का उद्घाटन टी बोर्ड ऑफ इंडिया के डिप्टी चेयरमैन एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी सी. मुरुगन (आईएएस), भारतीय तटरक्षक बल के उप महानिरीक्षक (डीआईजी) रमेश आर. तथा सीडब्ल्यूबीटीए के अध्यक्ष सुशील पोद्दार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर फेडरल बैंक के वरिष्ठ अधिकारी और अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे। बैंक प्रबंधन के अनुसार, नई शाखा को आधुनिक बैंकिंग आवश्यकताओं और ग्राहकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विकसित किया गया है। शाखा का ढांचा सतत विकास की अवधारणा पर आधारित है, जिससे इसे पर्यावरण अनुकूल स्वरूप दिया गया है। इसके अलावा, 24 घंटे बैंकिंग सेवाओं के लिए स्मार्ट एटीएम की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है।

## हावड़ा-बंडेल लोकल की महिला बोगी में महिला को चलती ट्रेन से धक्का देने का आरोप, आरोपी गिरफ्तार

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा-बंडेल लोकल ट्रेन की महिला बोगी में एक महिला यात्री को कथित रूप से चलती ट्रेन से धक्का देकर गिराने के मामले में बेलूर जीआरपी ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान गणेश कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार, घटना रविवार रात करीब 8:10 बजे की है। हावड़ा-बंडेल लोकल ट्रेन के बेलूर स्टेशन से रवाना होने के कुछ ही देर बाद महिला बोगी में यह घटना हुई। हादसे में गंभीर रूप से घायल महिला की पहचान ऋषड़ा के प्रभाष नगर निवासी रोशनी कुमारी के रूप में हुई है। उन्हें तत्काल उपचार के लिए बेलूर स्टेट जनरल अस्पताल में भर्ती कराया गया।

रोशनी कुमारी ने बताया कि वह साल्ट लेक सेक्टर-5 स्थित अपने कार्यालय से काम समाप्त कर हावड़ा स्टेशन पहुंची थीं और वहां से अप-बैंडेल लोकल की महिला बोगी में सवार हुईं। उनका आरोप है कि यात्रा के दौरान एक व्यक्ति महिला बोगी में घुस आया और अचानक उन्हें धक्का दे दिया। इससे वह चलती ट्रेन से रेलवे ट्रैक पर गिर गईं। हादसे में उनका एक हाथ फ्रैक्चर हो गया, जबकि सिर और पैर में भी गंभीर चोटें आई हैं। पीड़िता की शिकायत के आधार पर बेलूड़ जीआरपी ने जांच शुरू करते हुए बाली स्टेशन से आरोपी गणेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया। सोमवार को उसे हावड़ा अदालत में पेश किया गया, जहां प्रभारी मजिस्ट्रेट ने आरोपी को तीन दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया।

## चोरी की वारदात का खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार, नकदी व सोने के आभूषण बरामद

**हुगली :** हुगली ग्रामीण जिला पुलिस के दादपुर थाना ने एक घर में हुई चोरी की घटना का सफल खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 53,500 रुपये नकद तथा करीब 19 ग्राम सोने के आभूषण बरामद किए हैं।

यह मामला दादपुर थाना क्षेत्र के गणेशपुर निवासी की शिकायत के आधार पर दर्ज किया गया था। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि घर में रंगाई-पुताई का काम करने आए कुछ लोगों पर चोरी का संदेह है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल जांच शुरू की। जांच के दौरान प्राथमिकी में नामजद दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में मिली जानकारी के आधार पर चोरी का सामान खरीदने



के आरोप में एक अन्य व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया गया।

पुलिस हिरासत में पूछताछ के दौरान आरोपियों की निशानदेही पर उनके घरों से 38,500 रुपये और 15,000 रुपये नकद के अलावा लगभग 19 ग्राम सोने के आभूषण बरामद किए गए, जिन्हें विधिवत जब्त कर लिया गया।

पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध आवश्यक धाराएं जोड़ते हुए मामले की आगे की जांच शुरू कर दी है। हुगली ग्रामीण जिला पुलिस ने कहा कि अपराध पर प्रभावी नियंत्रण और आम जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा।

## न्यू टाउन में फंदे से लटका मिला महिला का शव, लिव-इन पार्टनर भी लहूलुहान

**❑ महिला के शरीर पर चोट के निशान, हत्या या आत्महत्या?**

**कोलकाता, समाज्ञा :** न्यू टाउन में किराए के एक अपार्टमेंट में एक महिला का शव फंदे से लटका मिला, जबकि उसी फ्लैट में उसका लिव-इन पार्टनर भी मिला, जिसकी कलाई कटी हुई थी। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि क्या महिला की हत्या करने के बाद पुरुष ने आत्महत्या की कोशिश की। मृतका की पहचान त्रिशा साहा (25) के तौर पर हुई है। वहा उत्तर 24 परगना जिले के बैरकपुर की निवासी है और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर है। पुलिस ने बताया कि वह पिछले चार महीनों से न्यू टाउन के चंडीबेरिया इलाके में एक फ्लैट में नैहाटी के रहने वाले अपने लिव-इन पार्टनर सौविक रॉय के साथ रह रही थी।

रविवार की देर रात सूचना मिलने पर पुलिस अपार्टमेंट पहुंची और फ्लैट के अंदर साहा का शव फंदे से लटका हुआ मिला। रॉय दूसरे कमरे में गंभीर रूप से घायल हालत में मिला और उसकी कलाइयां कटी हुई थीं। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि हम इस बात की जांच कर रहे हैं कि क्या महिला के साथ मारपीट के बाद उसे फांसी पर लटकाया गया और क्या बाद में उस व्यक्ति ने आत्महत्या की कोशिश की। हम किसी नतीजे पर जल्दबाजी में नहीं पहुंच रहे हैं। हर संभावित पहलू की जांच की जा रही है।

## दक्षिण 24 परगना में अरण्य सप्ताह का समापन, पर्यावरण संरक्षण का दिया गया संदेश

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल सरकार के वन विभाग की पहल पर दक्षिण 24 परगना जिले में 15 से 20 जुलाई तक आयोजित अरण्य सप्ताह का समापन रविवार को हरिणडांगा उच्च विद्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों के साथ हुआ। समापन समारोह में पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण और वन संपदा के महत्व पर विशेष चर्चा की गई। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया।

राज्य सरकार की 'एक पेड़ मां के नाम' योजना के तहत लोगों को अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी अभियान के अंतर्गत वन विभाग की ओर से आम लोगों को निःशुल्क पौधे वितरित किए जा रहे हैं। अधिकारियों ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और जलवायु



संतुलन बनाए रखने के लिए जनभागीदारी के साथ व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण समय की आवश्यकता है।

दक्षिण 24 परगना वन विभाग के नेतृत्व में, जिला प्रशासन, डायमंड हार्बर महकमा प्रशासन तथा हरिणडांगा उच्च विद्यालय के सहयोग से आयोजित इस समापन समारोह में फलता के विधायक देवांशु पांडा, दक्षिण 24 परगना के अतिरिक्त जिलाधिकारी (भूमि सुधार) सद्दाम नावास, प्रभागीय वन अधिकारी निशा गोस्वामी, डायमंड हार्बर के महकमा शासक अयन दत्तगुप्ता, सुंदरबन टाइगर रिजर्व के उप क्षेत्र निदेशक चित्रक भट्टाचार्य, उद्यान विभाग के उपनिदेशक कुशध्वज बाग, वन क्षेत्राधिकारी शुभाशीष हलदार, जिला विद्यालय निरीक्षक सुनीति सांपुई, फलता के खंड विकास अधिकारी तन्मय भट्टाचार्य, अवर विद्यालय निरीक्षक पियाली बरुआ तथा हरिणडांगा उच्च विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक निर्माल्य हलदार सहित अनेक अधिकारी, विशिष्ट अतिथि, शिक्षक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

समारोह में उपस्थित वक्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देने, वन क्षेत्र के विस्तार तथा प्रत्येक नागरिक को नियमित रूप से वृक्षारोपण के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का समापन पौधारोपण और पर्यावरण संरक्षण की सामूहिक शपथ के साथ हुआ।

## ममता ने शहीद दिवस के सभास्थल का लिया जायजा

### सभा नहीं करने देने का लगाया आरोप



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शहीद दिवस की रैली की पूर्व संध्या आरोप लगाया कि 21 जुलाई को कोलकाता में होने वाली सालाना 'शहीद दिवस' रैली से पहले उनकी पार्टी के धड़े को बैठकें और जुलूस निकालने से रोका जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद समर्थक इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कोलकाता आ रहे हैं। सोमवार की शाम पूर्व मुख्यमंत्री ने मध्य कोलकाता के बिड़ला तारामंडल इलाके में तैयारियों का जायजा लेने के बाद यह दावा किया। ममता ने पत्रकारों से कहा कि हमारी सभाओं और जुलूसों की इजाजत नहीं दी जा रही है। दूर-दराज के जिलों से आने वाले कार्यकर्ताओं को ठहरने की जगह तक नहीं मिल रही है। फिर भी, वे स्नेह के कारण आ रहे हैं।

### 'लोकतंत्र में लाठी नहीं, संवाद होना चाहिए', दिल्ली में छात्रों पर पुलिस कार्रवाई की ममता ने की निंदा

**कोलकाता, समाज्ञा :** दिल्ली में छात्रों और युवाओं के प्रदर्शन के दौरान पुलिस की कार्रवाई को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने सोशल मीडिया पर जारी बयान में पुलिस कार्रवाई की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि लोकतंत्र में सवालों का जवाब लाठीचार्ज और आंसू गैस से नहीं, बल्कि संवाद के माध्यम से दिया जाना चाहिए। ममता ने अपने पोस्ट में कहा कि देश छात्रों, किसानों, महिलाओं, श्रमिकों और प्रत्येक नागरिक का है। उन्होंने कहा कि असहमति व्यक्त करना लोकतांत्रिक अधिकार है और इसे अपराध की तरह नहीं देखा जाना चाहिए। उनके अनुसार, पुलिस बल का प्रयोग सुशासन का विकल्प नहीं हो सकता। ममता ने प्रदर्शन में शामिल छात्रों और युवाओं के प्रति एकजुटता जताते हुए कहा कि उनकी मांगों और चिंताओं को गंभीरता से सुना जाना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि पूरे घटनाक्रम में जवाबदेही तय होना आवश्यक है। अपने संदेश के अंत में ममता ने प्रदर्शन में शामिल युवाओं के साहस और दृढ़ता की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने पूरे देश को निडर होकर अपनी बात रखने का वास्तविक उदाहरण प्रस्तुत किया है।

## वर्ष 2011 में शहीद दिवस के मंच से हुई थी ममता-शुभेंदु मतभेद की शुरुआत : प्रबीर घोषाल

### 21 जुलाई 1993: 'शहीद दिवस' से सियासी भूचाल तक, कैसे बदली बंगाल की राजनीति की दिशा

**हुगली :** पश्चिम बंगाल की राजनीति में 21 जुलाई 1993 एक ऐसा दिन है, जिसने न केवल इतिहास रचा बल्कि आने वाले दशकों की सत्ता की दिशा भी तय की। उस दिन पुलिस फायरिंग में 13 लोगों की मौत ने पूरे राज्य को झकझोर दिया था। आज यही दिन 'शहीद दिवस' के रूप में मनाया जाता है।

उत्तरपाड़ा के पूर्व तृणमूल विधायक और वरिष्ठ पत्रकार प्रबीर घोषाल ने इस ऐतिहासिक घटना और उसके बाद के राजनीतिक घटनाक्रम पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि 1993 की घटना ने ममता बनर्जी के जननेता बनने की नींव रखी और आगे चलकर 2011 के सत्ता परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त किया।

प्रबीर घोषाल के अनुसार, उस समय युवा कांग्रेस के आह्वान पर लाखों लोग सड़कों पर उतरे थे। हालात बिगड़ने के बाद पुलिस फायरिंग में 13 लोगों की मौत हुई। उनके मुताबिक, यह घटना केवल एक त्रासदी नहीं थी, बल्कि यहीं से बंगाल की राजनीति में बदलाव की शुरुआत भी हुई।

**❑ 2011 में 'शहीद दिवस' बना 'विजय उत्सव'**

घोषाल ने बताया कि वर्ष 2011 में सत्ता परिवर्तन के बाद 21 जुलाई का राजनीतिक महत्व और बढ़ गया। उसी वर्ष पहली बार कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में इसे 'विजय उत्सव' के रूप में मनाया गया। उनके अनुसार, कार्यक्रम भव्य था, लेकिन इसी दौरान पार्टी के भीतर शक्ति संतुलन को लेकर मतभेद भी उभरने लगे।

**❑ शुभेंदु अधिकारी की नाराजगी की शुरुआत**

प्रबीर घोषाल का दावा है कि उस समय तृणमूल युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष रहे शुभेंदु अधिकारी को इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में अपेक्षित भूमिका नहीं मिली। परंपरा के अनुसार आयोजन की जिम्मेदारी उनके पास होनी चाहिए थी, लेकिन उन्हें मंच संचालन और कार्यक्रम के नेतृत्व से दूर रखा गया।

उन्होंने कहा कि शुभेंदु अधिकारी मंच पर मौजूद थे, लेकिन उन्हें वह सम्मान और जिम्मेदारी नहीं मिली



जिसकी उन्हें अपेक्षा थी। उनके अनुसार, उसी दिन से पार्टी के भीतर असंतोष की शुरुआत हुई।

**❑ नंदीग्राम आंदोलन से बढ़ा राजनीतिक कद**

घोषाल ने कहा कि नंदीग्राम आंदोलन में अधिकारी परिवार की भूमिका ने तृणमूल कांग्रेस को सत्ता तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इसके बाद शुभेंदु अधिकारी का जनाधार और संगठनात्मक प्रभाव लगातार बढ़ता गया, लेकिन इसके साथ ही पार्टी के भीतर मतभेद भी गहराने लगे।

**❑ अंदरूनी राजनीति और बढ़ता टकराव**

प्रबीर घोषाल के अनुसार, समय के साथ तृणमूल कांग्रेस में नेतृत्व को लेकर खींचतान बढ़ती गई। संगठनात्मक बदलाव, नई नियुक्तियों और शक्ति संतुलन की कोशिशों के बीच शुभेंदु अधिकारी को धीरे-धीरे संगठन में सीमित करने की रणनीति अपनाई गई, जबकि दूसरी ओर नए नेतृत्व को आगे बढ़ाने की प्रक्रिया शुरू हुई।

उन्होंने दावा किया कि बाद के वर्षों में अभिषेक बनर्जी के बढ़ते प्रभाव और नेतृत्व शैली को लेकर भी पार्टी के भीतर असंतोष पैदा हुआ, जिससे कई वरिष्ठ नेता असहज महसूस करने लगे।

**❑ नई राजनीतिक राह**

बढ़ते मतभेदों के बीच शुभेंदु अधिकारी ने तृणमूल कांग्रेस से अलग होकर भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया और ममता बनर्जी के खिलाफ सीधी राजनीतिक चुनौती पेश की। प्रबीर घोषाल के अनुसार, अपने जनाधार और राजनीतिक रणनीति के बल पर उन्होंने राज्य की राजनीति में एक मजबूत विकल्प के रूप में स्वयं को स्थापित किया।

घोषाल ने कहा कि वर्ष 2026 के राजनीतिक घटनाक्रम और सत्ता परिवर्तन के बाद तृणमूल कांग्रेस के भीतर नेतृत्व विवाद, असंतोष और रणनीतिक मतभेद खुलकर सामने आए, जिससे पार्टी की एकजुटता प्रभावित हुई।

उन्होंने कहा कि आज 21 जुलाई केवल शहीदों को श्रद्धांजलि देने का दिन नहीं, बल्कि सत्ता, संघर्ष और बदलते राजनीतिक समीकरणों का भी प्रतीक बन चुका है।

# नीट मुद्दे पर लोकसभा में विपक्ष का हंगामा, पहले दिन नहीं चल सका प्रश्नकाल



नई दिल्ली: संसद के मानसून सत्र के पहले दिन सोमवार को लोकसभा में नीट परीक्षा में कथित अनियमितताओं, राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले और अन्य मुद्दों को लेकर विपक्ष के जोरदार हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही बार-बार बाधित रही। लगातार छह बार स्थगन के बाद लोकसभा की कार्यवाही मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। हंगामे के चलते प्रश्नकाल, शून्यकाल और अधिकांश विधायी कार्य नहीं हो सके। नीट पेपर लीक मामले में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर विपक्षी सांसदों ने सदन में नारेबाजी की। कांग्रेस सहित कई विपक्षी दलों के सदस्य आसन के समीप पहुंच गए और धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दो तथा न्याय दो के नारे लगाए। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदस्यों से सदन की गरिमा बनाए रखने और चर्चा के माध्यम से अपनी बात रखने की अपील की, लेकिन हंगामा जारी रहा।दोपहर बाद कुछ विपक्षी सदस्यों ने आरोप लगाया कि संसद के बाहर प्रदर्शन के कारण सांसदों को प्रवेश से रोका गया और कुछ द्वार बंद कर दिए गए। हालांकि पीठासीन सभापति जगदंबिका पाल ने इन आरोपों को खारिज करते हुए स्पष्ट किया कि अध्यक्ष के निर्देशानुसार किसी भी सांसद को प्रवेश से नहीं रोका गया।हंगामे के बीच केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने उच्चतम न्यायालय (न्यायाधीश संख्या) संशोधन विधेयक, 2026 सदन में पेश किया। विधेयक में प्रधान न्यायाधीश सहित सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों की स्वीकृत संख्या 34 से बढ़ाकर 38 करने का प्रस्ताव है।मानसून सत्र का पहला दिन पूरी तरह गतिरोध की भेंट चढ़ गया। विपक्ष ने विभिन्न मुद्दों पर सरकार को घेरने की कोशिश की, जबकि सरकार और पीठासीन अधिकारियों ने सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से चलाने की अपील की। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संसद का मानसून सत्र 13 अगस्त तक चलेगा।

## प्रधानमंत्री ने संसद में तर्क और तथ्यों के आधार पर चर्चा की उम्मीद जताई, सार्थक सत्र के लिए की अपील



संसद के मानसून सत्र के दौरान विपक्ष द्वारा कई विवादित मुद्दे उठाए जाने की संभावना के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि यदि सदन में चर्चा तर्क और तथ्यों के आधार पर होगी तो न तो हंगामे की जरूरत पड़ेगी और न ही ऊंची आवाज में बोलने की आवश्यकता होगी। संसद के मानसून सत्र की शुरुआत से पहले संवाददाताओं को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के भारत पर पड़े प्रभाव और देश के तेजी से विकसित हो रहे अंतरिक्ष क्षेत्र का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि चाहे मौसमी मानसून हो या संसद का मानसून सत्र, यदि दोनों सक्रिय और सकारात्मक हों तो वे अत्यंत उत्पादक तथा सार्थक बनते हैं एवं देश के कल्याण में योगदान देते हैं। मोदी ने कहा, 'इसलिए हमारी प्रार्थना है कि मानसून सक्रिय रहे और संसद का मानसून सत्र उत्पादक एवं सार्थक रहे।' विपक्ष द्वारा राम मंदिर के चढ़ावे में कथित गड़बड़ी, नीट-यूजी 2026 प्रश्नपत्र लीक और ई-20 पेट्रोल जैसे मुद्दों पर चर्चा की मांग किए जाने की पृष्ठभूमि में प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि सदन में चर्चा तर्क और तथ्यों के आधार पर होगी। उन्होंने कहा, 'मेरा मानना है कि जहां तथ्य होते हैं, वहां हंगामे की जरूरत नहीं होती। यदि आपके तर्क और तथ्य मजबूत हैं तो ऊंची आवाज में बोलने की आवश्यकता नहीं है। संसद की भूमिका यह सुनिश्चित करना है कि हर आवाज को सुना जाए। मैं सभी सांसदों से आग्रह करता हूं कि वे सदन की कार्यवाही में पूरे मनोयोग से भाग लें।' पश्चिम एशिया संघर्ष का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि ईंधन आयात पर निर्भर भारत जैसे देशों को गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। उन्होंने कहा, 'पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस और उर्वरक जैसे हर क्षेत्र में अनेक बाधाएं और संकट उत्पन्न हुए। इसके बावजूद भारत 7.7 प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहा। यह भारत की ताकत का परिचायक है।' प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले एक महीने में देश ने कई ऐसी उपलब्धियां हासिल की हैं जिन पर देशवासियों को गर्व हो सकता है। उन्होंने कहा, 'पिछले वर्ष मानसून सत्र से ठीक पहले एक भारतीय नागरिक अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर था। दो दिन पहले भारतीय युवाओं के नेतृत्व वाले एक स्टार्टअप ने ऐसी बड़ी उपलब्धि हासिल की, जिसे दुनिया के केवल कुछ ही देश हासिल कर पाए हैं। इससे भारतीयों का आत्मविश्वास बढ़ा है और विश्व में भारत की प्रतिष्ठा मजबूत हुई है। यह संदेश है कि हमारे युवाओं की क्षमता और उनकी आकांक्षाएं अंतरिक्ष की तरह असीमित हैं।'' मोदी ने कहा कि यह महज संयोग नहीं है, बल्कि यह इस बात का मजबूत संदेश है कि भारत के युवाओं की क्षमता और उनके सपनों की कोई सीमा नहीं है। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले एक बड़ी तेल रिफाइनरी का लोकार्पण किया गया, एक सेमीकंडक्टर संयंत्र का उद्घाटन हुआ और भारत की पहली, हाइड्रोजन से चलने वाली ट्रेन भी शुरू की गई, जिससे भारत यह उपलब्धि हासिल करने वाले चुनिंदा देशों में शामिल हो गया।

## जम्मू-कश्मीर में बारिश का कहर: 11 की मौत, पुंछ-राजौरी में सात लापता



**जम्मू:** जम्मू में सोमवार को बारिश से जुड़ी घटनाओं में एक महिला और उसके दो बच्चों समेत कम से कम 11 लोगों की मौत के साथ दो दिनों में मरने वालों की संख्या बढ़कर 23 हो गई है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। बाढ़ प्रभावित पुंछ और राजौरी जिलों में लगातार हो रही भारी बारिश के कारण बचाव और राहत कार्यों में बाधा आई। अधिकारियों के अनुसार, सात लोग अब भी लापता हैं। उन्होंने बताया कि पुंछ जिले के लोरान के ऊपरी इलाके में भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन से एक कच्चा मकान ढह गया, जिसके मलबे में दो बच्चों समेत सात लोग जिंदा दब गए। अधिकारियों ने बताया कि ग्रामीणों ने मलबे से सात शव निकाले। मृतकों की पहचान जाहिदा बेगम (38), उनके छह वर्षीय बेटे मनन रफीक, चार वर्षीय बेटी अलीसा, तनवीर अहमद भट (27), शमीम अख्तर (33), शबनम बानो (31) और मोहम्मद इरफान (17) के रूप में हुई। सभी पुंछ जिले की मंडी तहसील के अरिगाम गांव के निवासी थे। डोडा जिले में जम्मू-किशतवाड़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर रगी नाले के पास एक यात्री बस पहाड़ी से लुढ़क रही एक चट्टान की चपेट में आ गई। सुबह करीब साढ़े नौ बजे हुई इस घटना में कुलवंत सिंह और मनीष कुमार की मौत हो गई, जबकि छह अन्य घायल हो गए। चट्टानें गिरने से दो निजी कारें भी क्षतिग्रस्त हो गईं, जिसके कारण राष्ट्रीय राजमार्ग लंबे समय तक अवरूद्ध रहा। हालांकि, इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। अधिकारियों ने बताया कि जिले के कश्तीगढ़ क्षेत्र में शिव देवी नामक एक महिला की घर के पास गिरती चट्टान की चपेट में आने से मौत हो गई। वहीं, अचानक आई बाढ़ में बह गए विकास अहमद का शव सोमवार सुबह राजौरी शहर के सलानी क्षेत्र में नदी से बरामद किया गया। पिछले दो दिनों से जारी भारी बारिश के कारण सार्वजनिक और निजी संपत्तियों को व्यापक नुकसान पहुंचा है। पुंछ जिले में अब तक 10 लोगों की मौत हो चुकी है और छह लोग लापता हैं। वहीं, राजौरी जिले में दो लोगों की जान गई है, जबकि जल शक्ति विभाग का एक कर्मचारी लापता है।

### पुरी जगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार का विशेष सर्वेक्षण

**पुरी (ओडिशा):** पुरी के श्री जगन्नाथ मंदिर के प्राधिकारियों ने भगवान जगन्नाथ, उनके बड़े भाई बलभद्र और बहन देवी सुभद्रा की वार्षिक रथयात्रा के बीच रत्न भंडार का विशेष सर्वेक्षण किया। अधिकारियों ने बताया कि ओडिशा सरकार द्वारा अनुमोदित मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के तहत यह प्रक्रिया रविवार को संपन्न कराई गई। इस दौरान मुख्य रूप से देवताओं के लिए उपयोग किए जाने वाले आभूषणों की गिनती की गई और उनका वजन किया गया। मंदिर में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों और उत्सवों के कारण यह प्रक्रिया 23 मई से स्थगित थी। इन आभूषणों को पिछले महीने स्नान पूर्णिमा के अवसर पर देवताओं के विग्रहों से उतारा गया था। श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) के मुख्य प्रशासक अरविंद पाढ़ी ने बताया कि विशेष सर्वेक्षण के दौरान जिन आभूषणों और सामग्रियों का सत्यापन किया गया, उनमें 'राहु रेखा', सोने-चांदी के सामान, चांदी की 'रसिका' तथा देवताओं से संबंधित अन्य आभूषण और सामग्री शामिल थीं। पाढ़ी ने कहा कि पूरी प्रक्रिया की वीडियो रिकॉर्डिंग भी कराई गई।

### उच्चतम न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या बढ़ाने संबंधी विधेयक लोकसभा में पेश

**नयी दिल्ली:** सरकार ने उच्चतम न्यायालय में प्रधान न्यायाधीश समेत न्यायाधीशों की स्वीकृत संख्या 34 से बढ़ाकर 38 करने के प्रावधान वाला विधेयक सोमवार को लोकसभा में पेश किया। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सदन में विपक्षी सदस्यों के हंगामे के बीच उच्चतम न्यायालय (न्यायाधीश संख्या) संशोधन विधेयक, 2026 पेश किया। इस दौरान विपक्षी सदस्य राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले और नीट पेपर लीक के मुद्दों को लेकर नारेबाजी कर रहे थे। इसी साल मई में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने उच्चतम न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या बढ़ाने से संबंधित विधेयक को मंजूरी दी थी। इसके तुरंत बाद सरकार अध्यादेश लेकर आई थी। अध्यादेश के बाद बढ़ाई गई स्वीकृत संख्या के आधार पर उच्चतम न्यायालय में पांच न्यायाधीशों की नियुक्ति की गई। विधेयक के लिए संविधान में संशोधन की आवश्यकता नहीं होगी और इसे पारित करने के लिए साधारण बहुमत की जरूरत होगी।

### सिक्किम में भूस्खलन के बाद निर्माणाधीन सुरंग में 12 मजदूर फंसे

**गंगटोक:** सिक्किम के नामची जिले में सोमवार दोपहर को भूस्खलन के कारण एक निर्माणाधीन सड़क सुरंग का प्रवेश द्वार बंद हो गया, जिससे उसके भीतर कम से कम 12 मजदूर फंस गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि भूस्खलन के कारण समरदुंग सुरंग के अंदर संदिग्ध गैस रिसाव भी हुआ है। इसने बताया कि ऐसा माना जा रहा है कि भूस्खलन के कारण भूमिगत परतों या चट्टानों की संरचना में हलचल होने से यह गैस प्राकृतिक रूप से निकल रही है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), एसडीआरएफ, पुलिस और अग्निशमन तथा आपातकालीन सेवाओं की टीम बचाव अभियान संचालित कर रही हैं। अधिकारी ने कहा, बचाव अभियान जारी है, लेकिन सुरंग के भीतर गैस की मौजूदगी के कारण यह काम जटिल हो गया है। फंसे हुए मजदूरों तक पहुंचने की कोशिश के दौरान कई बचाव कर्मियों को चक्कर आ गए और वे बेहोश हो गए।

### ऊपरी असम में बाढ़ की स्थिति गंभीर, सेना तैनात, रेल सेवाएं प्रभावित

**गुवाहाटी:** ऊपरी असम में लगातार हो रही बारिश के कारण सोमवार को बाढ़ की स्थिति और बिगड़ गई जिसके बाद राहत एवं बचाव कार्यों में राज्य की एजेंसियों की मदद के लिए सेना के जवानों को तैनात करना पड़ा। वहीं क्षेत्र में रेल यातायात भी प्रभावित हुआ है और कई ट्रेनों के मार्ग बदले गए हैं, उन्हें अस्थायी रूप से स्थगित किया गया है या गंतव्य से पहले रोका गया है। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) के अनुसार, इस साल आई बाढ़ में अब तक पांच लोगों की मौत हो चुकी है। प्राधिकरण ने बताया कि चराईदेव, धेमाजी, डिब्रूगढ़, जोरहाट, शिवसागर, तिनसुकिया और उदलगुरी जिलों में 57,100 से अधिक लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। राज्य के कई चाय बागान बाढ़ के पानी में डूब गए हैं। टी एसोसिएशन ऑफ इंडिया की असम इकाई ने कहा कि नगालैंड से आने वाली नदियों का जलस्तर अचानक बढ़ गया है और वे खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं।

### गुवाहाटी में कई स्थानों पर भूस्खलन, बारिश की आशंका के बीच लोगों को सतर्क रहने की सलाह

गुवाहाटी: गुवाहाटी में सोमवार को कई स्थानों पर भूस्खलन की घटनाएं हुईं। इस बीच, प्राधिकारियों ने अगले 24 घंटों में शहर में और बारिश होने की चेतावनी जारी की है, जिससे स्थिति और बिगड़ने की आशंका है। कामरूप मेट्रोपालिटन के जिला आयुक्त स्वप्नील पॉल ने बताया कि कम से कम पांच स्थानों पर भूस्खलन की सूचना मिली है। उन्होंने कहा कि हालांकि, इसमें किसी के हताहत होने की अब तक कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने बताया कि प्रभावित क्षेत्रों में प्रशांति लॉज के आगे कामाख्या मुख्य मार्ग, गणेश मंदिर के पास कामाख्या कॉलोनी, पानी के टैंकर के निकट पश्चिम कामाख्या गांव, पांडु टेंपल घाट और मालीगांव का माधवदेवनगर शामिल हैं। पॉल ने कहा कि लोगों को जिले के पहाड़ी इलाकों, विशेष रूप से मालीगांव और पांडु क्षेत्र में, अनावश्यक यात्रा से बचने की सलाह दी गई है।

## राज्यसभा में नौ नवनिर्वाचित सदस्यों ने ली शपथ



**नयी दिल्ली:** राज्यसभा के सभापति सी. पी. राधाकृष्णन ने सोमवार को उच्च सदन के नौ नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई। जिन सदस्यों ने उच्च सदन की सदस्यता की शपथ ली वे गुजरात, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, मेघालय, मिजोरम, राजस्थान और पश्चिम बंगाल का प्रतिनिधित्व करते हैं। संसद के मानसून सत्र के पहले दिन शपथ लेने वाले सदस्यों में गुजरात से भाजपा के मुकेशभाई जे. राठवा, कर्नाटक से कांग्रेस के पवन खेड़ा, मध्यप्रदेश से भाजपा के महेश केवट, मेघालय से एनपीपी के जेम्स पांगसांग कोंगकल संगमा, मिजोरम से खियांग्टे लालत्लुआंगकीमा, राजस्थान से भाजपा के सतीश पूनिया, पश्चिम बंगाल से भाजपा के प्रकाश चिक बड़ाइक, सुष्मिता देव और सुखेंदु शेखर राय शामिल हैं। खेड़ा ने अंग्रेजी में, मुकेश भाई जे राठवा, महेश केवट, जेम्स पगसाग कोंकल संगमा, डॉ सतीश पूनिया और प्रकाश चिक बड़ाइक ने हिन्दी में और सुष्मिता देव तथा सुखेंदु शेखर राय ने बांग्ला में शपथ ली। बजट सत्र संपन्न होने और मानसून सत्र शुरू होने से पहले निर्वाचित हुए कुछ अन्य सदस्य अंतर-सत्र अवधि के दौरान सभापति के कक्ष में शपथ ले चुके हैं।

## गुजरात : करीब 2,212 करोड़ रुपये मूल्य के जब्त मादक पदार्थ नष्ट किये गए



भरूच, 20 जुलाई (भाषा) गुजरात के अलग-अलग हिस्सों से गत एक साल में जब्त किए गए लगभग 2,212 करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थों को सोमवार को भरूच जिले में एक विशेष भट्टी में जलाकर नष्ट कर दिया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नष्ट किये गए मादक पदार्थों में अलग-अलग तरल मादक पदार्थों की करीब 11.10 लाख बोतलें और 14,500 किलोग्राम ठोस मादक पदार्थ शामिल थे। अधिकारियों ने बताया कि स्थानीय पुलिस, अपराध अन्वेषण विभाग (सीआईडी)और आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) ने इन मादक पदार्थों को जब्त किया था और कुल 877 मामले दर्ज किए थे। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, उप मुख्यमंत्री हर्ष संघवी की मौजूदगी में, पर्यावरण नियमों के तहत दाहेज औद्योगिक क्षेत्र में बीईआईएल की भट्टी में इन मादक पदार्थों को वैज्ञानिक तरीके से नष्ट किया गया। संघवी ने कहा कि गुजरात पुलिस मादक पदार्थ गिरोहों और मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ 'जंग' लड़ रही है। उन्होंने बताया कि पुलिस मादक पदार्थ गिरोहों का भंडाफोड़ कर रही है और युवाओं को इस बुराई से दूर रखने के लिए सामाजिक संगठनों के साथ मिलकर काम कर रही है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, ''गुजरात के हर कोने में पुलिस मादक पदार्थ गिरोहों और तस्करों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। यह कोई अभियान नहीं, बल्कि एक जंग है।'' संघवी ने बताया कि पिछले साल अक्टूबर में इसी भट्टी में 2,000 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के मादक पदार्थों को नष्ट किया गया था, जबकि हालिया कार्रवाई में 2,212 करोड़ रुपये कीमत की नशीली दवाओं को जलाया गया।

## मैं 56 साल के युवा की बात नहीं कर रहा हूं : प्रधानमंत्री मोदी का राहुल गांधी पर कटाक्ष

**नयी दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को भारत के पहले निजी तौर पर विकसित ऑर्बिटल रॉकेट बनाने वाले युवा नवप्रवर्तकों की सराहना की और कांग्रेस नेता राहुल गांधी का नाम लिए बिना उन पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वह '56 साल के युवा' की बात नहीं कर रहे हैं। संसद के मानसून सत्र की शुरुआत से पहले संवाददाताओं को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि पिछले एक महीने में देश ने कई उपलब्धियां हासिल की हैं, जिनसे देशवासी गौरवान्वित हुए हैं। उन्होंने कहा कि ये उपलब्धियां राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय और अंतरिक्ष क्षेत्र तक फैली हुई हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले साल मानसून सत्र से ठीक पहले एक भारतीय नागरिक अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पहुंचा था और हाल में एक भारतीय युवा स्टार्टअप ने असाधारण उपलब्धि हासिल की। मोदी का इशारा शनिवार को स्काईरूट एयरोस्पेस द्वारा देश के पहले निजी ऑर्बिटल रॉकेट 'विक्रम-1' के प्रक्षेपण की ओर था। कंपनी ने इस रॉकेट के जरिये कई प्रौद्योगिकी प्रदर्शन पेलोड को सफलतापूर्वक निर्धारित कक्षा में स्थापित किया। इसके साथ ही भारत अमेरिका और चीन के बाद निजी ऑर्बिटल प्रक्षेपण क्षमता हासिल करने वाला दुनिया का तीसरा देश बन गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया में ऐसे गिने-चुने देश ही हैं जहां निजी कंपनियों ने इस तरह की क्षमता का प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि भारतीय युवा नवप्रवर्तकों ने अंतरिक्ष क्षेत्र में देश की आकांक्षाओं को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है और यह एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। मोदी ने कहा, ''मुझे बताया गया है कि स्काईरूट स्टार्टअप में काम करने वाली टीम की औसत आयु केवल 28 वर्ष है। इन्हीं युवा दिमागों ने यह संभव बनाया है। मैं 56 साल के युवा व्यक्ति की बात नहीं कर रहा हूं; मैं एक ऐसे स्टार्टअप की बात कर रहा हूं जिसकी टीम की औसत आयु केवल 28 साल है और जिसने अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत का झंडा गाड़ दिया है।'

### जून 2026 तक यूपीआई से जुड़े 55.49 करोड़ उपयोगकर्ता

**नयी दिल्ली:** सरकार ने सोमवार को संसद को बताया कि जून 2026 तक 'यूपीआई' से करीब 55.49 करोड़ उपयोगकर्ता जुड़ चुके हैं। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि 'यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस' भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) द्वारा संचालित भुगतान प्रणाली है, जिसे भुगतान और निपटान प्रणाली अधिनियम, 2007 के तहत अधिकृत किया गया है। उन्होंने बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 में यूपीआई के जरिए कुल 314 लाख करोड़ रुपये मूल्य के कुल 24,162 करोड़ लेनदेन हुए। मंत्री ने कहा कि एनपीसीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड (एनआईपीएल), एनपीसीआई की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है, जिसकी स्थापना अप्रैल 2020 में की गई थी। इसका उद्देश्य विदेशी इकाइयों के साथ साझेदारी कर यूपीआई और 'रुपे' कार्ड जैसी भुगतान प्रणालियों को अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि इससे भारतीय पर्यटकों और प्रवासी भारतीयों को अन्य देशों में भुगतान करने में आसानी होती है।

### तारों के बीच के अंतरिक्ष में मिली शर्करा, जीवन की उत्पत्ति के रहस्यों पर नई रोशनी

**नई दिल्ली:** वैज्ञानिकों ने पहली बार तारों के बीच मौजूद अंतरिक्ष (अंतरतारकीय माध्यम) में एरिथ्रुलोज नामक शर्करा अणु की मौजूदगी का पता लगाया है। यह खोज जीवन की उत्पत्ति और अंतरिक्ष में जटिल जैविक अणुओं के निर्माण को समझने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है। यह अध्ययन शोध पत्रिका 'नेचर एस्ट्रोनॉमी' में प्रकाशित हुआ है।स्पेनिश नेशनल रिसर्च काउंसिल और स्पेनिश एस्ट्रोबायोलॉजी सेंटर के वैज्ञानिकों ने मिल्की वे आकाशगंगा के केंद्र के पास स्थित जी+0.693-0.027 नामक आणविक गैस बादल में इस शर्करा की पहचान की। इसके लिए स्पेन के येबेस 40-मीटर और आईआरएएम 30-मीटर रेडियो टेलीस्कोप का उपयोग किया गया।शोधकर्ताओं ने प्रयोगशाला में मापे गए एरिथ्रुलोज के स्पेक्ट्रल पैटर्न का अंतरिक्ष से प्राप्त संकेतों से मिलान कर इसकी पुष्टि की। अध्ययन में यह भी पाया गया कि इस गैस बादल में एरिथ्रुलोज की मात्रा तीन कार्बन परमाणुओं वाली समान शर्कराओं की तुलना में कम से कम आठ गुना अधिक है।वैज्ञानिकों के अनुसार, यह खोज इस धारणा को चुनौती देती है कि अंतरिक्ष में अणु केवल कार्बन परमाणुओं के क्रमिक जुड़ने से ही बड़े बनते हैं। पृथ्वी पर एरिथ्रुलोज रसभरी तथा बिना धूप के त्वचा को टैन करने वाले कॉस्मेटिक उत्पादों में पाया जाता है। इससे पहले उल्कापिंडों और क्षुद्रग्रहों के नमूनों में राइबोज और ग्लूकोज जैसी शर्कराएं भी मिल चुकी हैं, जिससे यह संभावना मजबूत होती है कि जीवन के लिए आवश्यक कुछ रासायनिक तत्व अंतरिक्ष से पृथ्वी तक पहुंचे होंगे।

# संसद की ओर मार्च कर रहे कॉजपा के प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज, अभिजीत दीपके हिरासत में

## नेताओं की अपील के बाद आइसा कार्यकर्ताओं ने 23 दिन का अनशन समाप्त किया



### संसद मार्च के बाद जंतर-मंतर से कॉजपा का मंच हटाया गया

**नयी दिल्ली:** संसद मार्च पर पुलिस की कार्रवाई के कुछ घंटे बाद सोमवार शाम तक जंतर-मंतर स्थित कॉकरोच जनता पार्टी (कॉजपा) का प्रदर्शन स्थल पूरी तरह खाली करा दिया गया। मंच हटा दिया गया, तंबू उखाड़ दिए गए और सड़क पर बिखरे जूते-चप्पल दिनभर की घटनाओं की गवाही देते नजर आए। जंतर-मंतर जाने वाले मार्ग को दोनों ओर से बंद कर दिया गया। सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के अनशन और संबोधनों का केंद्र रहा मंच, काली तिरपाल, छात्र शिविर, तंबू, बैनर, पोस्टर, कालीन और गद्दे हटा दिए गए। मौके पर केवल सफाईकर्मी, पुलिस और अर्धसैनिक बलों के जवान मौजूद थे। हालांकि, प्रदर्शन स्थल से करीब 200 मीटर दूर एक हजार से अधिक प्रदर्शनकारी सड़क पर डटे रहे। मंच हटाए जाने के बाद उन्होंने लाउडस्पीकर लगे एक टेंपो से एक-दूसरे को संबोधित किया और नारेबाजी की।

### 'चलो संसद' मार्च में 118 पुलिस कर्मी घायल, दंगा सहित विभिन्न प्रावधानों के तहत कार्रवाई

दिल्ली पुलिस कॉकरोच जनता पार्टी (कॉजपा)के 'चलो संसद' मार्च के दौरान हुई हिंसा को लेकर दंगा करने, संपत्ति को नुकसान पहुंचाने, लोक सेवकों पर हमला करने सहित भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई कर रही है। दिल्ली पुलिस ने देर रात एक बयान में यह जानकारी दी। बयान के मुताबिक, प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच हुई झड़प में 118 से अधिक पुलिसकर्मी जख्मी हुए हैं। उसने बताया कि 70 प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि कि हिंसा के दौरान 60 प्रदर्शनकारी भी घायल हुए हैं।

**नयी दिल्ली:** परीक्षा पत्र लीक के विरोध में 'कॉकरोच जनता पार्टी' (कॉजपा) के संसद मार्च के दौरान सोमवार को पुलिस ने हजारों की संख्या में जुटे युवाओं को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े और लाठीचार्ज किया। विरोध प्रदर्शन तेज होने के कारण मध्य दिल्ली के बड़े हिस्से में यातायात ठप हो गया। संगठन के प्रवक्ता सौरभ दास ने दावा किया कि कॉजपा के संस्थापक अभिजीत दीपके को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। दास ने कहा, 'पुलिस शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों पर बर्बरतापूर्वक कार्रवाई कर रही है और उन्हें पीट रही है, सांसदों से अनुरोध है कि वे सड़कों पर छात्रों के समर्थन में खड़े हों।' स्कूल की वर्दी पहने कुछ प्रदर्शनकारियों समेत अन्य लोगों के मध्य दिल्ली में प्रवेश करने, अंदरूनी सड़कों से निकलने और संसद के जितना संभव हो सके, करीब पहुंचने के लिए वैकल्पिक रास्ते तलाशने की कोशिश के दौरान झड़पें हुईं। इस दौरान कुछ पुलिसकर्मी और प्रदर्शनकारी घायल हो गए। व्यापक बैरिकेडिंग के बावजूद वे नहीं रुके। वे कई किलोमीटर पैदल चले, बीच-बीच में प्रदर्शनकारियों के समूहों में शामिल होकर नारे लगाए, उचित अवसर की प्रतीक्षा में रुकते रहे ताकि बैरिकेड तोड़ सकें, और कई स्थानों पर बैरिकेड के कई स्तरों को पार करने में सफल रहे। कुछ किलोमीटर दूर, सफदरजंग अस्पताल में भर्ती सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने चिकित्सा अधीक्षक से अनुरोध किया कि उन्हें 'भले ही अस्थायी रूप से' अस्पताल से बाहर जाने की अनुमति दी जाए, ताकि वे कॉजपा के संसद मार्च में भाग ले सकें। उन्होंने कहा कि वे 'पूरी तरह ठीक' महसूस कर रहे हैं और उनके सभी स्वास्थ्य संबंधी मानक सामान्य हैं। कॉन्स्टिट्यूशन क्लब, पटेल चौक, शास्त्री भवन, आरबीआई बिल्डिंग और संसद मार्ग थाने के पास सुरक्षाबलों द्वारा अनियंत्रित भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठी चार्ज किया गया और आंसू गैस को गोले छोड़े गए। इलाके के बड़े हिस्से में इंटरनेट बंद कर दिया गया।

### नड्डा ने प्रदर्शनकारी कॉजपा की मांगों पर विचार करने का दिया आश्वासन

**कॉजपा के दो-सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने नड्डा से मुलाकात की**



**नयी दिल्ली:** केंद्र सरकार और आंदोलनरत कॉकरोच जनता पार्टी (कॉजपा) के बीच सोमवार को पहली बार सीधे संपर्क हुआ जब केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा ने कॉजपा के दो प्रतिनिधिमंडल से बातचीत की और आश्वासन दिया कि सरकार का नेतृत्व उनकी मांगों पर आंतरिक चर्चा करेगा। कॉजपा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारियों के मध्य दिल्ली में पहुंचने और संसद की ओर मार्च का प्रयास किये जाने के बाद यह पहल हुई। हालांकि पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को संसद की ओर मार्च करने से रोक दिया। कॉजपा के अनुसार, यह आश्वासन तब मिला जब उसके प्रवक्ताओं आशुतोष रांका और सौरभ दास ने मंत्री नड्डा से उनके आवास पर दो घंटे के भीतर दो बार मुलाकात की। नड्डा ने सरकार के प्रतिनिधि के रूप में उनसे बातचीत की। कॉजपा के प्रतिनिधियों ने उन्हें अपनी मांगों वाला एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें परीक्षा में कथित अनियमितताओं को लेकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग भी शामिल थी।

### झड़प के दौरान उत्तर दिल्ली के डीसीपी हुए घायल

उत्तरी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) राजा बांठिया सोमवार को संसद मार्च के दौरान प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा कर्मियों के बीच झड़प के दौरान घायल हो गए। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने कहा कि कानून व्यवस्था की निगरानी के दौरान बांठिया के हाथ और पैर में चोटें आईं और उनका इलाज किया गया।

### वांगचुक के महत्वपूर्ण स्वास्थ्य मानक स्थिर: सफदरजंग अस्पताल

सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के महत्वपूर्ण स्वास्थ्य मानक स्थिर हैं, लेकिन उनके रक्त संबंधी मानकों पर चिकित्सकों द्वारा करीबी निगरानी रखने की आवश्यकता है। सफदरजंग अस्पताल प्रशासन ने सोमवार को यह जानकारी दी। अस्पताल ने कहा कि वांगचुक का लगातार चिकित्सकीय उपचार किया जा रहा है और विशेषज्ञों की टीम उनकी स्वास्थ्य स्थिति पर करीबी नजर रखे हुए है।

### टाटा स्टील झारखंड में विभिन्न परियोजनाओं पर 10,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी

**रांची :** टाटा स्टील 2028 तक झारखंड में अपनी विभिन्न परियोजनाओं में 10,000 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बना रही है। इससे प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से 2,000 नौकरियां सृजित होंगी। कंपनी का लक्ष्य क्षमता विस्तार और कम कार्बन उत्सर्जन वाले इस्पात विनिर्माण के तरीकों को अपनाकर भारत में स्टील बनाने की क्षमता को मौजूदा के 2.73 करोड़ टन सालाना से बढ़ाकर चार करोड़ टन करना है। कंपनी के एक अधिकारी ने सोमवार को यहां संवाददाताओं से कहा, ''टाटा स्टील झारखंड में अपनी परियोजनाओं में 10,000 करोड़ रुपये का निवेश करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसमें हिसार्ना और सरल गलन प्रौद्योगिकी में 7,000 करोड़ रुपये का निवेश शामिल है। कुल मिलाकर, इस निवेश से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से 2,000 नौकरियां सृजित होंगी।'' हिसार्ना और सरल गलन प्रौद्योगिकी इस्पात उद्योग में उपयोग होने वाली आधुनिक प्रौद्योगिकी हैं, जिनका उद्देश्य उत्पादन को अधिक कुशल और पर्यावरण-अनुकूल बनाना है।

# बिहार विधानसभा में 87,383 करोड़ का अनुपूरक बजट पेश, विकास योजनाओं को मिलेगी रफ्तार

**पटना :** बिहार विधानसभा के मानसून सत्र के पहले दिन सोमवार को वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 87,383.43 करोड़ रुपये का प्रथम अनुपूरक बजट पेश किया गया। उपमुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने सदन में अनुपूरक व्यय विवरणी प्रस्तुत की। इसमें 57,077.96 करोड़ रुपये वार्षिक योजनाओं तथा 30,265.99 करोड़ रुपये वेतन, पेंशन और अन्य प्रतिबद्ध व्ययों के लिए प्रस्तावित किए गए हैं। वार्षिक योजनाओं में 32,707.24 करोड़ रुपये केंद्र प्रायोजित और 24,370.72 करोड़ रुपये राज्य योजनाओं के लिए निर्धारित किए गए हैं। केंद्र प्रायोजित योजनाओं में विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन (9,335.35 करोड़), मनरेगा (3,342.12 करोड़), इंदिरा गांधी



राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना (3,308.69 करोड़), सक्षम आंगनवाड़ी एवं पोषण 2.0 (2,780.94 करोड़), सर्व शिक्षा अभियान (2,732 करोड़) और अमृत 2.0 (2,100.11 करोड़) के लिए प्रमुख प्रावधान किए गए हैं। राज्य योजनाओं में मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना के लिए 6,710.93 करोड़ रुपये, वृहद सड़क एवं पुल निर्माण के लिए 3,665 करोड़ रुपये, दिव्यांग सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिए 1,147.84 करोड़ रुपये, लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के लिए 1,056.44 करोड़ रुपये तथा पटना मेट्रो परियोजना के लिए 952 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा छात्रवृत्ति, मेडिकल कॉलेजों के निर्माण, ग्राम सड़क उन्नयन, ग्राम संपर्क योजना, स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड और बिजली उत्पादन परियोजनाओं के लिए भी बड़ी राशि आवंटित की गई है।प्रतिबद्ध व्यय के तहत आकस्मिकता निधि में 13,550 करोड़ रुपये, मुख्यमंत्री विद्युत उपभोक्ता सहायता योजना के अंतर्गत बिजली सब्सिडी के लिए 9,994.34 करोड़ रुपये तथा पंचायती राज संस्थाओं को भुगतान के लिए 2,658.16 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।सरकार ने कहा कि अनुपूरक बजट में सामाजिक सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना, ऊर्जा, सड़क निर्माण और ग्रामीण विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। बजट पर चर्चा के बाद इसे विधानसभा से पारित कराया जाएगा।

## टोल प्लाजा के 20 किमी. दायरे में रहने वाले लोग अब 'राजमार्गयात्रा' ऐप से खरीद सकेंगे स्थानीय पास

**नई दिल्ली :** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने स्थानीय यात्रियों की सुविधा के लिए 'राजमार्गयात्रा' मोबाइल ऐप पर डिजिटल लोकल टोल पास सेवा शुरू की है। अब टोल प्लाजा के 20 किलोमीटर के दायरे में रहने वाले पात्र निवासी ऐप के माध्यम से घर बैठे लोकल पास खरीद सकेंगे और संबंधित टोल प्लाजा से एक महीने तक असीमित यात्रा कर सकेंगे।एनएचएआई के अनुसार, पहले लोकल पास बनवाने के लिए लोगों को टोल प्लाजा जाकर दस्तावेज जमा करने पड़ते थे, लेकिन अब पूरी प्रक्रिया कुछ ही मिनटों में ऑनलाइन पूरी हो जाएगी। इस सुविधा की शुरुआत दिल्ली के अर्बन एक्सटेंशन रोड-2 (यूईआर-2) स्थित मुंडका-बक्करवाला टोल प्लाजा से की गई है। आने वाले महीनों में इसे देशभर के अन्य टोल प्लाजा पर भी लागू किया जाएगा। नई व्यवस्था में डिजिलॉकर और 'वाहन' जैसे सरकारी डिजिटल प्लेटफॉर्म से सहमति-आधारित एकीकरण किया गया है। इससे आवेदक का पता, वाहन का पंजीकरण और संबंधित फास्टैग का सत्यापन स्वतः हो जाता है। पात्रता का निर्धारण जीआईएस (भौगोलिक सूचना प्रणाली) आधारित सत्यापन से होगा, जिससे दस्तावेजों की मैनुअल जांच की आवश्यकता समाप्त हो जाएगी।एनएचएआई ने राष्ट्रीय राजमार्ग उपयोगकर्ताओं के लिए 'मार्ग मित्र' सहायता केंद्र भी शुरू किया है, जिसे 'राजमार्गयात्रा' ऐप में ही जोड़ा गया है। यह मंच फास्टैग, केवाईसी, रिफंड, वार्षिक और लोकल पास सहित विभिन्न सेवाओं से जुड़े सवालों का समाधान करेगा। उपयोगकर्ता 22 भारतीय भाषाओं में अपनी शिकायत, सुझाव या प्रश्न लिखकर या बोलकर दर्ज करा सकेंगे। एनएचएआई का कहना है कि इस पहल से टोल सेवाएं अधिक पारदर्शी, तेज और यात्रियों के लिए सुविधाजनक बनेंगी।

### राष्ट्रपति मुर्मू ने मोल्दोवा के कारोबारियों को भारत में निवेश के लिए आमंत्रित किया

**किशनॉ (मोल्दोवा) :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को मोल्दोवा के कारोबारियों को भारत में व्यापार और निवेश के अवसर तलाशने के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि देश निवेश के लिए अनुकूल माहौल और व्यापक कारोबारी संभावनाएं उपलब्ध कराता है। यहां भारत-मोल्दोवा व्यापार मंच को संबोधित करते हुए मुर्मू ने कहा कि डिजिटल प्रौद्योगिकी, कृत्रिम मेधा (एआई), साइबर सुरक्षा, वित्तीय प्रौद्योगिकी, डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना, आधारभूत ढांचा, नवीकरणीय ऊर्जा, उन्नत विनिर्माण, लॉजिस्टिक, कृषि, खाद्य प्रसंस्करण, औषधि, जैव प्रौद्योगिकी और स्वास्थ्य सेवा सहित विभिन्न क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच सहयोग की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय कंपनियां सौर ऊर्जा, बैटरी भंडारण, स्मार्ट ग्रिड, हरित हाइड्रोजन और अन्य स्वच्छ प्रौद्योगिकियों सहित नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में मोल्दोवा की विकास परियोजनाओं में भागीदारी की इच्छुक हैं। राष्ट्रपति ने कहा, भारत भी मोल्दोवा की कंपनियों के लिए व्यापार और निवेश के अच्छे अवसर प्रदान करता है। हम पारदर्शी और निवेशक-अनुकूल कारोबारी माहौल को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मैं मोल्दोवा के कारोबारियों को भारत आकर अवसरों का लाभ उठाने के लिए आमंत्रित करती हूं। मुर्मू मोल्दोवा की यात्रा करने वाली भारत की पहली राष्ट्रपति हैं।

### अमेरिका में पेट्रोल की औसत कीमत फिर चार डॉलर प्रति गैलन पर पहुंची

**न्यूयॉर्क :** अमेरिका और ईरान के बीच हमलों के नए दौर के बीच सोमवार को अमेरिका में पेट्रोल की औसत खुदरा कीमत फिर बढ़कर चार डॉलर प्रति गैलन पर पहुंच गई। मोटर क्लब फेडरेशन एएए के अनुसार, नियमित श्रेणी के पेट्रोल की राष्ट्रीय औसत कीमत अब चार डॉलर प्रति गैलन हो गई है। एक साल पहले यह औसतन 3.14 डॉलर प्रति गैलन थी। यह राष्ट्रीय औसत कीमत है। इसका मतलब है कि कुछ राज्यों में वाहन चालक पहले से ही चार डॉलर प्रति गैलन से अधिक कीमत चुका रहे हैं, जबकि कुछ अन्य राज्यों में कीमत इससे कम है। राज्यों के बीच पेट्रोल की कीमतों में अंतर स्थानीय आपूर्ति, कर की अलग-अलग दरों तथा अन्य कारणों से होता है। युद्ध के कारण दुनिया के अन्य देशों में भी लोग पेट्रोल की ऊंची कीमतों का सामना कर रहे हैं। मार्च के अंत में अमेरिका में पेट्रोल की औसत कीमत पहली बार चार डॉलर प्रति गैलन से ऊपर पहुंची थी। जून के मध्य में यह इससे नीचे आ गई थी और अमेरिका तथा ईरान के बीच अंतरिम समझौता होने के बाद कच्चे तेल की कीमतों में नरमी आने से इसमें और गिरावट दर्ज की गई। हालांकि, तब भी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस बात पर नाराजगी जताई थी कि पेट्रोल की कीमतों में कच्चे तेल की तुलना में अपेक्षित तेजी से कमी नहीं आ रही है। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड का भाव सोमवार को 3.2 प्रतिशत बढ़कर 90.95 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया, जबकि अमेरिकी मानक वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 2.8 प्रतिशत की बढ़त के साथ 84.04 डॉलर प्रति बैरल हो गया।

### सोना 1,400 रुपये चढ़ा, चांदी में गिरावट का सिलसिला जारी

**नयी दिल्ली :** मजबूत वैश्विक रुझानों के बीच राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को सोने की कीमतों में 1,400 रुपये की तेजी आई और यह करीब 1.47 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंच गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने कहा कि 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,400 रुपये बढ़कर 1,46,900 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर सहित) पर पहुंच गया जबकि शुक्रवार को यह 1,45,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, चांदी की कीमतों में लगातार छठे कारोबारी सत्र में गिरावट जारी रही। चांदी 1,000 रुपये टूटकर 2,21,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) रह गई। पिछले सत्र में यह 2,22,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। चांदी में 10 जुलाई के बाद से अब तक कुल 15,500 रुपये यानी करीब 6.5 प्रतिशत की गिरावट आ चुकी है। सर्राफा कारोबारियों ने कहा कि पिछले सप्ताह की तेज गिरावट के बाद सोने में निचले स्तर पर खरीदारी देखने को मिली, जिससे इसकी कीमतों को सहारा मिला।

## भारत मत्स्य पालन सब्सिडी पर डब्ल्यूटीओ समझौते में शामिल

**नयी दिल्ली :** भारत ने सोमवार को घोषणा की कि वह मत्स्य पालन सब्सिडी पर विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के समझौते में शामिल हो गया है। यह समझौता गैर-कानूनी तरीके से मछली पकड़ने और अत्यधिक दोहन के लिए सरकारी मदद पर रोक लगाता है। यह समझौता समुद्र में प्राकृतिक रूप से पाई जाने वाली मछलियों को पकड़ने और उससे जुड़ी गतिविधियों के लिए दी जाने वाली सब्सिडी पर केंद्रित है। हालांकि, मत्स्यपालन और भूमि से घिरे जल क्षेत्रों मछली पकड़ने की गतिविधियां इस समझौते के दायरे से बाहर हैं। यह समझौता 15 सितंबर, 2025 को लागू हुआ। इस समझौते को जून, 2022 में जिनेवा में आयोजित 12वें डब्ल्यूटीओ मंत्री-स्तरीय सम्मेलन में आम सहमति से अपनाया गया था। यह पर्यावरण अनुकूल उपायों के साथ पहला बहुपक्षीय डब्ल्यूटीओ समझौता है। वाणिज्य मंत्रालय ने बयान में कहा, ''भारत ने 20 जुलाई, 2026 को मत्स्य पालन सब्सिडी पर डब्ल्यूटीओ समझौते को स्वीकार करने से संबंधित दस्तावेज को जमा किए और इसके साथ वह इस समझौते का हिस्सा बन गया।'' वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने औपचारिक स्वीकृति पत्र जिनेवा में विश्व व्यापार संगठन की महानिदेशक न्गोजी ओकोन्जो-इवेला को सौंपा। अग्रवाल आधिकारिक यात्रा पर जिनेवा में हैं। मंत्रालय ने कहा कि यह समझौता पर्यावरण अनुकूल तरीके से मछली पकड़ने को बढ़ावा देकर पारंपरिक और इस कार्य से जुड़े छोटे किसानों की आजीविका की रक्षा करता है। यह गैर-कानूनी, बिना रिपोर्ट की गई और बिना नियम-कानून वाली मछली पकड़ने की गतिविधियों और मछलियां पकड़ने के मामले में अत्यधिक दोहन से जुड़ी सब्सिडी पर रोक लगाता है। इसका मकसद मछली पकड़ने के उन गैर-टिकाऊ तरीकों को रोकना है जो समुद्री संसाधनों के लिए खतरा हैं। यह समझौता नुकसानदायक सब्सिडी को नियंत्रित कर मछली पकड़ने की एक अधिक निष्पक्ष वैश्विक व्यवस्था भी बनाता है।

## एचडीएफसी, एक्सिस बैंक में भारी बिकवाली से सेंसेक्स 443 अंक टूटा

### निफ्टी 96 अंक नुकसान में

**मुंबई :** स्थानीय शेयर बाजार में सोमवार को गिरावट आई और दोनों मानक सूचकांक नुकसान में रहे। मार्जिन संबंधी दबाव को लेकर एचडीएफसी और एक्सिस बैंक जैसे प्रमुख बैंकों के शेयरों में बिकवाली के साथ अमेरिका और ईरान के बीच तनाव बढ़ने से बीएसई सेंसेक्स 443 अंक टूटा जबकि एनएसई निफ्टी 96 अंक के नुकसान में रहा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 442.93 अंक यानी 0.57 प्रतिशत टूटकर 77,708.52 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 783.16 अंक टूटकर 77,368.29 अंक पर आ गया था। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 95.80 अंक यानी 0.39 प्रतिशत टूटकर 24,238.50 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में, एक्सिस बैंक सबसे अधिक नुकसान में रहा। बीते शनिवार को तिमाही नतीजों के बाद इसमें 5.48 प्रतिशत की गिरावट आई। वहीं एचडीएफसी बैंक में 5.12 प्रतिशत की गिरावट आई। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा, ''एचडीएफसी बैंक ने खासकर शुद्ध ब्याज मार्जिन के मोर्चे पर निराश किया है।'' मारुति, कोटक महिंद्रा बैंक, इन्फोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, महिंद्रा एंड महिंद्रा और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स में भी प्रमुख रूप से गिरावट रही। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में ट्रेंट, पावर ग्रिड, एनटीपीसी और भारती एयरटेल शामिल हैं। ऑनलाइन ट्रेडिंग कंपनी एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पोनमुडी आर ने कहा, ''भारतीय शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। इसका कारण यह है कि पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और वैश्विक स्तर पर प्रौद्योगिकी शेयरों की अगुवाई में बिकवाली के बीच निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया।''

### भारत संरचनात्मक सुधारों से आठ से नौ प्रतिशत वृद्धि हासिल कर सकता है: सुब्रमण्यम

**नयी दिल्ली :** पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार कृष्णमूर्ति वी. सुब्रमण्यम ने सोमवार को कहा कि भारत कारोबार करने और वित्तपोषण की लागत कम करने के लिए संरचनात्मक सुधारों में तेजी लाकर आठ से नौ प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि दर हासिल कर सकता है। उन्होंने भूमि, श्रम और पूंजी जैसे कारक बाजारों में सुधारों के साथ-साथ न्यायिक और नौकरशाही सुधार लागू करने की वकालत की। सुब्रमण्यम ने 'पीटीआई-भाषा' के साथ साक्षात्कार में कहा, ''वृहद आर्थिक स्थिरता ने भारत को सात प्रतिशत वृद्धि तक पहुंचाया। संस्थागत सुधार भारत को नौ प्रतिशत वृद्धि तक ले जा सकते हैं।'' उन्होंने कहा, ''जब निजी निवेश का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में हिस्सा 30 प्रतिशत से अधिक था, तब भारत ने आठ प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हासिल की थी। अभी यह लगभग 22-23 प्रतिशत है, यानी लक्ष्य से सात से आठ प्रतिशत कम।'' सुब्रमण्यम ने कहा, ''तब हम सात प्रतिशत से नौ प्रतिशत वृद्धि की छलांग लगाएंगे।'' उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्षों के सार्वजनिक पूंजीगत व्यय ने वह बुनियादी ढांचा तैयार किया है, जिसके बाद निजी निवेश आता है। साथ ही, सकल गैर-निष्पादित आस्तियां (एनपीए) कई दशक के निचले स्तर के करीब होने से बैंकिंग प्रणाली भी इसे समर्थन देने के लिए तैयार है।



# मेस्सी का सपना टूटा, टोरेस के गोल से स्पेन बना विश्व चैंपियन

**ईस्ट रदरफोर्ड :** स्पेन ने फीफा विश्व कप 2026 के रोमांचक फाइनल में अर्जेंटीना को अतिरिक्त समय में 1-0 से हराकर 16 वर्ष बाद दूसरी बार विश्व कप खिताब जीत लिया। निर्धारित 90 मिनट तक दोनों टीमें गोल नहीं कर सकीं, लेकिन अतिरिक्त समय के 106वें मिनट में स्थानापन्न खिलाड़ी फेरान टोरेस ने निर्णायक गोल कर स्पेन को ऐतिहासिक जीत दिलाई। यह टूर्नामेंट में उनका पहला गोल था, जो स्पेन के लिए विश्व विजेता बनने का कारण बना।पूरे टूर्नामेंट में केवल एक गोल खाने वाली स्पेनिश टीम ने शानदार रक्षण का प्रदर्शन किया और फाइनल में भी लियोनेल मेस्सी को कोई मौका नहीं दिया। स्पेन ने आठ मैचों में सिर्फ एक गोल गंवाकर विश्व कप जीतने वाली टीम द्वारा सबसे कम गोल खाने का नया रिकॉर्ड भी बनाया। इसके साथ ही स्पेन लगातार 38 अंतरराष्ट्रीय मैचों से अपराजेय हो गया। अर्जेंटीना ने अंतिम क्षणों तक बराबरी की कोशिश की, लेकिन स्पेन के अनुशासित खेल के सामने



सफल नहीं हो सका। गोलकीपर एमिलियानो मार्टिनेज ने कई बेहतरीन बचाव किए, फिर भी टोरेस के गोल को रोक नहीं सके। दूसरे हाफ के स्टॉपेज टाइम में एंजो फर्नांडिस के लाल कार्ड के बाद अर्जेंटीना को 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा।हार के बाद भावुक मेस्सी ने कहा, हमें दुख है, लेकिन स्पेन ने बेहतर फुटबॉल खेली। हमने पूरी कोशिश की और अपने देशवासियों का धन्यवाद करता हूं। 39 वर्षीय मेस्सी पहले ही संकेत दे चुके हैं कि यह उनका आखिरी विश्व कप था।स्पेन के कोच लुईस डे ला फुएंते 65 वर्ष की उम्र में विश्व कप जीतने वाले सबसे उम्रदराज कोच बन गए। मैच देखने के लिए मेटलाइफ स्टेडियम में करीब 80 हजार दर्शक मौजूद थे, जबकि दुनिया भर में करोड़ों फुटबॉल प्रशंसकों ने इस ऐतिहासिक फाइनल का आनंद लिया।

### एमबाप्पे को लगातार दूसरी बार 'गोल्डन बूट', स्पेन के कप्तान रौड्री को मिला 'गोल्डन बॉल'

फीफा विश्व कप 2026 के बाद घोषित व्यक्तिगत पुरस्कारों में फ्रांस के स्टार स्ट्राइकर कीलियन एमबाप्पे ने लगातार दूसरी बार 'गोल्डन बूट' जीतकर इतिहास रच दिया। वह लगातार दो विश्व कप में यह सम्मान पाने वाले पहले फुटबॉलर बन गए। एमबाप्पे ने टूर्नामेंट में 10 गोल किए और चार गोल में सहयोग दिया। दूसरी ओर, टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का 'गोल्डन बॉल' पुरस्कार अर्जेंटीना के लियोनेल मेस्सी को नहीं, बल्कि स्पेन के कप्तान रौड्री को मिला। रौड्री ने स्पेन को 2010 के बाद दूसरा विश्व कप खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई। 'गोल्डन ग्लव' स्पेन के गोलकीपर युनाइ सिमोन को मिला, जिन्होंने पूरे टूर्नामेंट में केवल एक गोल खाया। सर्वश्रेष्ठ युवा खिलाड़ी का पुरस्कार भी स्पेन के पाउ कुबारासी ने जीता। मेस्सी ने आठ गोल और चार असिस्ट किए, लेकिन फाइनल में गोल नहीं कर सके।

### विश्व चैंपियन स्पेन का आज होगा भव्य स्वागत, मैड्रिड में निकलेगी विजय परेड

**मैड्रिड :** फीफा विश्व कप 2026 जीतने के बाद स्पेन की टीम सोमवार को स्वदेश लौटेगी, जहां उसका भव्य स्वागत किया जाएगा। खिलाड़ियों का पहले शाही महल और प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज स्वागत करेंगे। इसके बाद खुली बस में विजय परेड निकलेगी, जो मोनक्लोआ पैलेस से सिबेल्स स्क्वायर तक जाएगी। फाइनल में अर्जेंटीना को 1-0 से हराने के बाद पूरे मैड्रिड में जश्न का माहौल है। हजारों प्रशंसक सड़कों पर उतर आए और राष्ट्रीय ध्वज के साथ जीत का उत्सव मनाया। स्पेन ने 2010 के बाद दूसरा विश्व कप खिताब जीतकर इतिहास रचा है।

## जब तक खेलूंगा, मेरे इर्द-गिर्द चर्चाओं का शोर जारी रहेगा: रोहित

**लंदन :** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने भविष्य को लेकर जारी अटकलों के बीच भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज रोहित शर्मा ने स्पष्ट किया कि उन्हें इस 'शोर (आलोचना, अफवाहें, अटकलें और लगातार होने वाली चर्चाएं)' की पूरी जानकारी है, लेकिन इससे उन पर कोई फर्क नहीं पड़ता। रोहित ने कहा कि वह जब तक क्रिकेट खेलते रहेंगे, ऐसी चर्चाएं होती रहेंगी और उनका पूरा ध्यान केवल टीम के लिए रन बनाने पर है। इस 39 साल के बल्लेबाज ने लॉर्ड्स में रविवार को 138 रन की शानदार पारी खेली। उनकी यह बेहतरीन पारी भी भारत को 27 रन की हार से नहीं बचा सकी। मैच के बाद रोहित ने अपनी भावनाओं पर संयम बनाए रखा।



एकदिवसीय क्रिकेट में भारत की ओर से शतक लगाने वाले सबसे उम्रदराज क्रिकेटर बने रोहित ने 'बीसीसीआई डॉट टीवी' से कहा, ''जब से मैंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया है, तब से इस तरह की बातें सुनता आ रहा हूं। जब तक मैं खेलता रहूंगा, यह चलता रहेगा। इसलिए इससे मुझे ज्यादा फर्क नहीं पड़ता।'' उन्होंने कहा, ''मेरे लिए सबसे महत्वपूर्ण यह है कि मैं मैदान पर क्या करता हूं और टीम की सफलता में कितना योगदान देता हूं। मेरा पूरा ध्यान उसी पर रहता है। शोर रहने दीजिए, अगर शोर नहीं होगा तो मजा भी नहीं आएगा। मेरा काम मैदान के भीतर है, बाकी लोगों का काम मैदान के बाहर। मैं इसी नजरिए से इसे देखता हूं।''

### चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स: गुकेश को हराकर एरिगैसी संयुक्त बढ़त पर पहुंचे

**चेन्नई :** भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी ने चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स के पांचवें दौर में सोमवार को यहां काले मोहरों से खेलते हुए विश्व चैंपियन डी. गुकेश पर शानदार जीत दर्ज की और संयुक्त रूप से शीर्ष स्थान पर पहुंच गए। टूर्नामेंट में अब केवल दो दौर बाकी हैं। एरिगैसी और फ्रांस के ग्रैंडमास्टर अलीरेजा फिरोजा 3.5-3.5 अंकों के साथ संयुक्त बढ़त पर हैं। वहीं, उज्बेकिस्तान के ग्रैंडमास्टर नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव ने भी काले मोहरों से जीत हासिल कर खिताबी दौड़ में अपनी दावेदारी मजबूत कर ली है। वह तीन अंकों के साथ शीर्ष खिलाड़ियों से केवल आधा अंक पीछे हैं। इस प्रतियोगिता में आठ ग्रैंडमास्टर राउंड-रॉबिन प्रारूप में मुकाबला कर रहे हैं। टूर्नामेंट की कुल पुरस्कार राशि 75 लाख रुपये है और इसमें खिलाड़ियों को महत्वपूर्ण फिडे सर्किट अंक भी हासिल होंगे। चौथे दौर के सभी मुकाबले ड्रॉ रहने के बाद अब्दुसत्तोरोव ने पांचवें दौर में भारतीय ग्रैंडमास्टर निहाल सरीन के खिलाफ काले मोहरों से आक्रामक खेल दिखाया।

## सिंधू करेंगी चीन ओपन में भारतीय अभियान की अगुवाई, सात्विक-चिराग चोट के चलते बाहर

**चांग्झू (चीन) :** जापान ओपन का खिताब जीतकर शानदार लय में लौटी भारत की स्टार शटलर पीवी सिंधू मंगलवार से शुरू हो रहे चीन ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगी लेकिन पुरुष युगल की शीर्ष जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी कंधे की चोट से उबर रहे सात्विक के कारण इस प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लेगी। भारतीय टीम बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर पर पिछले सप्ताह के शानदार प्रदर्शन की लय को बरकरार रखने की कोशिश करेगी। सिंधू लगभग दो वर्ष बाद जापान ओपन का खिताब जीतकर बेहतरीन लय में चीन पहुंची हैं। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू ने जापान ओपन में शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में तीन बार की विश्व चैंपियन जापान की अकाने यामागुची को हराया। उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में अपने सभी मुकाबले सीधे गेमों में जीतकर खिताब अपने नाम किया। सिंधू अपने अभियान की



शुरुआत हमवतन उन्नति हुड्डा के खिलाफ करेंगी। दूसरे दौर में उनका सामना चीन की चौथी वरीयता प्राप्त चेन यू फेई से हो सकता है। महिला एकल में भारत की अन्य खिलाड़ी देविका सिहाग अपने अभियान की शुरुआत थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरुंगफान के खिलाफ करेंगी। पिछले महीने सिंगापुर ओपन सुपर 750 का खिताब जीतने वाले सात्विक और चिराग ने जापान ओपन से भी सात्विक की बार-बार उभर रही कंधे की चोट के कारण नाम वापस ले लिया था। अब दोनों ने विश्व चैंपियनशिप से पहले पूरी तरह फिट होने के उद्देश्य से चीन ओपन नहीं खेलने का फैसला किया है।

## न्यूजीलैंड ने एक विकेट की रोमांचक जीत से श्रृंखला अपने नाम की

**ब्रिजटाउन (बारबाडोस) :** मार्क चैपमैन ने 80 रन बनाए और मिचेल सैंटनर ने निचले क्रम के बल्लेबाजों के साथ अच्छा तालमेल बिठाया जिससे न्यूजीलैंड को रविवार को चौथे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में वेस्टइंडीज पर एक विकेट से रोमांचक जीत दर्ज करके पांच मैचों की श्रृंखला में 3-1 की अजेय बढ़त हासिल कर ली। न्यूजीलैंड को जब तीन रन की जरूरत थी और एक विकेट हाथ में था, तभी सैंटनर को जीवनदान मिला। अंतिम बल्लेबाज जेडन लेनोक्स विकेटकीपर के हाथों कैच आउट और एलबीडब्ल्यू के लिए 'रिव्यू' से बचे। इसके बाद न्यूजीलैंड ने 35 गेंदें शेष रहते वेस्टइंडीज के 188 (सभी आउट) के स्कोर को नौ विकेट खोकर पार कर दिया। न्यूजीलैंड के कप्तान सैंटनर ने 45वें ओवर की पहली गेंद पर विजयी रन बनाया। वह 34 रन बनाकर नाबाद रहे जिससे वेस्टइंडीज की सीरीज बराबर करने की उम्मीदों पर पानी फिर गया। वेस्टइंडीज इस मैच में जीत हासिल करके गैरी सोबर्स को उनके गृह नगर ब्रिजटाउन और केंसिंग्टन ओवल में श्रद्धांजलि अर्पित करना चाहता था। यह वही स्टेडियम है जहां उन्होंने अपने करियर को संवारा और नाम कमाया। सोबर्स का शुक्रवार को 89 वर्ष की उम्र में निधन हो गया था। दोनों टीमों ने उनकी याद में काली पट्टी बांधी और झंडे आधे झुकाए गए। सोबर्स के नाम पर बने पवेलियन में दो सीटें खाली छोड़ दी गईं और खेल शुरू होने से पहले एक मिनट का मौन रखा गया।

## राष्ट्रमंडल खेलों के लिये खिलाड़ियों की तैयारी पर मंत्रालय ने 50 करोड़ से अधिक खर्च किये

**नयी दिल्ली :** खेल मंत्रालय ने ग्लास्गो में इस सप्ताह शुरू हो रहे राष्ट्रमंडल खेलों के लिये भारतीय खिलाड़ियों की तैयारियों पर 53. 09 करोड़ रूपये खर्च किये हैं हालांकि भारत के प्रमुख खेलों के नहीं होने से पदकों की संख्या भले ही अधिक नहीं रहे लेकिन प्रदर्शन में सुधार की उम्मीद जरूर है। 23 जुलाई से शुरू हो रहे इन खेलों में मेजबान द्वारा बजट में कटौती की वजह से दस खेल और छह पैरा खेलों को ही शामिल किया गया है। इसमें निशानेबाजी , हॉकी, कुश्ती, क्रिकेट और बैडमिंटन जैसे खेल नहीं हैं जिनमें भारत को अधिक पदक मिलते हैं। खेलमंत्री मनसुख मांडविया सोमवार की रात ग्लास्गो रवाना हो रहे हैं जहां भारतीय खिलाड़ियों और अधिकारियों से मिलकर उनका उत्साहवर्धन करेंगे। भारत 2030 राष्ट्रमंडल खेलों का मेजबान होने के नाते समापन समारोह में इन खेलों की मेजबानी लेगा। मांडविया पहले ही कह चुके हैं कि भारत में होने वाले खेलों में उन सभी खेलों को रोस्टर में जगह मिलेगी जिनमें पारंपरिक रूप से भारत का प्रदर्शन अच्छा रहा है। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता भालाफेंक स्टार नीरज चोपड़ा की अगुवाई में भारत का 32 सदस्यीय एथलेटिक्स दल इन खेलों में भाग लेगा जिसकी तैयारी पर 20 करोड़ रूपये से अधिक खर्च हुए हैं। इनमें अमेरिका के कोलाराडो में ऊंचाई पर स्थित केंद्र पर प्रशिक्षण, स्विटरलैंड, तुर्की, दक्षिण अफ्रीका में अभ्यास शामिल है।

### हॉकी झारखंड के अध्यक्ष बने हॉकी इंडिया महासचिव भोलानाथ सिंह

**नयी दिल्ली :** विवादों से घिरे हॉकी इंडिया महासचिव भोलानाथ सिंह चौथी बार हॉकी झारखंड के अध्यक्ष बन गए हैं जबकि मनोज कुमार प्रसाद महासचिव के पद पर चुने गए हैं। ये चुनाव रांची में रविवार को हुए। हॉकी इंडिया महानिदेशक आर के श्रीवास्तव ने यहां एक बयान में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, ''हॉकी इंडिया ने वर्ष 2026 . 2030 के लिये 19 जुलाई 2026 को हॉकी झारखंड की कार्यकारी समिति के चुनाव के नतीजे की घोषणा वाला फॉर्म 9 प्राप्त कर लिया है। हॉकी इंडिया हॉकी झारखंड के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देती है।''




**वर्ष 11, पूर्णांक 3659 अंक 125 RNI No WBHIN/2016/66788**, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित। सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in